संसेक्स 71,500.76 ▲ -1,628.02
डॉलर 83.159 ▼ +0.087


तापमान (डिग्री सेल्सियस)
आज का अनुमान

| | अधिकतम | न्यूनतम | (न्यूनतम) |
|---|---|---|---|
| रांची | 24.0 | 10.0 | 18.0 |
| धनबाद | 22.0 | 13.0 | 18.0 |
| जमशेदपुर | 28.0 | 16.0 | 22.0 |
| पलामू | 24.0 | 11.0 | 19.0 |

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते



डालटनगंज (मेदिनीनगर), पौष शुक्ल पक्ष 07, विक्रम संवत 2080 डालटनगंज (मेदिनीनगर), गुरुवार, 18 जनवरी 2024, वर्ष-30, अंक- 93, पृष्ठ-12, मूल्य ₹2.00, रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 www.rastriyanaveenmail.com

संपादकीय रामभद्राचार्य श्रीराम के अद्भुत शिल्पकार व व्याख्याकार ...8
डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित
इमरान हाशमी ने किया खुलासा, आखिर वे...10 देश/विदेश




## व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें हमसे

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों की प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर आज से काम करने लगा है, जिसमें आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में इस नंबर 82925 53444 पर भेज सकते हैं। आपत्तिजनक सामग्री भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर 8292373444 संपर्क करें।

## पलामू सर्राफा

सोना (10 ग्राम) 62,050

चांदी (किलो) 71,710

## एक नजर

### हवाई अड्डे पर रघुवर दास का स्वागत

**रांची।** उड़ीसा के राज्यपाल रघुवर दास के बुधवार को मुंबई से रांची आने पर बिरसा मुंडा हवाई अड्डा पर जोरदार स्वागत किया गया। स्वागत करने वाले में हेमंत दास भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य संजय कुमार जायसवाल, महानगर अध्यक्ष केके गुप्ता, वरुण साहू, रिद्धि राज, रोमित नारायण सिंह, उमेश यादव, शुभम कुमार जायसवाल, संकेत तिवारी, अभिषेक कुमार, संजीव चौधरी, अनीता वर्मा, राम लगन राम, विकास कुमार, रवि नरेंद्र पांडे, सुबोध जयसवाल, रिंकू साहू जॉनी वॉकर खान, ओम प्रकाश उपाध्याय आदि उपस्थित थे।

### धनबाद के 9 कोयला कारोबारियों के 56 ठिकानों पर आयकर छापा, 3 करोड़ कैश बरामद

**धनबाद।** आयकर विभाग की टीम ने बुधवार को कोयलांचल के नौ कोयला कारोबारियों के 56 ठिकानों पर एकसाथ छापेमारी कर सनसनी फैला दी। झारखंड के अलावा बिहार, पश्चिम बंगाल और छत्तीसगढ़ में कई ठिकानों पर छापेमारी की गयी। धनबाद जिले में ही करीब दो दर्जन ठिकानों पर टीम की दबिश देर रात तक जारी रही। इस दौरान टीम ने तीन करोड़ रुपये नगद बरामद किये हैं। कोयला कारोबारी दीपक पोद्दार के वेडलॉक होटल एंड रिजार्ट में छापेमारी में तीन शेष पृष्ठ 11 पर

### ईडी ने कैबिनेट सचिव वंदना दादेल को दिया दो टूक जवाब

# सरकार तय नहीं कर सकती कैसे हो पूछताछ

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** हेमंत सरकार, कैबिनेट सचिव और उनकी पार्टी के प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की लगातार कार्रवाई के खिलाफ आक्रमक प्रो एक्टिव पॉलिसी से टकराव की स्थिति गंभीर होती जा रही है। बुधवार को ईडी ने झारखंड की कैबिनेट सचिव वंदना दादेल को दो टूक जवाब देते हुए पत्र लिखा है। पत्र में ईडी ने कहा है कि मनी लॉन्ड्रिंग मामले में राज्य के किसी भी अधिकारी से जानकारी मांगने और समन जारी करने का कारण पूछने का राज्य सरकार को कोई अधिकार नहीं है। ईडी भ्रष्टाचार से जुड़े मामलों की जांच करता है। इसे जांच के लिए राज्य सरकार की मंजूरी की जरूरत नहीं है। ईडी ने स्पष्ट कर दिया है उसके जांच के तरीके कोई और तय नहीं करेगा। इसी के साथ ईडी ने सरकार के साथ ही कई संगठनों और नेताओं की भ्रांति को दूर कर दिया है। मालूम हो कि इसके पूर्व सोमवार को कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने ईडी पर राज्य सरकार को परेशान करने का आरोप लगाते हुए ढेला मुंगरा का सामना करने को तैयार रहने को कहा था। वहीं मंगलवार को झामुमो के प्रवक्ता व महासचिव सुप्रीयो भट्टाचार्य ने भी ईडी को चेतावनी समझने में देरी करने के गंभीर परिणाम की चेतावनी दी थी। भाजपा ने इसे ईडी को धमकाने और बंगाल से भी बदतर स्थिति पैदा करने की साजिश बताया था।




### कैबिनेट सचिव ने ईडी को लिखा था पत्र

मालूम हो कि इसके पूर्व ईडी की ओर से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को सातवां समन भेजे जाने के बाद 11 जनवरी को कैबिनेट सचिव वंदना दादेल ने ईडी को पत्र लिख कर जानकारी मांगी थी कि वह राज्य के सरकारी अधिकारियों को भेजे गये समन के पीछे के पूरे मामले को स्पष्ट करे। यह बताये कि संबंधित अफसर के विरुद्ध क्या आरोप हैं। एजेंसी को जांच में उनके विरुद्ध कहां-क्या साक्ष्य मिले हैं तथा किस मामले में उनसे पूछताछ की जानी है। राज्य सरकार पूरी जानकारी मिलने के बाद ही सरकारी अधिकारियों को ईडी के सामने भेजने और नहीं भेजने के बिंदु पर निर्णय लेगी। उन्होंने अपने पत्र में लिखा था कि राज्य सरकार की अनुमति के बगैर कोई भी अधिकारी एजेंसी के समक्ष पूछताछ के लिए नहीं जाएंगे। इसी आधार पर पिछले दिनों साहिबगंज के डीसी रामनिवास यादव ईडी दफ्तर नहीं गये थे और मंगलवार को मुख्यमंत्री के प्रेस सलाहकार अभिषेक प्रसाद पिंटू भी ईडी के सामने पेश नहीं हुए थे। शेष पृष्ठ 11 पर

### मुख्यमंत्री पर ईडी की कार्रवाई से नहीं बिगड़ेगा लॉ एंड ऑर्डर : राज्यपाल



**रांची।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने बुधवार को एक कार्यक्रम के बाद पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए कहा कि ईडी अपना काम कर रहा है और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को सही जवाब ईडी को देना है। कोई कानून से ऊपर नहीं है। इसलिए लॉ एंड ऑर्डर बिगड़ने की बात ही नहीं है। राज्यपाल ने एक अन्य सवाल के जवाइ में कहा कि आखिर पब्लिक क्यों गुस्सा होगी? उसे गुस्सा होने की जरूरत क्या है? ऐसा सवाल ही नहीं उठता है। लोकतंत्र में इन सब बातों की कोई जगह नहीं है। धानमंत्री ने भी जांच एजेंसियों को सवालों के जवाब दिये हैं।

### बीस को मुख्यमंत्री का बयान ले सकती है ईडी

कैबिनेट सचिव वंदना दादेल के पत्र के बाद चर्चा शुरू हो गई थी कि अब ईडी का स्टैंड क्या होगा। इसको एजेंसी ने साफ कर दिया है। खास बात है कि लैंड स्कैम मामले में सात समन जारी होने के बाद जब ईडी ने आठवीं बार सीएम को पत्र भेजा तब उन्होंने हामी भरते हुए कहा कि 20 जनवरी को ईडी की टीम उनके आवास पर आकर उनका बयान ले सकती है। सीएम के इस स्टैंड के बाद राजनीतिक गलियारे में कयासों का बाजार गर्म है। वहीं कुछ राजनीतिक दल ईडी को धमकाने का भी प्रयास कर रहे हैं।

# ग्लोबल ट्रेड का बड़ा केंद्र बनने हम समुद्री शक्ति बढ़ा रहे

### प्रधानमंत्री ने केरल में 4 हजार करोड़ की 3 परियोजनाएं राष्ट्र को समर्पित कीं

### इन परियोजनाओं से देश के दक्षिणी क्षेत्र की प्रगति और विकास में तेजी आएगी



**नई दिल्ली/कोच्चि (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को केरल के कोच्चि में 4 हजार करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की तीन प्रमुख निर्माण परियोजनाएं राष्ट्र को समर्पित कीं। उन्होंने कहा कि इन परियोजनाओं से देश के दक्षिणी क्षेत्र की प्रगति और विकास में तेजी आएगी। बुधवार को उद्घाटन की गई परियोजनाओं में कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड (सीएसएल) में न्यू ड्राई डॉक (एनडीडी), सीएसएल की इंटरनेशनल शिप रिपेयर फैसिलिटी (आईएसआरएफ) और पुथुवाइपीन, कोच्चि में इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड के एलपीजी आयात टर्मिनल शामिल हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज जब भारत फिर से ग्लोबल ट्रेड का एक बड़ा केंद्र बन रहा है, तो हम फिर से अपनी समुद्री शक्ति को बढ़ाने में जुटे हैं। पिछले दशक में हुए महत्वपूर्ण सुधारों ने बंदरगाहों, शिपिंग और अंतदेर्शीय जलमार्ग क्षेत्रों में व्यापार करने में आसानी को बढ़ावा दिया है। उन्होंने कहा, बंदरगाह, नौवहन और अंतरदेशीय जलमार्ग के सेक्टर में ईज ऑफ डूइंग बिजनेस बढ़ाने के लिए पिछले 10 वर्षों में केंद्र सरकार द्वारा अनेक सुधार किए गए हैं। इससे बंदरगाहों में अधिक निवेश आया है और ज्यादा रोजगारों का सृजन हुआ है। उन्होंने कहा कि आज समर्पित की गई तीनों परियोजनाओं का उद्देश्य भारत के बंदरगाहों, शिपिंग और जलमार्ग क्षेत्र को बढ़ावा देना है। मोदी ने कहा, आजादी के अमृतकाल में भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में देश के हर राज्य की अपनी भूमिका है। भारत जब समृद्ध था, उस समय वैश्विक जीडीपी में हमारी भागीदारी बहुत बड़ी थी, तब हमारी ताकत हमारे पोर्ट्स और पोर्ट सिटी थे। उन्होंने कहा कि हम भारत को समुद्री शक्ति बनाने के लिए बड़े बंदरगाहों और जहाज निर्माण के लिए बुनियादी ढांचे के निर्माण पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। आज जिन विकास परियोजनाओं का उद्घाटन किया गया है, वे भारत के समुद्री क्षेत्र को मजबूत करने में केरल की भूमिका बढ़ाने में मदद करेंगे।

# डीईओ व कम्प्यूटर ऑपरेटर घूस लेते रंगेहाथ गिरफ़्तार

### भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो झारखंड के रांची से आए धावा दल ने की बड़ी कार्रवाई




**नवीन मेल संवाददाता। गुमला**

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो झारखंड के रांची से आए धावा दल ने बड़ी कार्रवाई को अंजाम देते हुए रिश्वतखोरी के आरोपी गुमला डीईओ सुनील शेखर कुजूर व कम्प्यूटर ऑपरेटर को रंगे हाथ गिरफ़्तार कर लिया। बुधवार दोपहर बाद हुई कार्रवाई में शिक्षा विभाग के डीईओ व कंप्यूटर ऑपरेटर के गिरफ्तारी की खबर ज्यों ही मिली शिक्षा माफियाओं के बीच हड़कंप मच गया। हालांकि एसीबी की टीम ने घटना की बाबत कोई प्रेस ब्रीफिंग नहीं की और ट्रैप के तुरंत बाद अधिकारी व कर्मी को डीईओ के आवास ले गई और वहाँ से जरूरी कागजात बरामद कर दोनों को साथ लेकर रांची चली गई है। इस बाबत जो जानकारी सामने आ रही है उसके मुताबिक माघी विद्यालय, सिसई से जुड़े मामले में अधिकारियों की ओर से एक लाख रुपए की डिमांड हुई थी। पहली किस्त के तौर पर एक लाख रुपये लेते हुए इस मामले में ये ट्रैप की घटना को अंजाम दिया गया है।

बड़ी कुंती कुमारी दोष मुक्त होने के लिए द्वारा एक लाख रुपए की मांग की गई। वादिनी कुंती कुमारी ने आरोप लगाया कि बिना राशि का दोष मुक्त नहीं करना चाह रहे थे, जिला शिक्षा पदाधिकारी मजूर्ण में यह कदम उठाना पड़ा।

### ब्लॉक चेन सिस्टम से बीज वितरण करने वाला पहला राज्य बना झारखंड


**रांची।** कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के सचिव दावा किया कि सीएम हेमंत सोरेन के निर्देश पर हमने बेहतर कार्य किया है। झारखंड पूरे देश में पहला ऐसा प्रदेश है, जिसने बीज वितरण में ब्लॉक चेन प्रणाली लागू की है। हमारे इस प्रयास की पूरे विश्व में चर्चा हुई है। सुखाड़ के बावजूद इस वर्ष 1.30 लाख क्विंटल बीज का वितरण वेब पोर्टल के माध्यम से किया गया है। वहीं, कृषि ऋण माफी योजना के तहत स्टैंडर्ड केसीसी में अब तक आठ लाख ऋणी किसान को शामिल किया गया है। अब तक 4 लाख 62 हजार से ज्यादा किसानों को डीबीटी के माध्यम से 1858.3 करोड़ रुपये का वितरण किया गया है। दूध उत्पादन के क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन करते हुए दूध का संग्रहण 1.5 लाख लीटर प्रतिदिन से बढ़ाकर 2.5 लाख लीटर प्रतिदिन हो गया है जबकि किसानों को तीन रुपये प्रति लीटर प्रोत्साहन राशि के रूप में दी जा रही है।

### प्राण-प्रतिष्ठा के दिन सड़कों पर नहीं होगा कोई आयोजन

# पलामू में एक हजार मंदिरों में एक साथ होगा राम नाम संकीर्तन

अखिलेश चौबे

**मेदिनीनगर।** परम पावन अयोध्या नगरी में 22 जनवरी को रामलला के प्राण-प्रतिष्ठा के दिन पलामू में एक हजार मंदिरों में एक साथ राम नाम का संकीर्तन किया जायेगा। साथ ही इन मंदिरों में अयोध्या से प्राण-प्रतिष्ठा समारोह का लाइव प्रसारण भी किया जायेगा। इस दिन सड़कों पर कोई भी सार्वजनिक आयोजन नहीं किया जायेगा। संपूर्ण जिला राम नाम की अनुगूंज से गुंजायमान रहेगा। इसकी तैयारी एक सप्ताह पूर्व से ही शुरू कर दी गयी है। मंदिर संचालक इस कार्यक्रम को भव्य स्वरूप प्रदान करने में जुटे हैं। सभी मंदिरों में एकसाथ संकीर्तन प्रारंभ किया जायेगा एवं एक साथ ही इसका समापन किया जायेगा। मंदिर संचालकों द्वारा इसके लिये कीर्तन मंडलियों को आमंत्रित किया जा रहा है। मंदिरों की साफ-सफाई का कार्य भी जोरों पर है। कई मंदिरों में तो प्राण-प्रतिष्ठा समारोह के निमित्त रंग-रोगन भी किया जा रहा है। विश्व हिंदू शेष पृष्ठ 11 पर



### हर नाम में राम, हर प्राण में राम, हर श्वास में राम



**मेदिनीनगर।** नाम चतुर्भज पंचयुत, द्विगुण कृत कर्मान, अष्ट वसु से भाग दे, शेष राम मय जान। अर्थात किसी भी नाम के अंकों में चार से गुणा कर पांच जोड़ दें। पुनः दो से गुणा कर आठ से भाग दें तो दो ही आयेगा। अर्थात दो अक्षर का प्यारा नाम राम। हमारे शरीर में राम प्राणवायु के रूप शेष पृष्ठ 11 पर

### 5100 दीपों से जगमग होगा चारधाम व जमुहारी मंदिर परिसर



**हुसैनाबाद।** 22 जनवरी को अयोध्या में रामलला के प्राण-प्रतिष्ठा समारोह के दिन जपला धरहार स्थित चारधाम व उत्तर कोयल नहर स्थित जमुहारी माई छठ घाट परिसर 5100 दीपों से जगमग होगा। साथ ही रामधुन व जागरण का कार्यक्रम भी आयोजित किया जायेगा। उक्त निर्णय भाजपा हुसैनाबाद नगर मंडल के अध्यक्ष अजय प्रसाद गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में लिया गया। वरिष्ठ नेता रामप्रवेश सिंह ने कहा कि पूरा देश आह्लादित है। प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रविंद्र सिंह ने कहा यह गौरव का दिन है।

## इंडिया

# राम मंदिर से लेकर रामचरित मानस पर विवाद और सत्य


सुनील बादल

**अयोध्या** में राम मंदिर अब एक आकार लेकर उन लाखोंझकरोड़ों श्रद्धालुओं के सपने के साकार करने जा रहा है जिनके साथ बहुतों को लगता था कि यह एक असंभव चुनावी मुद्दा है जिसपर राजनीति खेली जाती रहेगी ! जैसे-जैसे 22 जनवरी की तिथि पास आ रही है वैसे-वैसे तुलसी रचित रामचरित मानस की मांग बढ़ती जा रही है और साथ ही राजनीतिक विवाद भी बढ़ते जा रहे हैं कि जब कण-कण में राम हैं तो प्राण प्रतिष्ठा क्यों तो इसका जवाब दिया जा रहा है कि हर मंदिर में मूर्तियों में प्राण डालने की प्रक्रिया होती है । गोस्वामी तुलसीदास द्वारा रचित रामचरितमानस की लोकप्रियता अद्वितीय है, परंतु इस ग्रंथ के किसी न किसी पहलू को लेकर बराबर विवाद भी उठते रहते हैं। रामचरितमानस की भाषा के बारे में विद्वान एकमत नहीं हैं। कोई इसे अवधी मानता है तो कोई भोजपुरी। कुछ लोक मानस की भाषा अवधी और भोजपुरी की मिली जुली भाषा मानते हैं। मानस की भाषा बुंदेली मानने वालों की संख्या भी कम नहीं है। मानस में संस्कृत, फारसी और उर्दू के शब्दों की भरमार है। प्रकाशन विभाग द्वारा सन 1978 में प्रकाशित पुस्तक 'रामायण, महाभारत एंड भागवत राइटर्स के पृष्ठ 110 पर मदन गोपाल ने रामचरितमानस की भाषा में के बारे में लिखते हुए कहा कि तुलसीदास अवधी और ब्रज भाषा में बराबर निष्णात थे। उन्होंने लगभग 90,000 संस्कृत शब्दों को गाँवों में प्रचलित किया, जबकि 40,000 देसी शब्दों को को पढ़े-लिखे लोगों के बीच लोकप्रिय बनाया। तुलसीदास ने अवधी और ब्रज भाषा के मिले-जुले स्वरूप को प्रचलित किया। इसके साथ ही उन्होंने फारसी और अन्य भाषाओं के हजारों शब्दों का प्रयोग किया। तुलसीदास ने संज्ञाओं का प्रयोग क्रिया के रूप में किया तथा क्रियाओं का प्रयोग संज्ञा के रूप में। इस प्रकार के प्रयोगों के उदाहरण बिरले ही मिलते हैं। तुलसीदास ने भाषा को नया स्वरूप दिया। चित्रकूट स्थित अंतरराष्ट्रीय मानस अनुसंधान केन्द्र के प्रमुख रहे स्वामी रामभद्राचार्य ने रामचरितमानस की भाषा के बारे में कई मौलिक प्रश्न उठाए हैं। इन्हीं के आधार पर उन्होंने अपने संशोधनों का औचित्य भी प्रतिपादित किया है। स्वामी जी ने लिखा है कि रामचरितमानस के वर्तमान संस्करणों में कर्तृवाचक उकार शब्दों की




बहुलता है। उन्होंने इसे अवधी भाषा की प्रकृति के विरुद्ध बताया है। इसी प्रकार उन्होंने उकार को कर्मवाचक शब्द का चिन्ह मानना भी अवधी भाषा के विपरीत बताया है। स्वामीजी अनुनासिको को विभक्ति को द्योतक मानने को भी असंगत बताते हैं- 'जब ते राम ब्याहि घर आये। कुछ अपवादों को छोड़कर अनावश्यक उकारांत कर्तृवाचक शब्दों के प्रयोग को स्वामी रामभद्राचार्य ने अवधी भाषा के विरुद्ध बताया है। उनके अनुसार मानस की प्राचीन प्रतियों में उकार और अनुनासिकों का चंद्रबिन्दु नहीं लगा है। जैसे प्रचलित अयोध्या कांड में उकार की बहुलता है, उसी प्रकार अनावश्यक अनुनासिकों की प्रचुरता भी है, जिनकी अवधी भाषा में न तो आवश्यकता है और न ही कोई इनकी अर्थ बोधक भूमिका। स्वामी रामभद्राचार्य इस बात से तो सहमत हैं कि तुलसीदास 'ग्राम्य गिरा' के पक्षधर थे। परन्तु वे जायसी की गँवारू अवधी के पक्षधर नहीं थे। स्वामी रामभद्रचार्य ने 'न्ह' के प्रयोग को भी अनुचित और अनावश्यक बताया है। उनके अनुसार नकार के साथ हकार जोड़ना ब्रज भाषा का प्रयोग है अवधी का नहीं। स्वामीजी के अनुसार मानस की उपलब्ध प्रतियों में तुम के स्थान पर 'तुम्ह' और 'तुम्हहि' शब्दों के जो प्रयोग मिलते हैं वे अनुचित हैं।

उन्होंने लिखा है कि बाँदा तथा बुंदेलखंड में तुम शब्द का ही प्रयोग होता है। पिंगल शास्त्र के अनुसार चौपाई में सोलह-सोलह मात्राओ की चार अर्धालियाँ होनी चाहिए, परन्तु स्वामीजी के अनुसार चौपाई वास्तव में 4 पतियों का छंद है। उन्होंने अपनी बात को सिद्ध करने के लिए हनुमान चालीसा का उदाहरण दिया है, जिसमें केवल 80 अर्धालियाँ हैं। इस संबंध में इतना ही कहना प्रर्याप्त हैं कि बहुत से विद्वान हनुमान चालीसा को रामचरितमानस के रचयिता गोस्वामी तुलसीदास की रचना नहीं मानते हैं। अगर मान भी लिया जाए कि इसकी रचना गोस्वामी तुलसीदास ने ही की होगी, तो भी चालीसा का मतलब 40 चौपाई नहीं है बल्कि 40 पंक्तियाँ भी हो सकती हैं क्योंकि दो अर्धालियों को मिलाकर एक पंक्ति बनती है। अवधी भाषा के संबंध में सबसे प्रामाणिक ग्रंथ डॉ. बाबूराम सक्सेना द्वारा लिखित 'अवधी का विकास माना जाता है। डॉ. बाबूराम सक्सेना विश्वविख्यात भाषाविद थे, वे इलाहाबाद विवि में संस्कृत विभाग के अध्यक्ष रह चुके थे। प्रस्तुत ग्रन्ध उनके डीलिट का शोच प्रबंध है, जो उन्होंने डॉ. ज्यूल ब्लाख और डॉ टर्नर के निर्देशन और मार्गदर्शन में लिखा था। बाँदा जिला के राजापुर में जो अब चित्रकूट जिले में आ गया है और जिसे तुलसीदास का जन्म स्थान माना जाता है, अयोध्या काड की एक हस्तलिखित प्रति उपलब्ध है। ऐसी मान्यता है कि यह गोस्वामी तुलसीदास के हाथ लिखी हुई प्रति है। जो भी हो यह एक प्राचीन प्रति है। इस प्रति में प्रयोग की गई लिपि का विवरण बड़ा दिलचस्प है। बहुत से राम विरोधी ढ़ोल गंवार वाली चौपाई को रामायण का बताकर भी विवाद करते हैं जिसका ताड़ना शब्द के अर्थ में ही उत्तर छिपा है।

## एक नजर

### विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन



**हरिहरगंज।** मेन रोड़ स्थित महावीर मंदिर के सामने द करियर हब क्लासेस में बुधवार को विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान बारहवीं कक्षा के 35 छात्र-छात्राओं को विदाई दी गयी। मुख्य अतिथि विक्टोरिया मेमोरियल पब्लिक स्कूल के प्रधानाध्यापक अजय कुमार सिंह ने विद्यार्थियों को सम्मानित किया। उन्होंने सभी को पूर्ण मनोयोग से अध्ययन करने के लिये प्रेरित किया। इस मौके पर शिक्षक मोहम्मद आहिस्ता मौजूद थे।

### पूर्व सैनिकों ने मनाया सेना दिवस, शहीदों को किया नमन

# देश सेवा के लिये सदैव तत्पर रहें युवा

**सेना दिवस की शुरूआत दीप प्रज्ज्वलित कर भारत माता वंदन एवं शहीद जवानों को पुष्प अर्पित करते हुए वंदे मातरम के साथ की गई**

नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** स्थानीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद कार्यालय में बुधवार को भारतीय सेना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर हुसैनाबाद के विभिन्न स्कूल के छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति कार्यक्रमों की प्रस्तुति की। कार्यक्रम की अध्यक्षता लेफ्टिनेंट प्रेमतोष प्रसाद तथा संचालन पूर्व सैनिक सुधीर कुमार सिंह ने किया। समारोह में मुख्य अतिथि बीडीओ रौशन कुमार तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में आरपीएफ इंस्पेक्टर राकेश रंजन उपस्थित थे। सेना दिवस की शुरूआत दीप प्रज्ज्वलित कर भारत माता वंदन एवं शहीद जवानों को पुष्प अर्पित करते हुए वंदे मातरम के साथ की गई। संगठन संरक्षक कर्नल डॉ. संजय कुमार सिंह ने इस तिथि का महत्व बताते हुये युवाओं को सदैव देश सेवा के लिये तत्पर रहने के लिये प्रेरित किया। अध्यक्ष कैप्टन दुखन सिंह ने कहा कि संस्था केवल पूर्व सैनिकों का ही नहीं बल्कि समाज हर वर्ग के लोगों को पेंशन से जुड़ी समस्याओं का समाधान कर रही है। समारोह में पूर्व डीएसपी रामकिंकर सिन्हा,रामप्रवेश सिंह, लालधन ठाकुर,सीताराम सिंह, आरसी मेहता, सत्येंद्र ठाकुर , अशरफी पाल, यदुनंदन ठाकुर , गौरी शंकर ठाकुर हवलदार प्रसाद सिंह, बिगन चौधरी, लल्लू पासवान, दिलीप मेहता, रामटहल मेहता, वीर नारी प्रेमलता कुंवर, शिवपति कुंवर मौजूद रहीं।



उपस्थित बच्चे

### बिरसा किसान रथ को हरी झंडी दिखाकर किया गया रवाना

# मृदा की जांच, जल प्रबंधन के बताये तरीके

नवीन मेल संवाददाता

**ऊंटारी रोड।** प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में बुधवार को बिरसा किसान रथ के माध्यम से किसानों को विभिन्न कृषि योयनाओं की जानकारी दी गयी। बता दें कि प्रदेश सरकार के चार वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर किसानों के लिए सरकार द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार के लिए बिरसा किसान रथ निकाला गया है। इस रथ के माध्यम से झारखंड सरकार के द्वारा संचालित कृषि व संबद्ध विषयों की सारी योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। रथ के साथ-साथ चल रहे आत्मा के प्रसारकर्मी द्वारा मृदा स्वास्थ्य की जांच, जैविक खेती, जल-प्रबंधन, बीजों के उपचार, कृषि -यांत्रीकरण, किसान क्रेडिट कार्ड का वितरण, झारखंड कृषि ऋण माफी योजना एवं अन्य किसानों उपयोगी जानकारी साझा की गई। उपस्थित किसानों के बीच पम्पलेट वितरण किया गया, जिसमें कृषि, उद्यान,भूमि - संरक्षण, पशुपालन एवं गव्य विकास, मत्स्य एवं सहकारिता विभाग के द्वारा संचालित योजनाओं के विषय में विस्तृत जानकारी सहायक तकनीकी प्रबंधक के द्वारा दी गई है। मौके पर प्रखंड कृषि पदाधिकारी अनुज कुमार पासवान, प्रखंड पशुपालन कार्यकर्ता शर्मीला कुमारी, एटीएम अनिल कुमार मेहता, प्रखंड के प्रधान सहायक उमेश यादव, बीस सूत्री अध्यक्ष अशोक कुमार सिंह, पूर्व बीस सूत्री अध्यक्ष विरेंद्र शर्मा उपस्थित थे।



जागरूकता रथ को रवाना करते अधिकारी

### जल्द निकाली जायेगी निविदा: विधायक

# क्षेत्र की चार सड़कों को मिली प्रशासनिक स्वीकृति

नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** हैदरनगर व हुसैनाबाद प्रखंड की चार ग्रामीण सड़कों के सुदृढ़ीकरण कार्य को मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत प्रशासनिक स्वीकृति मिल गई है। जानकारी देते हुए स्थानीय विधायक कमलेश कुमार सिंह ने बताया कि हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र की एक-एक ग्रामीण सड़कों को दुरुस्त करने का काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि 90 प्रतिशत गांव की सड़क समस्या का निदान कर दिया गया है। छह माह के अंदर 10 प्रतिशत गांव की सड़कों को भी दुरुस्त कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिन सड़को की स्वीकृति मिली है,उसमे हुसैनाबाद के कजरात नावाडीह स्टेशन से शिवा बिधा पीडब्लूडी मेन रोड भाया बहेरा तक, देवरी खुर्द बनकट मोड़ से देवरी स्कूल तक, जपला पथरा पथ बेनीकला यात्री शेड से बंधुबीघा सिरहा होते हुए आरईओ पथ सदाजल तक, पांति सिंघना मेन रोड नीमतर मोड़ से पांति बटाउखाप एवं बटुनाडीह होते हुए मेन रोड तक पथ निर्माण कार्य शामिल है।

### वृद्ध-असहायों के बीच कंबल का वितरण

**हुसैनाबाद।** इन दिनों पड़ रही भीषण ठंड से सभी लोग पूरी तरह से परेशान है। लेकिन सबसे बुरा हाल गरीबों का है। इस विषम परिस्थिति में हुसैनाबाद सदभावना टीम ने शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में दो दर्जन से अधिक वृद्ध,गरीब व असहाय परिवार के लोगों के बीच कंबल का वितरण किया। इस मौके पर टीम के संरक्षक एजाज हुसैन उर्फ छेदी खा ने कहा कि इस साल अन्य वर्ष की अपेक्षा कुछ ज्यादा ही ठंड पड़ रही है। जिससे गरीबों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इसलिए टीम के सभी लोगों को इनकी मदद के लिए आगे आना चाहिए। पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष शशि कुमार ने कहा कि गरीब-असहायों की सेवा सबसे बड़ा पुण्य का कार्य है। मौके पर राज अली, अजय प्रसाद गुप्ता, केदार सिंह, सूर्यनाथ पासवान, इजहार अंसारी , जनक पासवान, इम्तेयाज आलम, मिथुन मौजूद थे।

### जन वितरण प्रणाली दुकान पर चना दाल का वितरण

**ऊंटारी रोड।** प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत जोगा के जन वितरण प्रणाली दुकानदार विजय नारायण सिंह की दुकान पर बुधवार को जोगा पंचायत मुखिया कमला देवी व उपमुखिया रूपेश कुमार सिंह के द्वारा चना दाल का वितरण किया गया। मुखिया ने कहा कि सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओं का लाभ पाना आमजन का हक है। झारखण्ड सरकार अपनी महत्वाकांक्षी योजना के तहत गरीबों को राशन उपलब्ध कराने के साथ-साथ चना दाल उपलब्ध करा रही है। प्रत्येक कार्ड पर एक किलो का बंद पैकेट मात्र एक रुपए में दिया जा रहा है। मौके पर सुनीता देवी, लक्ष्मण चौधरी, बैजनाथ साव, लक्ष्मी देवी, रीना देवी, सूरज कुमार गुप्ता, मोहित कुमार, रुबी देवी, अनिता देवी, राधिका देवी, राकेश कुमार मौजूद थे।

# मंदिरों में साफ-सफाई अभियान का आगाज

नवीन मेल संवाददाता

**पाटन।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर 14 से 22 जनवरी तक तीर्थ स्थलों एवं मंदिरों में स्वच्छता अभियान के अंतर्गत बुधवार को पाटन प्रखण्ड के पंचायत सतौवा में भगवती मंदिर में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा साफ- सफाई अभियान चलाया गया। अभियान का नेतृत्व भाजपा मंडल अध्यक्ष संजय सिंह के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित पाटन विधायक प्रतिनिधि संजय कुमार सिंह, भाजपा कार्यसमिति सदस्य नोलेश सिंह, प्रमोद सिंह, सुधीर शंभू साव उपस्थित रहे। भाजपा मंडल अध्यक्ष संजय सिंह ने सभी को अभियान में जुट जाने के लिये प्रेरित किया।

### मरीजों को ठगने में महिलायें निभा रहीं अहम भूमिका, गरीब परेशान

# फिर से दलालों के चंगुल में मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज व अस्पताल

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज व अस्पताल एवं सदर अस्पताल एक बार फिर से दलालों के चंगुल में फंस चुका है। फिर से महिला और पुरुष दलालों ने यहां अपना डेरा जमा लिया है। जिसकी वजह से आये दिन गरीब मरीज ठगी का शिकार हो रहे हैं। बताते चलें कि कुछ दिनों पहले ही जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन के द्वारा दलालों के प्रति कानूनी कार्रवाई की गई थी। इसके बाद से दलाल सतर्क हो गए थे और अस्पताल के इर्द-गिर्द नजर नहीं आ रहे थे। अभी हाल में फिर से सदर अस्पताल में दलालों ने अपना कब्जा जमा लिया है। इन दलालों के द्वारा निजी क्लीनिक में मरीज को ले जाने और इलाज कराने का सिलसिला रुकने का नाम नहीं ले रहा है। आये दिन सदर अस्पताल में प्रसव के लिए पहुंचने वाले मरीजों को कतिपय महिलाओं द्वारा उन्हें बरगला कर निजी क्लीनिक ले जाया जा रहा है। जहां भारी-भरकम राशि की उगाही की जा रही है। शहर में कई नर्सिंग होम को चलाने में और उन्हें मुनाफा कराने में ये दलाल अपना अहम भूमिका निभा रहे हैं। नर्सिंग होम में खासकर महिला मरीजों को दलाल फंसा कर लाते हैं। इसके बदले संबंधित नर्सिंग होमों से उन्हें मोटी रकम मिलती है। मोटी राशि के लालच में दलालों ने इसे अपना पेशा बना लिया है। बताया जाता है कि इन महिलाओं ने कई अस्पतालों से साठगांठ कर रखी है। सदर अस्पताल पहुंचने वाले मरीजों को वह बहला फुसलाकर निजी अस्पतालों तक ले जाने का काम कर रही हैं। लोगों ने जिला प्रशासन व स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराते हुये इस संबंध में तत्काल आवश्यक कदम उठाये जाने की मांग की है।




#### पर्ची काउंटर के इर्द-गिर्द रहता है डेरा

बताया जाता है कि प्रतिदिन सुबह 10 बजते ही महिला एजेंट सदर अस्पताल पहुंच कर पर्ची काउंटर के पास खड़ी हो जाती हैं। जैसे ही मरीज पर्ची कटाकर वहां से निकलता है। ये उसे अच्छा व सस्ता इलाज व जांच की बात कहकर अपने झांसे में लेना शुरू कर देती हैं। एक बार शिकंजे में फंसने के बाद मरीज पूरी तरह तबाह हो जाता है।

### गर्म कपड़े व मेधावी छात्रों को दिया गया प्रशस्तिपत्र



**विश्रामपुर।** आत्मानंद चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा रेहला में समाजसेवी आत्मानंद चौबे की चौथी पुण्यतिथि श्रद्धापूर्वक मनायी गयी। इस अवसर पर आयोजित सभा के प्रारंभ में अतिथियों ने स्व. चौबे की तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। सभा की अध्यक्षता रणजीत चौबे उर्फ मुनमुन तथा संचालन सतीश चौबे उर्फ बालाजी चौबे ने किया। इस दौरान अभाव ग्रस्त लोगों के बीच पांच सौ कंबल वितरित किया गया। वहीं उनकी स्मृति में केतात स्तरोन्नत हाई स्कूल व घोरडीहा स्कूल के टॉपर छात्रों को मेघा छात्रवृत्ति दी गयी। इस दौरान उनकी स्मृति में मेडिकल कैम्प लगाने व खेल प्रतियोगिता आयोजित करने की भी घोषणा की गयी। मौके पर गढ़वा डीआरडीए के पदाधिकारी दिनेश सोरेन, पुलिस इंस्पेक्टर प्रियंका आनंद, रेहला थानाप्रभारी नेमधारी रजक, भाजपा नेता विभाकर नारायण पांडेय,सांसद प्रतिनिधि अनुज कुमार पांडेय,समाजसेवी रणजीत सिंह,डॉ. डीपी शुक्ला,कांग्रेस नेत्री पूर्णिमा पांडेय,पूर्व विस प्रत्याशी कृष्ण कुमार मिश्रा उर्फ दाऊ मिश्रा,मिथिलेश पांडेय,शिक्षक नेता प्रद्युम्न सिंह उर्फ सिंटू सिंह,कांग्रेस के वरीय जिला उपाध्यक्ष संतोष कुमार चौबे,सेवानिवृत्त बीईईओ सत्येंद्र चौबे,विनय चौबे, मार्कण्डेय चौबे, गामा चौबे,प्रो. चंद्रप्रकाश चौबे,राजेश चौबे, बबलू चौबे,संजीव चौबे,पूर्व प्रमुख संतोष चौबे मौजूद थे। भंडारे में सैकड़ों लोगो ने प्रसाद ग्रहण किया।

### सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मना सहिया दिवस

**पाटन।** स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बुधवार को सहिया दिवस मनाया गया। मौके पर प्रखंड के सभी सहिया उपस्थित रही। प्रभारी चिकित्सा श्रवण कुमार मेहता, बीपीएम शशिकांत कुमार, बीडीएम सरिता कुमारी, बाम जितेंद्र कुमार के द्वारा सभी सहिया दीदी को बताया गया कि ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को सही समय पर टीकाकरण कराना, मलेरिया से संबंधित जांच कराना, आयुष्मान कार्ड, गर्भवती महिलाओं की डिलीवरी, फाइलेरिया से संबंधित चीजों को समुचित तरीके से करने की सलाह दी।

### घरेलू विवाद में युवक ने लगाई फांसी, गंभीर

**हुसैनाबाद।** अनुमंडल क्षेत्र के मोहम्मदगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत मोहम्मदगंज निवासी मोहन दास के 22 वर्षीय पुत्र रोहित कुमार बुधवार को फांसी के फंदे पर झूल गया। संयोग अच्छा था कि तुरंत परिजनों की नजर उस पर पड़ गयी। आनन-फानन में उसे नीचे उतारकर चिकित्सालय ले जाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे मेदिनीनगर रेफर कर दिया गया। घटना का कारण घरेलू विवाद बताया जा रहा है।

### भाजपा नेता को मातृ शोक, प्रतिनिधियों ने दी श्रद्धांजलि

**हुसैनाबाद।** प्रखंड के लांगरकोट गांव निवासी भाजपा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सह त्रिपुरा राज्य किसान मोर्चा के प्रभारी अशोक सिंह की माता नैनवास कुंवर 85 वर्ष का मंगलवार की देर रात नई दिल्ली के एम्स में निधन हो गया। वह पिछले कई दिनों से अस्वस्थ चल रहीं थीं। उनके निधन की खबर मिलते ही राजनीतिक दलों और सामाजिक कार्यकर्ताओ में शोक की लहर दौड़ पड़ी। उनका अंतिम संस्कार बुधवार को नोएडा के यमुना नदी स्थित शमशान घाट पर किया गया। इस मौके पर समाजसेवी रणधीर कुमार सिंह, संजय सिंह, प्रिंस कुमार सिंह शामिल थे। वहीं इनके निधन पर पलामू सांसद बीडी राम, भाजपा जिला अध्यक्ष विजयानंद पाठक, शिवधारी राम, स्थानीय विधायक कमलेश कुमार सिंह, पूर्व विधायक संजय सिंह यादव, ज़िप उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह ऊर्फ टूटू सिंह, वरिष्ठ नेता कामेश्वर कुशवाहा, रविंद्र कुमार सिंह, प्रभात कुमार सिंह ऊर्फ मुन्नू सिंह, कर्नल संजय सिंह, विनोद कुमार सिंह,रामप्रवेश सिंह, संतोष सिंह, बीएचयू के पूर्व छात्र संघ के अध्यक्ष सह भाजपा नेता विरेंद्र सिंह, संतोष गुप्ता, मंडल अध्यक्ष रामराज मेहता, अजय प्रसाद गुप्ता, हैदरनगर मुखिया संतोष सिंह डॉ. अजय जायसवाल, जेएमएम के वरिष्ठ नेता एजाज हुसैन उर्फ छेदी खान, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता धनंजय कुमार तिवारी, कुश कुमार सिंह, हसनैन जैदी, बसपा के शेर अली, मनोज शर्मा आदि ने श्रद्धासुमन अर्पित किया है।


## नाम परिवर्तन

मैं, अरविन्द राम, पिता-स्व. मनदीप राम, ग्राम-पथरही, पो.+थाना- लेस्लीगंज, जिला- पलामू, झारखण्ड का निवासी हूं। मैं शपथ पूर्वक घोषणा करता हूं कि मेरी पुत्री का पुकारू नाम राजनन्दनी कुमारी है। लेकिन मेरी पुत्री के सारे दस्तावेज में अदिति चंद्रा अंकित है। जबकि राजनन्दनी कुमारी और अदिति चंद्रा एक ही लड़की का नाम है। मेरी पुत्री का नाम आधार कार्ड में अदिति चंद्रा अंकित है जो सही है। मेरी पुत्री अदिति चंद्रा के नाम से जानी एवं पहचानी जाती है।

**शपथ पत्र संख्या : 14, दिनांक-16/01/2024**



## पुलिस अधीक्षक का कार्यालय गढ़वा

**आवश्यक सूचना**

**(चोरी गयी मोटरसाईकिल एच.एफ.डिलक्स)**

गढ़वा थाना कांड सं0–458/23 दिनांक–05.10.2023 धारा–379 भा0द0वि0 के कांड में चोरी गयी मोटरसाईकिल एच.एफ. डिलक्स जिसका रजि0 न0– CG04NC-5294, इंजन नं0–HA11EXL4B04614 एवं चेचिस नं0– MBLHAW102L4B04278 को दिनांक–05.10.2023 को समय करीब 07:00 बजे सुबह में बाजार समिति गढ़वा से अज्ञात चोरों के द्वारा चोरी कर लिया गया है। जिसकी बरामदगी अबतक नहीं हो पाई है। अतः आम जनता से अनुरोध है कि उक्त चोरी गयी मोटरसाईकिल के बारे में किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की सूचना प्राप्त हो, तो पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय) गढ़वा के मो0नं0–9431706284 अथवा पुलिस अधीक्षक, गढ़वा के मो0नं0–9431706281 पर सूचित करने का कष्ट करेंगे।

निवेदक,
पुलिस अधीक्षक, गढ़वा

PR 316282 Police(23-24)#D



## पुलिस अधीक्षक का कार्यालय गढ़वा।

आवश्यक सूचना।

(चोरी गयी मोटरसाईकिल PASSION PRO)

गढ़वा थाना कांड सं0–524/23 दिनांक–03.11.2023 धारा–379 भा0द0वि0 के कांड में चोरी गयी मोटरसाईकिल PASSION PRO जिसका रजि0 न0–JH01BS-9463, इंजन नं0–HA1DETFGE02149 एवं चेचिस नं0– MBLHA10BLFGE00767 को दिनांक–03.11.2023 समय 07:00 बजे रात्री में अहमद खान सा0–उंचरी, थाना+जिला–गढ़वा के घर के पास से अज्ञात चोरों के द्वारा चोरी कर लिया गया है। जिसकी बरामदगी अबतक नहीं हो पाई है। अतः आम जनता से अनुरोध है कि उक्त चोरी गयी मोटरसाईकिल के बारे में किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की सूचना प्राप्त हो, तो पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय) गढ़वा के मो0नं0–9431706284 अथवा पुलिस अधीक्षक, गढ़वा के मो0नं0–9431706281 पर सूचित करने का कष्ट करेंगे।

निवेदक,
पुलिस अधीक्षक,गढ़वा।

PR 316278 Police(23-24)D



## पुलिस अधीक्षक का कार्यालय गढ़वा

आवश्यक सूचना।

(चोरी गयी मोटरसाईकिल हिरो स्पलेण्डर)

गढ़वा थाना कांड सं0–519/23 दिनांक–31.10.2023 धारा–379 भा0द0वि0 के कांड में चोरी गयी मोटरसाईकिल हिरो स्पलेण्डर जिसका रजि0 न0– JH14J4443, इंजन नं0– HA11EYMHG53393 एवं चेचिस नं0– MBLHAW122MHG47643 को दिनांक– 31.10.2023 को समय करीब 11:00–12:00 बजे दोपहर में गढ़वा कचहरी मेन रोड के बगल से अज्ञात चोरों के द्वारा चोरी कर लिया गया है। जिसकी बरामदगी अबतक नहीं हो पाई है। अतः आम जनता से अनुरोध है कि उक्त चोरी गयी मोटरसाईकिल के बारे में किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की सूचना प्राप्त हो, तो पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय) गढ़वा के मो0नं0– 9431706284 अथवा पुलिस अधीक्षक, गढ़वा के मो0नं0–9431706281 पर सूचित करने का कष्ट करेंगे।

निवेदक,
पुलिस अधीक्षक, गढ़वा।

PR.NO.316280 Police(23-24):D



## NETARHAT RESIDENTIAL SCHOOL
### NETARHAT
(An autonomous Institution under School Education & Literacy Dept. Govt. of Jharkhand)

Letter No. - 134 Date:12.01.2024

**EXPRESSION OF INTEREST IS INVITED FOR RENOVATION OF SCHOOL GUEST HOUSE.**

Netarhat Vidyalaya, a fully residential boys' senior secondary school is located 165 km. from Ranchi on top of beautiful Netarhat plateau at a height of about 3000 ft. It is under Latehar district of Jharkhand state. This being a premier government educational institution the state government has granted it an autonomous status since 2009 and is now being administered by 'Netarhat Vidyalaya Samiti', registered under the Societies Registration Act, 1860. However, state government's budgetary support to it continues as before.

Expression of Interest is invited from eligible firms for interior/ renovation work of school guest house. The interested firms may visit the school guest house from 22 January 2024 to 23 January 2024 to know the present status of guest house. A Pre-bid meeting regarding this is also planned on 24 January 2024 to discuss about the necessary things to be done while furnishings the school guest house. Based on the final discussion held during the meeting the Interested parties may submit their expression of interest super scribing "EOI for Renovation of Guest House" separately for technical & financial bids to the under signed on or before 29th January, 2024 up to 2p.m. The tender document will be opened on same date at 03.00 P.M. in the office chamber of the undersigned. The tenderer may be present at the time of opening of the bid.

The undersigned shall have the right of rejecting all or any of the proposals without assigning any reasons thereof.

Sd/-
Principal
Netarhat Residential School
Netarhat

PR 316254 Human Resource Developement (23-24)_D



## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लातेहार।

अति अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना

संख्या – EE/RDSD/LATEHAR/19/2023-24

1.कार्य की विस्तृत विवरणी:

| क्र०सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड बरवाडीह पंचायत केड़ ग्राम गाड़ी में पी0सी0सी0 पथ से बगईटोला तक 600 मी0 पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 2974600 | 59500 | 5000 | 3 माह |
| 2 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड बरवाडीह पंचायत चुगरू ग्राम हेहेगड़ा में सरयु भुईया के घर से रेलवे पुल होते हुए भुईयाटोला तक 1890 मी0 पी0सी0सी0 पथ एवं 02 अदद हयुम पाईप कलभर्ट सहित 20 मी0 गाईवाल का निर्माण। | 9849300 | 197000 | 10000 | 3 माह |
| 3 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड बरवाडीह पंचायत केड़ ग्राम गाड़ी में आर0सी0डी0 पथ गाड़ी गांव यात्री शेड़ से लुकुमखाड़ तक 700 मी0 पी0सी0सी0 पथ एवं 30 मी0 गार्डवाल का निर्माण कार्य। | 4064000 | 81300 | 5000 | 3 माह |
| 4 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड लातेहार पंचायत धनकारा ग्राम धनकारा में पतराटोली सहावीर उरांव के घर से चिन्ता उरांव के घर तक 1732 फीट पी0सी0सी0 पथ निर्माण कार्य। | 2497735 | 50000 | 5000 | 3 माह |
| 5 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड महुआडांड़ के पंचायत परहाटोली ग्राम परहाटोली पथ से टुनटोली मिशन होते हुए नदी तक 1960 मी0 पी0सी0सी0 पथ सहित 04 अदद हयुम पाईप कलभर्ट का निर्माण। | 9865900 | 197400 | 10000 | 3 माह |
| 6 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड गारू पंचायत मायापुर ग्राम मायापुर में जहीर मिंया के घर से जामुन टाड़ तक 1600 मी0 पी0सी0सी0 पथ सहित 02 अदद हयुम पाईप कलभर्ट एवं 01 अदद छल्का पुलिया निर्माण कार्य। | 6950200 | 139100 | 10000 | 3 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 24.01.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 24.01.2024 से दिनांक 31.01.2024 को अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय –02.02.2024 अपराह्न 2:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 06565796434
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लातेहार।

PR 316255 Rural Development(23-24)D





## सुप्रभात पलामू



पलामू वासियों को नमस्कार व नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय के 15वें स्थापना दिवस की ढेरों शुभकामनायें। जिले में शैक्षिक उन्नयन की जलायें ज्योति।

**डॉ. मृत्युंजय कुमार, कुलसचिव एनपीयू मेदिनीनगर।**

## धूमधाम से मना नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय का 15वां स्थापना दिवस

# युवाओं के कौशल विकास पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता: गुरुसामी



कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि व अन्य



नृत्य प्रस्तुत करती छात्रा



स्वागत करतीं छात्रायें

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** यद्यपि भारत ने विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने का सपना साकार कर लिया है। तब भी मानव विकास सूचकांक में भारत शीर्ष 100 देशों में शामिल नहीं है। इसका कारण यहां के युवाओं में कौशल विकास की कमी है। जिसे विकसित करने पर ध्यान देने की आवश्यकता है। बुधवार को आयोजित पलामू प्रमंडल के एकमात्र राजकीय विश्वविद्यालय एनपीयू के 15वें स्थापना दिवस समारोह में बतौर मुख्य अतिथि मौजूद झारखंड के राज्यपाल सह कुलाधिपति के शैक्षणिक सलाहकार प्रो. इ बाला गुरुसामी ने ये बातें कहीं। राज्यपाल के विशेष कार्य पदाधिकारी डा. संजीव राय ने कहा कि विश्वविद्यालय को दूरदराज के विद्यार्थियों के प्रति संवेदनशील होना चाहिये। विश्वविद्यालय में वह क्षमता है, जो छात्र-छात्राओं को शिक्षित करने के अलावे उन्हें पूरी दुनिया से जोड़ता है। झारखंड उच्च न्यायालय के वरीय अधिवक्ता तथा पूर्व अतिरिक्त महाधिवक्ता मनोज टंडन ने कहा कि विश्वविद्यालय को सतत गुणात्मक शिक्षा प्रदान करने के लिये प्रयास करना चाहिये। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कुलपति डा. तपन कुमार शांडिल्य ने नवीन शिक्षा नीति पर प्रकाश डालते हुये इसे युवाओं के लिये हितकारी बताया। इस दौरान मुख्य अतिथि ने विश्वविद्यालय की स्मारिका एवं डा. आर.के. झा द्वारा लिखित भौतिक शास्त्र की पुस्तक का विमोचन भी किया। मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथियों द्वारा संयुक्त रूप से लोकार्पण किया गया। स्वागत भाषण सीसीडीसी डा. एके पांडेय एवं मंच संचालन वाईएसएनएम कॉलेज की सहायक प्राध्यापक डा. मशरीक जहां व डा. दीपक पांडेय ने किया। मौके पर डीएसडब्लू डा. अम्बालिका प्रसाद, वाणिज्य के संकायाध्यक्ष सह जीएलए कॉलेज के प्राचार्य डा. आईजे खलखो, मानविकी के संकायाध्यक्ष सह एसएसजेएसएन कॉलेज के प्राचार्य डा. विनोद पाठक, कुलानुशासक डा. केसी झा, वित्त पदाधिकारी डा. आरके झा, सहायक कुलसचिव रजि खान उपस्थित थे। मुख्य अतिथि द्वारा प्रोग्राम ऑफिसर लीना कुमारी व राजेश कुमार सिंह, एनएसएस कैडेट्स अभिषेक कुमार, श्रेया झा, दीप्ती कुमारी व अंजलि कुमारी सहित विश्वविद्यालय के सेवानिवृत्त प्राध्यापक सुभाष चन्द्र मिश्रा एवं प्रो. डीएस श्रीवास्तव सहित डा. दिनेश चन्द्र दुबे, डा. नरेन्द्र कुमार सिंह, विजय राम आदि को सम्मानित किया। इस दौरान विवि के छात्र-छात्राओं द्वारा मनोहारी सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति की गयी।

### विवि में नवीन शिक्षा नीति लागू : कुलसचिव

एनपीयू के कुलसचिव डा. मृत्युंजय कुमार ने समारोह के दौरान वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुये विकास कार्यों का ब्योरा प्रदान किया। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय में स्नातक पाठ्यक्रम में एनईपी-2020 को लागू कर दिया गया है। शीघ्र ही स्नातकोत्तर स्तर पर भी इसे लागू कर दिया जायेगा। उन्होंने बताया कि भारत सरकार के शिक्षा विभाग मंत्रालय द्वारा पोषित ई-सामर्थ को भी विश्वविद्यालय में लागू कर दिया गया है।

## एससी-एसटी संघर्ष मोर्चा ने मनाया स्थापना दिवस

**मेदिनीनगर।** अनुसूचित जाति-जनजाति छात्र संघर्ष मोर्चा के जिला कार्यालय में नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय का 15 वां स्थापना दिवस मनाई गई। कार्यक्रम कि अध्यक्षता मोर्चा अध्यक्ष उदय राम ने व संचालन संजय कुमार ने किया। शहीद नीलांबर-पीतांबर और मां सरस्वती की तस्वीर पर फूल माला चढ़ा कर कार्यक्रम कि शुरूआत की गई। इस अवसर पर अरविंद कुमार, राकेश कुमार, यशवंत कुमार, अंशु कुमार, रंजीत कुमार, नागेंद्र राम, उदेश राम, कुंदन कुमार, शिव राम, राकेश कुमार, दीपक कुमार थे। प्रदीप राम ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

## एमएमसीएच में पैरामेडिकल की पढ़ाई शुरू

**मेदिनीनगर।** मेदिनी राय मेडिकल कॉलेज में इस वर्ष से पैरामेडिकल की पढ़ाई शुरू हो गई है। यह जानकारी एमएमसीएच के प्राचार्य डॉ. कर्मेंद्र प्रसाद ने दी। प्राचार्य ने बताया अभी दो वर्षीय सत्र के लिये कक्षायें शुरू की जा रही हैं। सत्र 2023-25 के लिये राजकीय पैरामेडिकल संस्थान में कुल 49 सीट हैं। अभी तक निर्धारित सीटों के सापेक्ष अंतिम तिथि तक 29 नामांकन हो पाये हैं। 20 सीटें खाली रह गयी हैं। नामांकित विद्यार्थियों में 13 छात्रायें व 16 छात्र हैं। एक्स-रे सहायक, ऑपरेशन थिएटर सहायक, आंख विभाग के सहायक और भिन्न-भिन्न मेडिकल प्रयोगशालाओं के सहायक के कोर्स हैं। शुल्क के बारे में प्राचार्य ने बताया के सामान्य और ओबीसी जाति के लड़कों के लिए दो वर्षों की फीस 8520 एवं अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति लड़कों के लिए रु. 6520 है।

## टेंपो पलटने से छह घायल, दो गंभीर

**मेदिनीनगर।** छतरपुर थाना क्षेत्र में मंगलवार को एक टेंपो अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में टेंपो पर सवार छह व्यक्ति घायल हो गये। इनमें से दो की स्थिति गंभीर बताई जा रही है। घटना के बारे में नावा बजार थाना क्षेत्र के ग्राम कंडा निवासी घायल मेघनाथ पासवान ने बताया कि मंगलवार की सुबह करीब 11:00 बजे वह अपने गांव के पांच-छह व्यक्तियों के साथ टेम्पो से छतरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम खैरादोहर शादी के लिये लड़का देखने जा रहे थे।

## एक नजर

### स्वास्थ्य जांच शिविर 20 को

**मेदिनीनगर।** सैमफोर्ड सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल कोकर चौक रांची एवं ग्रासिम इंडस्ट्रीज लिमिटेड केमिकल डिवीजन रेहला पलामू के संयुक्त तत्वावधान में 20 जनवरी को ग्रासिम परिसर के आदित्य हास्पिटल में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया जायेगा। सैमफोर्ड हॉस्पिटल के मैनेजर अमित चंदेल ने बताया कि दोपहर 12:00 बजे से आयोजित शिविर में हॉस्पिटल के सुप्रसिद्ध मस्तिष्क एव तंत्रिका रोग विशेषज्ञ डॉक्टर अरुण कुमार एवं हड्डी, घुटना प्रत्यारोपण रोग विशेषज्ञ डॉक्टर रोहित कुमार रूंगटा उपस्थित रहेंगे। ब्रेन ट्यूमर, ब्रेन हैमरेज, नसों का सूनापन, हाथ-पैर मे झुनझुनी, लकवा, माइग्रेन, सिर दर्द , मिर्गी, स्पाइन, रीढ़ की सर्जरी सहित घुटना में दर्द या उठने-बैठने की समस्या, अर्थराइटिस, चोट के कारण दर्द, घुटना का कार्टिलेज घिसने से घुटना खराब हो जाना, नी-रिप्लेसमेंट, हड्डी और घुटना से जुड़े सभी प्रकार के मरीज संपर्क कर सकते हैं।

### सेम्फोर्ड हॉस्पिटल के सीईओ ने किया स्वागत

**मेदिनीनगर।** रांची स्थित सेम्फोर्ड हॉस्पिटल के सीईओ धनंजय ओझा ने किडनी रोग विशेषज्ञ डॉक्टर घनश्याम सिंह की हॉस्पिटल में पुनः वापसी और बेहतर कार्य के लिए बुके देकर स्वागत किया। बताते चले की डॉक्टर घनश्याम दो वर्ष पहले सैमफोर्ड हॉस्पिटल को छोड़कर किसी दूसरे अस्पताल में चले गए थे। उनके चले जाने के बाद सैमफोर्ड हॉस्पिटल में इलाज के लिए आने वाले मरीजों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। इसे देखते हुए फिर से उन्होंने अपना योगदान देना शुरू कर दिया है।

### एमएमसीएच में एसी का कापर पाइप चोरी

**मेदिनीनगर।** मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल से इन दिनों चोरों का आतंक बढ़ गया है। चोरों ने अस्पताल में लगे एसी का कॉपर पाइप चुरा लिया। अस्पताल के मैनेजर की सूचना पर टीओपी वन टाइगर मोबाइल के जवान शारीक इरशाद ने बुधवार को सदर अस्पताल पहुंचकर मौका मुआयना किया।

### अधिवक्ता संघ के प्रभारी अध्यक्ष ने अनुशासनात्मक कार्रवाई की मांग की

# आमसभा की बैठक अवैध: प्रभारी अध्यक्ष



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पूरे झारखंड में चर्चा का केंद्र बन चुके पलामू जिला अधिवक्ता संघ चुनाव का मामला लगातार तूल पकड़ता जा रहा है। इस संबंध में जिला अधिवक्ता संघ के प्रभारी अध्यक्ष रामदेव प्रसाद यादव ने बुधवार को प्रेस वार्ता कर मंगलवार को हुई आमसभा की बैठक को अवैध करार दिया है। उन्होंने झारखंड राज्य विधिक परिषद के चेयरमैन का ध्यान आकृष्ट कराते हुये आमसभा कराने के मामले को अनुशासन समिति के पास भेजते हुये अनुशासनात्मक कार्रवाई की मांग की है। श्री यादव ने कहा कि 15 जनवरी को स्टेट बार काउंसिल के सचिव द्वारा चुनाव समिति को पत्र प्रेषित कर जिला प्रशासन व पर्यवेक्षकों के साथ समन्वय बनाते हुये लंबित चुनावी प्रक्रिया को आगे बढ़ाने का निर्देश दिया है। दूसरी तरफ तमाम विधिक प्रावधानों को ताक पर रखकर 16 जनवरी को आमसभा की बैठक की जाती है। जब कि माडर्न रूल में स्पष्ट है कि विशेष परिस्थिति में प्रभारी अध्यक्ष की उपस्थिति में ही आमसभा की आपात बैठक की जा सकती है। उसके लिये प्रस्ताव पर दो-तिहाई अधिवक्ताओं का हस्ताक्षर होना आवश्यक है। इस तरह संघ के 526 सदस्यों में से 315 सदस्यों के अनुमोदन के बाद ही आमसभा की बैठक की जा सकती है। ऐसे में कोरम पूरा किये बिना आमसभा बुलाना ही गैरकानूनी है। यह राज्य विधिज्ञ परिषद की अवमानना भी है।

### इप्टा के मुकेश चंद्र का निधन

**मेदिनीनगर।** इप्टा पलामू के वरिष्ठ कर्मी मुकेश चंद्र वर्मा उर्फ मिंटू वर्मा का हृदय गति रुक जाने के कारण बुधवार की सुबह पांच बजे निधन हो गया। मंगलवार की रात को हृदयाघात का दौरा आने के बाद उन्हें इलाज के लिए मेदिनीनगर स्थित नारायणी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उनका इलाज डॉक्टर राहुल कर रहे थे। मिंटू वर्मा ने बुधवार की सुबह 5:00 बजे अंतिम सांस ली।

## काजल का चयन खेलो इंडिया यूथ फेस्टिवल में



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** तमिलनाडु के मदुरई में भारत सरकार द्वारा आयोजित खेलो इंडिया यूथ फेस्टिवल-2024 में स्थानीय द कराटे एकेडमी की छात्रा काजल कुमारी का चयन होने से क्षेत्र में हर्ष व्याप्त है। काजल गतका की नेशनल खिलाड़ी हैं। वह आसाम में गतका फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीत चुकी है। पलामू डीआईजी आफिस में तैनात काजल के पिता ओमप्रकाश कुमार सीआरपीएफ में हैं। काजल ने कहा कि उनका सपना ओलंपिक में भारत के लिए स्वर्ण पदक जीतने का है। द कराटे एकेडमी के निदेशक सुमित बर्मन ने कहा की हर वर्ष हमारे संस्थान से खेलो इंडिया के लिए खिलाड़ियों का चयन होता है। काजल डालटनगंज रेलवे स्टेशन से अपने पिता के साथ मदुरई के लिए रवाना हुईं।

### भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष ने जताया रोष, सुधार की मांग

# नाली का प्रदूषित पानी पीने को विवश नागरिक




**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष परशुराम ओझा ने रोष जताते हुये कहा कि कोयल नदी में नाले के निरंतर प्रवाह से नदी का पानी पूरी तरह प्रदूषित हो गया है। नदी में पानी नहीं रहने के कारण नागरिक नाली का ही गंदा पानी पीने को विवश हैं। नगर निगम के बेलवा टिकर स्थित पंपू कल से पिछले चार दिनों से लगातार बदबूदार पानी की आपूर्ति हो रही है। पीएचईडी विभाग द्वारा इस दिशा में कोई पहल नहीं किये जाने से समस्या अत्यंत वीभत्स होती जा रही है। इससे शहर में संक्रामक बीमारियों के प्रसार का भी गंभीर खतरा उत्पन्न हो गया है। फिल्टर प्लांट की जगह सीधे जलापूर्ति की जा रही है। साथ ही चूना, फिटकरी ,ब्लीचिंग पाउडर आदि भी बहुत मिलाया जाता है। उन्होंने नगर निगम के अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराते हुये इस संबंध में तत्काल आवश्यक कदम उठाये जाने की मांग की है।


## आवश्यकता है

1994 से प्रकाशित आइपीआरडी और डीएवीपी से मान्यताप्राप्त प्रतिष्ठित दैनिक '**राष्ट्रीय नवीन मेल**' को अपने रांची और डाल्टनगंज संस्करण के लिए उत्साही और ऊर्जावान चीफ रिपोर्टर, समाचार संपादक, पेजिनेटर/सब एडिटर, मार्केटिंग कार्यकारी और प्रखंड स्तर से लेकर ब्यूरो स्तर के रिपोर्टर की आवश्यकता है। ससमय उचित पारिश्रमिक और अन्य सुविधाएं। शैक्षणिक योग्यता, अनुभव, स्थान और मानदेय की मांग के विवरण के साथ शीघ्रातिशीघ्र आवेदन करें। पत्राचार पूर्णतः गोपनीय रहेगा। hr.rnmail@gmail.com या प्रधान संपादक 'राष्ट्रीय नवीन मेल', 502 बी, मंगलमूर्ति हाइट्स, विशाल मेगामार्ट के पास हरमू रोड रांची 834001 (झारखंड)।





## एक नजर

### बीडीओ ने निश्चित किया झंडोत्तोलान का समय

**रमना।** प्रखंड कार्यालय में बुधवार को 75वां गणतंत्र दिवस झंडोत्तोलान कार्यक्रम कि समय सारणी को लेकर प्रखंड सभागार में बैठक की गयी, जिसमें सर्व सम्मती से सरकारी संस्थानों में झंडोत्तोलान कार्यक्रम का समय निर्धारित किया गया। तत्पश्चात प्रखंड विकास पदाधिकारी के, आदेशानुसार गणतन्त्र दिवस झंडोत्तोलान का समय प्रखंड कार्यालय में 9:05, थाना परिसर में 9:25, बिआरसी में 9:30, राज्यकीय मध्य विद्यालय सिलिदाग-1 में 9:35, बालिका उच्च विद्यालय में 9:40, कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में 9:50, राजयकृत +2 उच्च विद्यालय में 10:00, वन परिसर में 10:20, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 10:30, भारतीय स्टेट बैंक में 10:40और वनांचल ग्रामीण बैंक में 10:50बजे का समय निर्धारित किया गया है।

### विकसित भारत संकल्प कार्यक्रम का आयोजन



**गढ़वा।** प्रखंड की मधेया पंचायत के हूर गांव में स्थित पंचायत भवन में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ भाजपा नेता अलखनाथ पांडेय शामिल हुए। उन्होंने भारत सरकार की प्रमुख योजनाओं की जानकारी उपस्थित लोगों को दी। वहीं आंगनबाड़ी सेविकाओं द्वारा गोद भराई का कार्यक्रम भी कराया गया। मौके पर गढ़वा बीडीओ कुमार नरेंद्र नारायण, मुखिया बसंत चौबे, धनंजय तिवारी, नरेंद्र तिवारी, मिथिलेश तिवारी मुकेश चौबे, अजय साहू, सत्येंद्र तिवारी, रौशन दुबे आदि उपस्थित थे।

### सहायिका के लिए चंद्र रेखा कुमारी का चयन

**केतार।** प्रखंड क्षेत्र की लोहरगाड़ा पंचायत के हुरका गांव के आंगनबाड़ी केंद्र पर बुधवार को सहायिका चयन को लेकर ग्राम सभा का आयोजन किया गया। ग्राम सभा के माध्यम से सहायिका पद पर चंद्र रेखा कुमारी पति रामानंद बैठा का चयन किया गया। इस संबंध में बीडीओ सह सीडीपीओ नंदजी राम ने कहा कि चंद्र रेखा कुमारी का चयन औपबंधिक रूप से किया गया है। इनके द्वारा चयन समिति के समक्ष समर्पित कागजात की जांच के आधार पर उपविकास आयुक्त द्वारा अनुमोदन के पश्चात ही अंतिम चयन पत्र निर्गत किया जायेगा। मौके पर मुखिया नीलम देवी, सीओ सुनील कुमार, सेविका रीमा देवी, मुखिया प्रतिनिधि सिताराम इत्यादि उपस्थित थे।

### आजसू नेता और दो अन्य अदालत से बरी

**भवनाथपुर।** आजसू पार्टी के केंद्रीय सचिव जयराम पासवान एवं दो सहयोगी को न्यायमूर्ति बंकिम चंद्र चटर्जी ने बरी कर दिया। खरौंधी प्रखंड के 6 अप्रैल 2010 के तत्कालीन बीडीओ मदन मोहन पांडेय ने आजसू पार्टी केंद्रीय सचिव जयराम पासवान, गोरखनाथ चौधरी, रामनाथ मेहता के खिलाफ भवनाथपुर थाना में जान से मारने एवं अपहरण करने की धमकी देने का केश दर्ज कराया था। 14 वर्षों तक केस चलने के बाद 17 जनवरी को न्यायमूर्ति बंकिम चंद्र चटर्जी की अदालत ने उन्हें बरी कर दिया।

---

### करीवाडीह में सांसद-विधायक की मौजूदगी में दिव्य सूर्य मंदिर की हुई प्राण प्रतिष्ठा, भोजपुरी गायिका हेमा के गीतों ने बांधा समां

# 'दिव्य सूर्य मंदिर पर्यटन स्थल के रूप में होगा विकसित'

**नवीन मेल संवाददाता। खरौंधी**

खरौंधी प्रखंड के करीवाडीह गांव में पंडा नदी के किनारे भव्य एवं दिव्य सूर्य मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा संपन्न हुई। 15 जनवरी से शुरू व 17 जनवरी तक चले कार्यक्रम के अंतिम दिन पलामू सांसद विष्णु दयाल राम, विधायक भानु प्रताप शाही सहित हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं के बीच वाराणसी के विद्वान आचार्य सौरभ भारद्वाज के नेतृत्व में अन्य विद्वान पंडितों द्वारा भगवान सूर्य को शयन से जगा कर गर्भ गृह में प्रतिष्ठापन हुआ।








#### सड़क व छठ घाट का होगा निर्माण : शाही

मौके पर सांसद विष्णु दयाल राम ने कहा कि इस क्षेत्र के लोग धन्य हैं जो विपिन बिहारी सिंह और विजय सिंह के नेतृत्व में इस प्रकार कलयुग के साक्षात देव सूर्य भगवान की मंदिर का निर्माण किए हैं। भगवान सूर्य मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा में शामिल होने का जो यहां के लोगों ने सौभाग्य दिया है इसके लिएआभार प्रकट करते हैं। वहीं विधायक भानु प्रताप शाही ने कहा कि आने समय में भगवान सूर्य की कृपा से यह विशाल पर्यटन स्थल के रूप में विकसित होगा और झारखंड ही नहीं पूरे देश-दुनिया के लोगों के लोग यहां आकर भगवान सूर्य की आराधना व उपासना करेंगे और आशीर्वाद लेंगे। शाही ने कहा कि इस दिव्य सूर्य मंदिर की ख्याति देश-दुनिया में होगी। ऐसे में यहां पर छठ घाट बनाया जाएगा। विधायक भानु प्रताप शाही ने मंच से ही घोषणा किया कि जिस प्रकार पूर्व से यहां बने संकट मोचन हनुमान मंदिर पर पहुंचने के लिए बजरंगबली की कृपा से पंडा नदी पर यहां विशाल पुल बनाने का काम किया। उसी प्रकार जब यहां दिव्य सूर्य मंदिर बना है तो सूर्य भगवान की कृपा से यहां चमचमाती हुई सड़क भी बनेगी। उन्होंने खरौंधी से करिवाडीह होते हुए खोखा तक अच्छी सड़क बनवाने की बात कही। उन्होंने मंच से ही कल ही अनुशंसा करने और अगले वित्तीय वर्ष में स्वीकृत कराकर निर्माण कार्य कराने की घोषणा की। वहीं सुंडी मुखिया प्रतिनिधिराजा सिंह की तरफ से 5000 से अधिक लोगों को भंडारे में महाप्रसाद खिलाया गया। शाही ने खुद अपने हाथों से ऐसा श्रद्धालुओं को महाप्रसाद का वितरण किया। वहीं दिल्ली के पूर्व मेयर सह मंदिर के संरक्षक विपिन बिहारी सिंह ने कहा कि इतने दिव्य इस सूर्य मंदिर का निर्माण और आज संपन्न भव्य प्राण प्रतिष्ठा सभी लोगों के सहयोग से संभव हो सका है। आने वाले समय में दूर-दूर से लोग यहां छठ व्रत करने आएंगे। ऐसे में यह बड़ा पर्यटन स्थल के रूप में विकसित होगा। इसके लिए किन-किन चीजों की आवश्यकता होगी, कौन-कौन सी सुविधाएं होनी चाहिए इस पर ध्यान देकर काम किया जाएगा।

#### पांडेय बहनों के गीतों पर झूम उठे लोग

भोजपुरी लोक गायिका हेमा पांडेय एवं उनकी बहनों द्वारा भक्ति जागरण कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। भगवान सूर्य एवं अन्य देवी देवताओं से संबंधित भक्ति गीतों पर उनकी सुरम्य आवाज के साथ दी गई प्रस्तुति ने लोगों को भाव विभोर कर दिया। एक से बढ़कर एक भक्ति गीत एवं भजन ने लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया। उपस्थित सारे लोग भक्ति भाव से भरी गीतों से सराबोर हो गए। मौके पर अनुसूचित आयोग के अध्यक्ष शिवधारी राम, पूर्व विधायक संजय यादव, भाजपा के वरिष्ठ नेता शारदा महेश प्रताप देव, भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष रघुराज पांडेय, जिला उपाध्यक्ष उमेंद्र यादव, बसंत यादव, जिप सदस्य धर्मराज पासवान, मुक्तेश्वर पांडेय, बीस सूत्री अध्यक्ष राजेश रजक, उप प्रमुखदेवता प्रसाद आर्य, पंचायत के मुखिया मनसा देवी, पंचायत समिति सदस्य विकास सिंह, सुंडी मुखिया प्रतिनिधि राजा सिंह, मंदिर समिति के विनोद सिंह, अरुण सिंह, अमरिंदर सिंह, आशुतोष शरण सिंह, शर्मा यादव, कृष्ण सिंह आदि सहित काफी संख्या में महिला-पुरुष श्रद्धालु उपस्थित थे।

---

# लोस चुनाव के मद्देनजर बीडीओ ने प्रधानाध्यापकों के साथ की बैठक

**नवीन मेल संवाददाता। केतार**

प्रखंड कार्यालय के सभागार कक्ष में मंगलवार को बीडीओ नंदजी राम ने प्रखंड के सभी सरकारी विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों के साथ बैठक की। इसमें बीडीओ नंदजी राम ने कहा कि वैसे सभी विद्यालय जिसे आगामी लोकसभा चुनाव में मतदान केंद्र बनाया गया है वहां पर सुलभ शौचालय, पेयजल, लाइटिंग की व्यवस्था दुरुस्त करने और रैंप का निर्माण कराने सहित विद्यालय परिसर की साफ-सफाई कराने का निर्देश दिया है। वहीं प्रधानाध्यापकों से विद्यालयों में अव्यवस्था के बारे में बारी बारी से जानकारी ली। बीडीओ ने विद्यालय मद की राशी से सभी व्यवस्था करने का निर्देश दिया। इस मौके पर बीपीएम रवि कुमार बैद्, प्रधानाध्यापक दीपक सिंह, रामानंद प्रसाद, राम लखन राम, अखिलेश मिश्र, राजीव कुमार, सरिता देवी, संजीव आनंद, विरेन्द्र राम, विजय कुमार, सरिता देवी, धर्मनाथ पासवान, दिनेश प्रजापति, प्रिंस कुमार इत्यादि मौजूद थे।



### जिला परिवहन सह निर्वाचन पदाधिकारी ने किया आधा दर्जन मतदान केंद्रों का निरीक्षण



**केतार।** जिला परिवहन पदाधिकारी सह निर्वाचन के वरीय पदाधिकारी धीरज प्रकाश ने बुधवार को लोकसभा चुनाव के मद्देनजर प्रखंड क्षेत्र के आधा दर्जन से अधिक मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर विधि व्यवस्था का जायजा लिया। इस क्रम में उन्होंने मुकुंदपुर के मतदान केंद्र संख्या 78, 79, 80, केतार के 71, 72, 73 और बलिगढ़ के मतदान केंद्र संख्या 64, 65, 66 का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने संबंधित विद्यालय के प्रधानाध्यापकों को मतदान केंद्र पर शौचालय, पेयजल, बिजली की व्यवस्था और रैंप निर्माण कराने का निर्देश दिया। मौके पर प्रखंड समन्वयक राकेश कुमार, बीएलओ रानी देवी, अणु देवी, शिक्षक विजय कुमार, धनंजय पटेल, दिलीप जयसवाल मौजूद थे।

### मतदान केंद्रों पर सुविधाओं को लेकर हुई बैठक

**श्री बंशीधर नगर।** प्रखंड कार्यालय के सभागार में बुधवार को लोकसभा निर्वाचन को देखते हुये मतदान केंद्रों पर न्यूनतम आवश्यक सुविधा उपलब्ध कराने को लेकर प्रखंड के सभी मतदान केंद्र वाले विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों के साथ प्रखंड विकास पदाधिकारी ने बैठक की। बैठक में उपस्थित एलआरडीसी मो. अब्दुश शमद ने प्रधानाध्यापकों से मतदान केंद्रों पर उपलब्ध आवश्यक सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने सभी प्रधानाध्यापकों से मतदान केंद्रों पर रैम्प, बिजली, पानी, शौचालय की व्यवस्था दुरुस्त कराने का निर्देश दिया। प्रखंड विकास पदाधिकारी विकास कुमार ने सभी प्रधानाध्यापकों को मतदान केंद्र पर उपलब्ध सुविधाओं से संबंधित प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। बैठक में प्रभारी पंचायत राज पदाधिकारी विकास जायसवाल, प्रधानाध्यापक अनिल कुमार विश्वकर्मा, सुधीर चौबे, अविनाश कुमार, अखिलेश प्रसाद, रमेश प्रसाद, संजय कुमार, सुजीत कुमार यादव, नीलम पांडेय, संध्या कुमारी, अनूप कुमार विश्वकर्मा, विनोद ठाकुर, ज्ञान प्रकाश आदि मौजूद थे।

# श्री राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के दिन कार्यक्रमों की रूपरेखा तय

**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**

अयोध्या नगरी में श्री राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को मंगलवार को श्री राम सेना की आयोजित बैठक हुई। अध्यक्ष रजनीकांत मधुर उर्फ भोलू ने बताया कि प्रभु श्री राम की रथ यात्रा, आकर्षक झांकी के साथ दोपहर 12:00 बजे शहर में निकाली जाएगी। शोभायात्रा गोसाईबाग स्थित लाला बागी हनुमान मंदिर से निकलकर प्रसिद्ध श्री बंशीधर मंदिर से मुख्य मार्ग होते हुए भवनाथपुर मोड़ स्थित हनुमान मंदिर तक जाएगी। बस स्टैंड स्थित राधा कृष्ण मंदिर प्रांगण में संध्या 6:00 बजे 2100 दीये जलाए जाएंगे। वहीं संध्या 6 बजे से मंदिर के प्रांगण में महा भंडारा का आयोजन किया जाएगा। साथ ही 12 घंटे का अखंड कीर्तन किया जाएगा। बैठक में मुख्य रूप से संरक्षक भारत भूषण प्रसाद, प्रतिष्ठित व्यवसाय अशोक जायसवाल, राकेश जयसवाल, पत्रकार धीरेंद्र चौबे, कामेश्वर प्रसाद, वीरेंद्र प्रसाद अग्रहरी, चैंबर अध्यक्ष शंभू नाथ सौदागर, उपाध्यक्ष हृदयानंद कमलापुरी, प्रताप जायसवाल, पप्पू अनमोल, संजीत कुमार छोटू, ओमप्रकाश गुप्ता, पूर्वम मुखिया अजय प्रसाद, नीरज जायसवाल, पत्रकार आशीष अग्रवाल, नित्यानंद कुमार, ऋतुराज जायसवाल, दिनेश जायसवाल, विकास कुमार शालू, बंटी केसरी, अमित कुमार गुड्डु, आशीष कुमार, सूरज कुमार, अनिल मेहता, आशीष गुप्ता, शिवम कुमार, अक्षय कुमार इत्यादि मौजूद थे।



#### मानस का पाठ 22 को

**मझिआंव।** 22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर राधा कृष्ण मंदिर के महंत श्री श्री 108 श्री बाबा केशव नारायण दास के नेतृत्व में तुलसी कृत राम चरित्र मानस का संपूर्ण पाठ कराया जाएगा। साथ ही अति मंगलमय शुभ अवसर पर 24 घंटे का अखंड कीर्तन का भी आयोजन किया जाएगा। वहीं अखंड कीर्तन करने वाले में आनंद तिवारी, विवेक सोनी, नंदलाल सिंह, राजेश तिवारी, नंदन गुप्ता, प्रदीप चंद्रवंशी, पवन साहू, उज्जवल कुमार, दीपक माली, टुकु कमलापुरी आदि शामिल है।

#### शोभायात्रा के साथ महाप्रसाद का वितरण

**चिनिया।** प्रखंड मुख्यालय स्थित हनुमान मंदिर परिसर में बुधवार को हुई ग्रामीणों की बैठक में निर्णय लिया गया कि 22 जनवरी को हनुमान मंदिर परिसर से भव्य शोभा यात्रा निकल कर पुरोहित राकेश कुमार पाठक के द्वारा पूजन संपन्न होगा। तत्पश्चात महाप्रसाद का भी वितरण किया जाएगा और रात्रि में भजन कीर्तन का भी आयोजन होगा। वहीं चिनिया में जितने भी देवस्थान हैं 22 जनवरी को उन्हें भव्य तरीके से सजाकर दीप प्रज्वलित की जाएगी। मौके पर पूजा समिति के अध्यक्ष सुरेंद्र प्रसाद, सुरेंद्र प्रसाद, अशोक प्रसाद, विश्वास प्रसाद, संतोष प्रसाद, रामसागर यादव, अजय गुप्ता, विकास केसरी, सीमंत चंद्रवंशी, विजय गुप्ता, नरेश यादव, उमेश सिंह, दीपक प्रसाद आदि मौजूद थे।

---

# हाथियों से पीड़ित परिवारों को दी गई राहत सामग्री

**नवीन मेल संवाददाता। मेराल**



अंचलाधिकारी यशवंत नायक ने बुधवार को बाना जांघ के स्कूल में रह रहे हाथियों के उत्पात से बेघर पीड़ित परिवार को राहत सामग्री दी। इस संबंध में सीओ यशवंत नायक ने बताया कि हाथियों के उत्पात से बेघर पीड़ित सभी परिवारों को खाद्य सामग्री में ब्रेड बिस्कुट सब्जी आदि सामान लोगों को उपलब्ध कराया है। उन्होंने कहा कि पिछले सप्ताह हाथियों के उत्पात से बहेरवा गांव के आदिम जनजाति के सभी घर हाथियों द्वारा क्षतिग्रस्त कर दिया गया था। इसके बाद सभी पीड़ित परिवार बाना जांघ गांव के विद्यालय में शरण लिए हुए हैं। इन सभी लोगों को पहले भी कंबल, चावल सहित जरूरत के कई सामान दिये गये थे। बेघर परिवार के लगभग 50 से 60 लोग हैं। इन सभी लोगों को गुरुवार तत्कालीन कोलोदोहर प्राथमिक विद्यालय में रहने की व्यवस्था कर दी जाएगी। वहां पर रहने के लिए पर्याप्त जगह है। सीओ जसवंत नायक ने कहा कि सभी परिवारों को वन विभाग द्वारा जैसे ही मुआवजा मिलता है वैसे ही जनमन योजना के तहत आवास उपलब्ध करा दिया जाएगा। इसके लिए जमीन का सत्यापन किया जा रहा है।

### भाजपा नेता पांडेय ने मंदिर में चलाया स्वच्छता अभियान

**गढ़वा।** गढ़वा के श्री रामलला मंदिर के अध्यक्ष अलखनाथ पांडेय ने गढ़वा के स्टेशन रोड में स्थित श्री रामलला मंदिर के परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया। अयोध्या में 22 जनवरी को श्री रामलला जी के प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा 14 जनवरी से 22 जनवरी तक देश के मठ मंदिरों में स्वच्छता अभियान चलाया जाने के आह्वान पर वरिष्ठ समाजसेवी अलखनाथ पांडेय ने मंदिर परिसर में झाड़ू लगाया तथा कचरे को एकत्र कर डस्टबिन में डाला। कहा कि अयोध्या में भगवान श्री राम की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा के दिन 22 जनवरी को पूरे देश में दीपोत्सव मनाया जाएगा। इस अवसर 22 जनवरी के दिन श्री रामलला मंदिर में अयोध्या में राम जी के आगमन की खुशी में जोरदार उत्सव का आयोजन किया जाएगा।

# गरीब का बेटा हूं, गरीबों का दर्द समझता हूं : विधायक

### भानु प्रताप शाही ने राजी पंचायत में उप स्वास्थ्य केंद्र भवन का किया शिलान्यास

**नवीन मेल संवाददाता। खरौंधी**

प्रखंड के राजी पंचायत अंतर्गत पंचायत भवन के पास विधायक भानु प्रताप शाही ने नारियल फोड़ कर उप स्वास्थ्य केंद्र भवन निर्माण का शिलान्यास किया। राजी पंचायत अंतर्गत बनने वाला उपस्वास्थ्य केंद्र की लगभग 50 लाख की लागत राशि से निर्माण होना है। इस मौके पर प्रखंड अध्यक्ष संध्याकर विश्वकर्मा की अध्यक्षता और संचालन में आयोजित सभा को संबोधित करते हुए शाही ने कहा कि उपस्वास्थ्य केंद्र मां-बहनों के लिए वरदान साबित होगा। अभी महिलाओं को प्रसव के लिए अन्य जगहों पर जाना पड़ता है जिससे उनको परेशानियों का सामना करना पड़ता है। अब यहा अस्पताल बन जाएगा तो यहां के लोगों का आसानी से इलाज हो सकेगा। कहा कि यहां की जनता द्वारा जब से विधायक मुझे बनाया जा रहा है, तब से लगातार राजी पंचायत का चहुमुखी विकास किया जा रहा है। गरीब का बेटा हूं, गरीबों का दर्द समझता हूं। मौके पर उमुखिया रिंकु देवी, अवध कुमार मेहता, सुनील कुमार रौशन, बुधनाथ गुप्ता, संतोष कुमार सिंह, अमरेश मेहता, बीडीसी शीलवंती देवी, अमरेश चौधरी, अमर प्रताप मेहता, देवनाथ उरांव, नरेश पासवान, अशोक पटेल, आनंद चौधरी, विष्णु राम, शिवदास उराव, डॉ. वीके सिंह, ओम प्रकाश उरांव आदि लोग उपस्थित थे।





#### विधायक ने दुर्गा मंदिर प्रांगण की सफाई की

**भवनाथपुर।** आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में श्री राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अपील पर भवनाथपुर विधान सभा के भाजपा विधायक भानु प्रताप शाही ने अपने समर्थकों के साथ बुधवार को टाउनशिप दुर्गा मंदिर प्रांगण स्थित सभी मंदिरों में सफाई की। शाही ने सभी लोगों से अपील की कि 22 जनवरी को अपने-अपने क्षेत्र के सभी देवालयों में सफाई के साथ हवन, पूजन व श्रृंगार करें। मौके पर मंडल अध्यक्ष जयप्रकाश यादव, विधायक प्रतिनिधि सुनील सिंह, चंदन ठाकुर, प्रमोद सिंह, दिनेश सिंह, पंकज सिंह, बुद्धि सिंह, दीपक द्विवेदी, मंदिर कमेटी के संतोष कुमार, गणेश सिंह, जसवंत चौबे, हीरा यादव, बिनोद गुप्ता, पंकज सिंह मौजूद थे।

---

**निर्णय** समिति ने गोशाला परिसर का निरीक्षण कर दुकानदारों के साथ की बैठक

# श्रीकृष्ण गोशाला की दुकानों का संशोधित किराया तय

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

श्रीकृष्ण गोशाला समिति की मुख्य पथ बस पड़ाव के पास स्थित श्रीकृष्ण गोशाला में नौ गायों का पालन शुरू कर दिया गया है। साथ ही गोशाला परिसर को संरक्षित व सुव्यवस्थित करने की दिशा में भी पहल की जा रही है। इस क्रम में गोशाला समिति के कार्यकारिणी सदस्यों ने गोशाला परिसर का सामूहिक रूप से भ्रमण किया। उन्होंने गोशाला परिसर में स्थित सभी दुकानों की स्थिति की जानकारी ली। सभी दुकानदारों के साथ बैठक कर किराये के नवीनीकरण के संबंध में जानकारी दी। दुकानदारों के साथ विमर्श के बाद सभी दुकानों का संशोधित किराया तय किया गया। इस संबंध में गोशाला समिति के सचिव रमेश कुमार दीपक ने बताया कि बस पड़ाव के इर्द-गिर्द मुख्य पथ पर गोशाला की भूमि है। इसपर दुकान रखने वालों के साथ दो दशक से भी पुराना एग्रीमेंट चल रहा था। इसको देखते हुये नये सिरे से एग्रीमेंट किया गया है। इसमें अधंकांश दुकानदारों का सहयोगात्मक व्यवहार है। कुछ दुकानदार अभी तक सहयोग नहीं कर रहे हैं। समिति की बात नहीं मानने पर वैसे दुकानदारों को गोशाला की भूमि खाली करने के लिये नोटिस दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि फिलहाल गोशाला के संचालन में समिति को काफी आर्थिक कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। आर्थिक स्थिति मजबूत होते ही गोशाला की भूमि में नये सिरे से दुकान बनाये जायेंगे। इसमें पूर्व के दुकानदारों को प्राथमिकता देते हुये नये दुकानदारों को बसाया जायेगा। मौके पर अध्यक्ष विनोद पाठक, कार्यकारिणी सदस्य विजय पांडेय, विजय कुमार केसरी, संतोष कुमार, अवधेश कुशवाहा, ओमप्रकाश केसरी, उमेश अग्रवाल, अनिल सोनी, मनोज पटनायक, प्रवीण जायसवाल आदि उपस्थित थे।



# 128 पंचायत कमेटी गठित करने का निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

आजसू पार्टी जिला समिति की विशेष बैठक सह वनभोज कार्यक्रम अनराज नावाडीह, गढ़वा में हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष दीपक शर्मा ने, जबकि संचालन जिला प्रवक्ता राकेश शुक्ला ने किया। बैठक में गढ़वा जिले में संगठन विस्तार को लेकर जिले के समस्त पदाधिकारी को 30 जनवरी तक बाकी बचे 128 पंचायत कमेटी को गठन करने का निर्देश दिया गया है। जिले के सभी 889 गांव में ग्राम प्रभारी के विरुद्ध 320 ग्राम प्रभारी बनाए जा चुके हैं। बाकी बचे हुए ग्राम प्रभारी के लिए आगामी 30 जनवरी तक सभी ग्राम प्रभारी की नियुक्ति के लिए सभी प्रखंड अध्यक्ष एवं प्रखंड के सभी पदाधिकारी को निर्देश दिया गया है। पार्टी 2024 मिशन को लेकर के पूरी तरह से मुस्तैद है। आने वाले समय में आजसू पार्टी अपने दमखम के साथ विधानसभा चुनाव में उतरेगी। बैठक को पार्टी के केंद्रीय सचिव शंकर प्रताप विश्वकर्मा, महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष रीता देवी, केंद्रीय सचिव चंपा देवी, केंद्रीय सदस्य शैलेंद्र कुमार उर्फ सिंह छोटन डॉक्टर, अफजल अंसारी नंदू ठाकुर, संतोष केसरी, अजय केसरी, पंकज कुमार, रीमा गुप्ता, दशरथ चौधरी, वीरेंद्र यादव, रविंद्र नाथ शर्मा, सोशल मीडिया प्रभारी पूजा शर्मा, जिला सचिव लाल मोहम्मद अंसारी, सुनील चौधरी, जिला उपाध्यक्ष मुकेश गुप्ता, जिला सचिव इंदल बैठा विनीत तिग्गा, अल्पसंख्यक मोर्चा के डॉक्टर सैइद हसन, विजय ठाकुर, विनय गुप्ता, विजय शर्मा, रंका अनुमंडल अध्यक्ष मुकेश शाह, परवेज आलम, डॉक्टर गुलाबचंद, प्रभाकर उर्फ ओला आदि मौजूद थे।

#### आजसू पार्टी जिला समिति की विशेष बैठक सह वनभोज कार्यक्रम आयोजित



## एक नजर

### इलाज के अभाव में मरे लालदेव दांगी के घर पहुंची बीडीओ



**पत्थलगड़ा।** ठंढ से मजदूर की मौत की सूचना पर बुधवार को बीडीओ मोनी कुमारी पत्थलगड़ा प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत सिंघानी गांव पहुंची। ग्रामीणों व परिजनों के अनुसार गवां के मजदूर लालदेव दांगी उर्फ लालो महतो को ठंड लगने के कारण सोमवार के देर रात इलाज के अभाव में मौत हो गई थी। बीडीओ ने परिजनों को कंबल दिया एवं जल्द विधवा पेंशन की प्रक्रिया पूरी कर लाभ देने के अलावे सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने का आश्वासन दिया। इस दौरान सिंघानी मुखिया राधिका देवी, शिक्षिका मीना कुमारी के अलावा कई ग्रामीण उपस्थित थे।

### पंचायत कार्यकारणी की बैठक में कई प्रस्ताव पारित

**गिद्धौर।** प्रखंड के बारिसाखी पंचायत सचिवालय में बुधवार को पंचायत कार्यकारणी की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता मुखिया सुमीरा कुमारी ने की। इसका संचालन पंचायत सचिव दिगंबर पांडेय ने किया। बैठक में अबुआ आवास के लाभुकों के चयन में निहायत असहाय लोगों को प्राथमिकता देने का प्रस्ताव पारित किया गया। साथ ही समन्वय स्थापित कर विकास कार्यों में सभी को सहयोग करने की अपील की गई। बैठक में उपमुखिया विकास पांडेय, रजनी देवी, रोजगार सेवक पार्वती कुमारी, विकास कुमार बिक्कु, विजय रजक आदि शामिल थे।

### गणतंत्र दिवस की तैयारी को लेकर बैठक आज

**गिद्धौर।** प्रखंड कार्यालय परिसर में गुरुवार को गणतंत्रता दिवस को लेकर बैठक आहूत की गई है, जिसमें सभी पंचायत जनप्रतिनिधियों के साथ विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रखंड अध्यक्ष, सांसद, विधायक प्रतिनिधि, 20 सूत्री प्रखंड अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, प्रमुख, उपप्रमुख, जिप सदस्य को आमंत्रित किया गया है। उपरोक्त जानकारी प्रखंड विकास पदाधिकारी हरिनाथ माहतो ने दी।

### गैस लीक होने से महिला झुलसी

**बालूमाथ।** थाना क्षेत्र के झाबर ग्राम में मंगलवार देर शाम गैस लीकेज होने के कारण एक महिला गंभीर रूप से झुलस गई। महिला तिलेश्वर प्रजापति की पत्नी कुंती देवी को गंभीर अवस्था में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाया गया, जहां से डॉक्टर संजय सिद्धार्थ ने रांची रिम्स रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार कुंती देवी अपने घर के बच्चों के लिए गैस पर चाऊमीन बना रही थी कि इसी दौरान गैस लीकेज हो जाने के कारण अचानक आग लग गई, जिसकी चपेट में आ जाने से उसका पैर, हाथ और चेहरा झुलस गया। फिलहाल घायल की स्थिति खतरे से बाहर बताई जा रही है।

### कंबल का वितरण

**चंदवा।** प्रखंड उप प्रमुख अश्विनी मिश्र के द्वारा बुधवार को सैकड़ों गरीब व असहायों के बीच कंबल का वितरण किया गया। मौके पर कबूतरी देवी, बरनवास टोप्पो, सावित्री देवी, महावीर उरांव, जितनी देवी, विजय उरांव आदि मौजूद थे।

## ग्रामीणों ने डीसी से स्कूल को चालू करवाने की लगाई गुहार

**नवीन मेल संवाददाता। बारियातु**
प्रखंड की गोनिया पंचायत अंतर्गत उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय विश्रामपुर को चालू करवाने के लिए ग्रामीणों ने उपायुक्त को आवेदन सौंपा है। आवेदन के माध्यम से ग्रामीणों ने बताया कि विश्रामपुर विद्यालय को उत्क्रमित मध्य विद्यालय बारा के साथ मर्ज कर दिया गया है, जिससे गांव के बच्चे शिक्षा से वंचित हो रहे हैं। बिश्रामपुर गांव आदिवासी बहुल क्षेत्र है। बिश्रामपुर से बारा की दूरी लगभग 1 किलोमीटर है। गांव के छोटे-छोटे बच्चे इस दूरी के कारण नहीं जा पाते हैं, जिससे शिक्षा से 200 से भी अधिक आदिवासी बच्चे वंचित हो जा रहे हैं। ग्रामीण विनय उरांव, भोला उरांव, प्रधान उरांव, शिवनाथ उरांव, लालू उरांव सहित कई ग्रामीणों ने बताया कि यहां मजदूर किसान रहते हैं। बच्चे सरकारी विद्यालय में पढ़ते हैं। वर्ष 2018 में विद्यालय को मर्ज कर दिया गया था। तबसे यहां के बच्चों के भविष्य पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है। जनता दरबार में ग्रामीणों ने पहुंचकर विश्रामपुर विद्यालय को चालू करवाने की गुहार लगाई।

## कोहरे व शीतलहर के प्रकोप से बढ़ी बच्चों-बुजुर्गों की परेशानी

**नवीन मेल संवाददाता। चतरा/प्रतापपुर**
पिछले कुछ दिनों से जिले में कोहरे व शीतलहरी से आम जनजीवन अस्त व्यस्त हो चुका है। मौसम में हुए अचानक इस परिवर्तन और चल रही शीतलहर ने ऐसा अपना प्रकोप बना रखा है कि हड्डी में भी ठंड का एहसास करा दे रही है।

वहीं विद्यालय जाने वाले बच्चे भी इस ठंड में ठिठुरते हुए विद्यालय जा रहे हैं। इस ठंड में भी ना माथे पर टोपी न पैरों में मौजा, न चप्पल। कल्पना की जा सकती है कि बच्चे किन परिस्थितियों से गुजरते होंगे।



क्योंकि 9:00 बजे से विद्यालय पहुंचने का और पढ़ाई प्रारंभ होने का निर्धारित समय है, जो दिन के 3:00 बजे तक संचालित होता है। ऐसे में विद्यालय समय पर पहुंचने के लिए सुबह से ही तैयारी प्रारंभ कर दी जाती है। बीते कुछ दिनों से घने कोहरे के कारण सूर्य नारायण के दर्शन भी 12:00 बजे दिन से पहले होते नहीं होते हैं। अभिभावकों का कहना है कि बढ़ी ठंड व शीतलहर के बावजूद बच्चे विद्यालय जा ही रहे हैं और अक्सर बीमार पड रहे हैं। वहीं जो सक्षम हैं वह तो गर्म कपड़ों के साथ बच्चों को विद्यालय भेज रहे हैं, लेकिन जो सक्षम नहीं है वे बच्चे ठंड के शिकार भी हो रहे हैं। उनका कहना है कि जब तक शीतलहरी का प्रकोप है तब तक के लिए विद्यालय को बंद रखा जाए या फिर बाल हित में विद्यालय की समय सारणी में परिवर्तन करते हुए 10:00 बजे से 2:00 बजे तक का समय रखा जाए।

### शिक्षा अधीक्षक ने किया चटुआग व हुटाप का दौरा, अनाथ बच्चों को सरकारी सुविधाएं दिलाने का आश्वासन

# अनाथ बच्चों की आपबीती सुनकर भावुक हुईं डीएसई कविता खलखो

**नवीन मेल संवाददाता। चंदवा**
लातेहार जिला शिक्षा अधीक्षक कविता खलखो बुधवार को प्रखंड के सुदूरवर्ती क्षेत्र चटुआग और हुटाप गांव पहुंची। सबसे पहले उन्होंने कामता पंचायत के ग्राम चटुआग निवासी स्व. राजकुमार गंझु के घर पहुंची। उनके दोनों अनाथ बच्चों निशा कुमारी (11) और अरविंद गंझू (13) वर्ष से मुलाकात कर उनका हाल चाल जाना। बच्चों ने डीएसई को बताया कि उनके पिता की मौत कामता स्कूल के पास वज्रपात की चपेट मे आने से हो गई थी। इसके करीब एक वर्ष बाद मामा के घर पर बीमारी से मां का भी निधन हो गया। हम दोनों भाई बहन की पढ़ाई परहैया टोला उत्क्रमित विद्यालय में चल रही है। दादी फुलो देवी किसी तरह दोनों बच्चों को पाल रही हैं। पढ़ाई के संबंध में पूछे जाने पर बच्चों ने बताया कि स्कूल में पढ़ाई ठीक तरह से होती है। इस दौरान अनाथ बच्चों की आपबीती सुनकर डीएसई काफी भावुक हो गईं। डीएसई ने कहा कि बच्ची को कस्तूरबा आवासीय विद्यालय में नामांकन के लिए प्रयास किया जा रहा है। जल्द ही नामांकन करा दिया जाएगा। साथ ही उन्होंने सरकार की ओर से मिलने वाली सुविधाएं भी दिलाने की बात कही।



इसके बाद डीएसई ने उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय चटुआग का औचक निरीक्षण किया, यहां प्रधानाध्यापक बीनोद राम और टीचर अजीत कुमार गायब मिले। डीएसई ने जब गायब टीचरों के बारे में पूछा तो पहले बोला गया कि वे छुट्टी पर हैं पर जब छुट्टी का आवेदन मांगा गया तो टीचरों ने चुप्पी साध ली। डीएसई ने स्कूल में मौजूद टीचर रुपाली सुमन से गायब टीचरों के बारे में रिपोर्ट मांगी है। इसी बीच बच्चों को बोरा पर बैठकर पढ़ते देख डीएसई ने निर्देश दिया है कि जबतक डेस्क बेंच नहीं खरीद ली जाती है तबतक दरी खरीकर कर उस पर बिठाकर बच्चों को पढ़ाएं। इसके बाद डीएसई ने हुटाप गांव के अनाथ बच्चों रुबी कुमारी और सोनी कुमारी से उत्क्रमित उच्च विद्यालय मुलाकात की। दोनों बच्चों को सरकारी सुविधाएं उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। उन्होंने स्कूल का भी निरीक्षण किया, शिक्षकों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिये। हुटाप मिडिल स्कूल का भी उन्होंने निरीक्षण किया। पढ़ाई के संबध में बच्चों से पूछताछ की। शिक्षकों को बच्चों की पढ़ाई पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिये।

### जिप उपाध्यक्ष अनीता देवी व पंसस अयुब खान ने लगाई थी मदद की गुहार

गौरतलब हो कि हुटाप के अनाथ बच्चों को मदद दिलाने के लिए लातेहार जिला परिषद उपाध्यक्ष अनीता देवी और चटुआग के अनाथ बच्चों की बदहाली के मामले को कामता पंचायत समिति सदस्य अयुब खान ने उठाते हुए उन्हें सरकारी मदद उपलब्ध कराने की गुहार लगाई थी। इसके बाद जिला शिक्षा अधिकारी ने गांव पहुंचकर दोनों जगहों पर अनाथ बच्चों से मिलकर मामले से अवगत हुई हैं। निरीक्षण के दौरान कामता पंचायत समिति सदस्य अयुब खान ने अनाथ हुए बच्चों की स्थिति के बारे में उन्होंने विस्तार से बताया। साथ ही कहा कि ये सभी अनाथ बच्चे हैं। इन बच्चों की कस्तुरबा आवासीय विद्यालय में नामाकन हो जाने से इनके भविष्य उज्जवल होंगे। सरकारी सुविधाएं मिलने से इनको जीवन यापन में मदद मिलेगी। जिला शिक्षा अधीक्षक द्वारा अनाथ बच्चों की सुध लिए जाने से ग्रामीणों में आस जगी है कि अब बच्चों के जीवन यापन के साथ साथ पढ़ाई में सुधार होगा। स्कूलों का निरीक्षण किए जाने से शिक्षा व्यवस्था में भी सुधार होने की उम्मीद जताई जा रही है।

## हाथियों ने 6 किसानों की फसलें की नष्ट

**नवीन मेल संवाददाता। बारियातु**
प्रखंड क्षेत्र में इन दिनों हाथियों का उत्पात थमने का नाम नहीं ले रहा है। शिबला पंचायत के भाटचतरा में मंगलवार रात हाथियों के झुंड आया और आधा दर्जन से भी अधिक किसानों की आलू, टमाटर, अरहर, चना की खेती को खाकर पूरी तरह नष्ट कर दिया, जिससे लाखों रुपये की क्षति हुई है। भाटचतरा निवासी हीरा तुरी के पांच क्विंटल धान, महेश तुरी की आलू, लालमणि यादव की अरहर की खेती और वीरेंद्र तुरी का टोकरी में तोड़ा हुआ पांच क्विंटल टमाटर, राधवा मासोमात की चना की खेती, नरेश तूरी की आलू, कन्हाई दूरी की आलू, दिलेश्वर यादव की आलू खेती को खाकर पूरी तरह नष्ट कर दिया, जिससे उन्हें लाखों रुपये की क्षति हुई है। गोनिया पंचायत के बारा ग्राम निवासी धर्मदेव उरांव का 7 क्विंटल चावल और अन्य अनाज खाकर लगभग 50000 का नुकसान किया है। जानकारी मिलते ही वनरक्षी संतोष उरांव ने नुकसानों का जायजा लिया। भुक्तभोगियों ने वन विभाग से उचित मुआवजा दिलाने की मांग की है। साथ ही क्षेत्र से हाथियों को अविलंब हटाने की गुहार लगाई है।



### घर के सामने खड़े ट्रैक्टर से चोरों ने बैटरी उड़ाया

**गिद्धौर। गिद्धौर** थाना क्षेत्र के गांगपुर से अज्ञात चोरों ने बीते देर रात घर के पास खडे ट्रैक्टर से बैटरी की चोरी कर ली गई। बैटरी की चोरी गांगपुर गांव निवासी राकेश कुमार साव के ट्रैक्टर से की गई है। इस बाबत थाना में प्राथमिकी दर्ज करने हेतू आवेदन देकर दिया गया है। ज्ञात हो कि ट्रैक्टर से बैटरी चोरी की वारदात दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है।

## एकेडमी का हुआ उद्घाटन

**नवीन मेल संवाददाता। बारियातु**
प्रखंड के टोंटी पंचायत अंतर्गत हेसला ग्राम में संत पॉल एकेडमी का विधिवत उद्घाटन प्रमुख उर्मिला देवी, जिप सदस्य रमेश राम, मुखिया शांति देवी, संचालक करण कुमार यादव ने संयुक्त रूप से किया। मौके पर राम ने कहा कि यह विद्यालय विद्यार्थियों के लिए वरदान साबित होगा। सुदूरवर्ती इलाके में प्राइवेट विद्यालय खुलना बहुत बड़ी बात है, क्योंकि ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाले अभिभावक अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा देने के लिए प्रखंड व जिला मुख्यालय व अन्य जगहों पर भेजते हैं, जिसमें उन्हें काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। मौके पर कृष्णा कुमार, संतोष कुमार, रूपा कुमारी, आरती कुमारी इत्यादि मौजूद थे।



### गणतंत्र दिवस पर झंडोत्तोलन की समय सारणी तय

**पत्थलगड़ा।** प्रखंड कार्यालय में बुधवार को बीडीओ मोनी कुमारी की अध्यक्षता में बैठक हुई, जिसमें गणतंत्र दिवस पर झंडोत्तोलन का समय निर्धाति किया गया। गांधी चौक स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण साबह 7:30 व सुभाष चौक स्थित सुभाष चन्द्र बोस की प्रतिमा पर माल्यार्पण 7:45 बजे झंडोत्तोलन किया जाएगा। वहीं प्रखंड कार्यालय में सुबह 8:15 बजे, पंचायत भवन सिंघानी में 8:45, कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में 9:00, प्लस टू जनता उच्च विद्यालय में 9:30, सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में 9:50, पंचायत भवन बरवाडीह में 10:10 व थाना परिसर में 10:30 बजे झंडोत्तोलन किया जाएगा। बैठक में बीपीओ राजेश्वर कुमार, सांसद प्रतिनिधि अमित तिवारी, मुखिया राधिका देवी, नीतू देवी, कुमारी संगीता सिन्हा, पंसस अनिल दांगी, नजीर अभिजीत कुमार आदि मौजूद थे।

## विधायक राम ने सड़क सुरक्षा जागरूकता रथ किया रवाना



**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**
सड़क सुरक्षा सप्ताह -2024 के तहत समाहरणालय परिसर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर विधायक लातेहार वैद्यनाथ राम ने कहा कि जीवन बहुत मूल्यवान है। सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं अपनी सुरक्षा के लिए जिम्मेदारीपूर्वक तथा यातायात नियमों का अनुपालन करते हुये वाहन चलायें। दुपहिया वाहन चलाते समय अपनी सुरक्षा के लिए हेलमेट का प्रयोग करें। कार चलाने के समय सीट बेल्ट का प्रयोग करें। कार्यक्रम के दौरान जिला परिवहन पदाधिकारी सुरेंद्र कुमार ने सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु पदाधिकारियों, कर्मियों, छात्र-छात्राओं एवं आमजनों को यातायात नियमों एवं सड़क सुरक्षा नियमों का अनुपालन करने की शपथ दिलाई। विधायक ने सड़क सुरक्षा जागरूकता रथ रवाना किया। जागरूकता रथ से सभी प्रखंडों में जाकर सड़क दुर्घटना की रोकथाम के लिए लोगों को यातायात नियमों एवं सड़क सुरक्षा नियमों के बारे जानकारी प्रदान की जाएगी। मौके पर जिला बीस सूत्री उपाध्यक्ष अरुण कुमार दुबे, अपर समाहर्ता आलोक शिकारी कच्छप, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी राजेश कुमार, भूमि सुधार उप समाहर्ता उदय कुमार, जिला आपूर्ति पदाधिकारी रश्मि लकड़ा इत्यादि उपस्थित थे।

### विद्युत चोरों के विरुद्ध प्राथमिकी 4.99 लाख जुर्माना

**गिद्धौर।** विद्युत विभाग ने प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत सिंदुरब्बे, गम्हरिया व गिद्धौर में छापामारी अभियान चलाया गया। इस क्रम में अवैध रूप से विद्युत की चोरी करते हुए दस लोग पकड़े गए, जिनके विरुद्ध कनीय अभियंता तरुण कुमार ने थाने में प्राथमिकी दर्ज करते हुए 490808 रुपये का जुर्माना लगाया है। बताया गया कि उपरोक्त पर 432895 रुपये बिजली बिल बकाया है, जबकि 57913 रुपये जुर्माना लगाया गया है।

विद्युत चोरी करते हुए पकड़े गए अभियुक्तों में सिंदुरब्बे के दिनेश्वर गंझु, सोनू गंझु, सनिका मुंडा, गम्हरिया के लोपारे मुंडा, बिसून मुंडा, बिरेंद्र तिर्की, संजय उरांव, अमित उरांव व गिद्धौर के रामचंद्र राणा का नाम शामिल है। छापेमारी दल में कनीय अभियंता विजय कुमार, विद्युत सहायक कर्मी महावीर दांगी, संतोष कुमार, पंकज कुमार वर्मा, रमेश तिर्की व विकास कुमार आदि शामिल थे।


**कार्यालय नगर पंचायत, छत्तरपुर**
Email Id – np.chhattarpur2018@gmail.com

**आम–सूचना**

नगरीय प्रशासन निदेशालय के पत्रांक 1578 दिनांक 12.10.2023 के आलोक में नगर पंचायत, छत्तरपुर अंतर्गत DAY-NULM के SEP(Self Employment Program) घटक के तहत् कुल 38 ऋण लाभुकों को छः दिवसीय गैर आवासीय EDP प्रशिक्षण दिया जाना है। इच्छुक एजेंसी/एन0जी0ओ0 इत्यादि 27.01.2024 को कार्यालय अवधि तक नगर पंचायत, छत्तरपुर कार्यालय में संबंधित दस्तावेज, बन्द लिफाफे में पूर्ण पता एवं मोबाईल नं0 के साथ जमा करना सुनिश्चित करेंगें।

शर्तः–

1.एजेंसी/एन0जी0ओ0 इत्यादि का पंजीकरण/Affiliation हो।
2-Entrepreneurship Development Training /Training इत्यादि का प्रशिक्षण देने का पर्याप्त अनुभव हो।
3.अनुभव प्रमाण–पत्र/Training Certificate देय होगा।
4.एजेंसी/एन0जी0ओ0 के अधिनस्त कार्यरत Trainner को EDP प्रशिक्षण का अनुभव एवं उसका प्रमाण–पत्र संलग्न करना होगा।
5.एजेंसी/एन0जी0ओ0 को नगर पंचायत, छत्तरपुर क्षेत्रान्तर्गत प्रशिक्षण के लिए Class Room ( हवादार एवं रौशनी युक्त रूम, पीने का पानी एवं शौचालय) की व्यवस्था अपने स्तर से करना होगा।
6.एजेंसी/एन0जी0ओ0 को प्रत्येक प्रशिक्षणार्थी को बैच में प्रत्येक दिन दो बार चाय, भोजन एवं शुद्ध पीने का पानी की व्यवस्था करनी होगी।
7.एजेंसी/एन0जी0ओ0 को Stationary Kit (पेन, पेन्सिल, रबर, कटर, चाट पेपर, स्केच पेन, डायरी/कॉपी इत्यादि) की व्यवस्था करनी होगी।
8.एजेंसी/एन0जी0ओ0 को एक बैच में सभी 38 प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण देना होगा।
9.एजेंसी/एन0जी0ओ0 को कार्य आवंटित करने, रद्द करने अथवा प्रशिक्षण प्रक्रिया इत्यादि में किसी भी प्रकार की परिवर्तन करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी का होगा।
10.एजेंसी/एन0जी0ओ0 का PPT Presentation दिनांक 27.01.2024 को किया जायेगा एवं उसके उपरांत चयन की प्रक्रिया की जायेगी।

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर पंचायत, छत्तरपुर

PR316259 (District)23-24#D



**कार्यालय-कार्यपालक अभियंता, एन0आर0ई0पी0, लातेहार**

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण, सूचना संख्या–11/2023–24**

विज्ञापन दाता का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियन्ता, एन0आर0ई0पी0, लातेहार।
परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि :– दिनांक– 29.01.2024 कार्यालय दिवस में 10.00 बजे पूर्वाहन से 4.00 बजे अपराहन तक।
परिमाण विपत्र विक्री का स्थान :– कार्यपालक अभियन्ता, एन0आर0ई0पी0 के कार्यालय
निविदा प्राप्त करने की तिथि :– दिनांक– 30.01.2024, 3.00 बजे अपराह्न तक।
निविदा खोलने की तिथि :– दिनांक– 30.01.2024 को अपराह्न 3.30 बजे।
निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान :– जिला नियंत्रण कक्ष, लातेहार।
कार्य की विस्तृत विवरणी :–

| क0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | अग्रधन की राशि (रूपये) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रखंड– बालूमाथ, पंचायत–बालू उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय, कलकलिया में 140 मी0 चाहरदिवारी एवं 01 (एक) अद्द G.C.I Sheet Gate निर्माण। | 10,53,600.00 | 21100.00 | 2500.00 | 3 माह |
| 2 | प्रखंड– बालूमाथ, पंचायत–राजवार राजकीय मध्य विद्यालय, रजवार में 137 मी0 चाहरदिवारी एवं 01 (एक) अद्द G.C.I Sheet Gate निर्माण। | 10,31,900.00 | 20100.00 | 2500.00 | 3 माह |
| 3 | प्रखंड– बालूमाथ, पंचायत–षेरंगड़ा, उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय चेटर (बालूमाथ पूर्व) में 258 मी0 चाहरदिवारी एवं 01 (एक) अद्द G.C.I Sheet Gate निर्माण। | 19,07,000.00 | 38200.00 | 5000.00 | 3 माह |
| 4 | प्रखंड– बालूमाथ, पंचायत–बसिया, राजकीय कृत मध्य विद्यालय, नगड़ा में 259 मी0 चाहरदिवारी एवं 01 (एक) अद्द G.C.I Sheet Gate निर्माण। | 19,14,200.00 | 38300.00 | 5000.00 | 3 माह |

1. ग्रामीण कार्य विभाग / भवन प्रमण्डल विभाग के समुचित श्रेणी के निबंधित संवेदक ही इस निविदा में भाग ले सकेगें।
2. परिमाण विपत्र का मुल्य परिमाण विपत्र में अंकित राशि के अनुरूप आवेदन के साथ बैंक ड्राफ्ट के रूप में कार्यपालक अभियंता, एन0आर0ई0पी0, लातेहार के पदनाम से देय होगा एवं अदायगी पर (जो लौटाया नही जाएगा) परिमाण विपत्र निर्गत किया जाएगा। बैंक ड्राफ्ट लातेहार में भुगतेय होगा एवं बैंक ड्राफ्ट की वैद्यता निविदा प्राप्ति की तिथि से दो माह का होना अनिवार्य है।
3. प्राक्कलन की राशि घट–बढ़ सकती है। तदनुसार अग्रधन की राशि घट–बढ सकती है।
4. निविदा की अन्य शर्ते https://latehar.nic.in एवं कार्यालय, एन0आर0ई0पी0, लातेहार के सूचना पट्ट पर कार्यालय अवधि में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
एन0आर0ई0पी0, लातेहार

PR 316281 District (23-24)_D


### राजनीति | चारों लोगों ने रांची में प्रदेश अध्यक्ष के समक्ष बीजेपी की सदस्यता ग्रहण की

# मनिका विस क्षेत्र से 4 महारथी ने थामा भाजपा का दामन

**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**
जिले के मनिका विधानसभा क्षेत्र के चार बड़े चेहरे जिप सदस्य बलवंत सिंह, पूर्व जिप सदस्य सह विधानसभा की पूर्व प्रत्याशी शिल्पा कुमारी एवं उपेन्द्र सिंह खरवार तथा मनिका पूर्व प्रमुख गायत्री देवी ने बुधवार को भाजपा का दामन थामा। हजारों समर्थकों के साथ चारों बड़े चेहरे रांची पहुंचे जहां भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के समक्ष बीजेपी की सदस्यता ग्रहण की। इन चारों के भाजपा में आने के बाद भाजपा को काफी मजबूती मिलने की संभावना जताई जा रही है। वहीं इधर जनता कि मन में सवाल पर सवाल खड़े हो रहे हैं कि आखिर मनिका से 2024 की विधानसभा चुनाव में किसके उपर कृपा बरसायगी भाजपा क्योंकि कयास लगाया जा रहा है कि कहीं न कहीं चारों का मकसद एक ही है विधानसभा प्रत्याशी के रूप में जनता के बीच में आना।



इधर बलवंत सिंह, शिल्पा कुमारी एवं उपेन्द्र सिंह खरवार तथा गायत्री देवी ने कहा कि जिस प्रकार प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी के नेतृत्व में देश का नाम पूरी दुनिया में ऊंचा हो रहा है, उससे देश के युवा भी उत्साहित हैं। प्रधानमंत्री के सपने को साकार करने के लिए उनके साथ चलने के लिए भाजपा का दामन थाम रहे हैं।

बताते चलें कि बलवंत सिंह और शिल्पा कुमारी तथा गायत्री देवी भाजपा के विरोधी दल के साथ जुड़े हुए थे। वहीं बात करें उपेन्द्र सिंह खरवार कि तो यह सख्स कभी सरकार के विरुद्ध अपने हाथों में हथियार उठा लिया था। नक्सली संगठन के साथ जुड़कर चुनाव बहिष्कार कर रहे थे, लेकिन जिला प्रशासन कि पहल से अचानक इनका हृदय परिवर्तन हुआ और वह नक्सली संगठन छोड़कर जिला प्रशासन के समक्ष सरेंडर कर दिया। आज चुनावी समर्थक बन गये, सामाज के साथ जुड़कर सामाजिक कार्य में लग गए हैं। इधर इन चारों को भाजपा में शामिल करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले भाजपा के वरिष्ठ नेता मोती प्रसाद सोनी और पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष सुशील कुमार अग्रवाल ने कहा कि इनके भाजपा में आने से भाजपा काफी मजबूत होगी। मौके पर जिला परिषद अध्यक्ष पूनम देवी, जिला परिषद सदस्य संतोषी शेखर, वरिष्ठ भाजपा नेता रामदेव सिंह, विवेकानंद गुप्ता, ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष शत्रुघ्न प्रसाद, महेंद्र गुप्ता, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रामधनी सिंह, बरवाहीह मंडल महामंत्री प्रदीप सिंह नन्देव सिंह, आशीष प्रसाद समेत बड़ी संख्या में लोग रांची कार्यक्रम में हुए।

## एक नजर

### मानवता की सेवा करना ही नारायण की सेवा है : प्रणव



**लोहरदगा।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ सेवा विभाग के द्वारा सेन्हा प्रखंड के आदिम जनजाति बहुल गांव अरु चटकपुर एवं तोडार मैना टोली में छोटे बच्चों को गर्म कपड़े स्वेटर आदि का वितरण किया गया। यह सेवा कार्य शिवाजी प्रौढ़ व्यवसाय शाखा सेन्हा के सहयोग से किया गया। मौके पर जिला सेवा प्रमुख प्रणव कुमार पाठक ने कहा कि इस कड़ाके की ठंड में पीड़ित मानवता की सेवा करना ही नारायण की सेवा है स्वामी विवेकानंद जी ने भी कहा था कि मैं उसे नारायण का सेवक हूं जिसे अज्ञानीजन दरिद्र नारायण कहते हैं। इसी भावना को आत्मसात करते हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवक अनगिनत सेवा कार्यों का संचालन करते हैं। इसी के तहत समाज के वंचित बच्चों के बीच यह सेवा कार्य किया गया। इस कार्य में जिला के प्रचारक दीपक कुमार जिला बौद्धिक प्रमुख देवेंद्र कुमार, मंडल सेन्हा खंड के सेवा प्रमुख अवधेश साहू, स्वयंसेवक विक्रांत ठाकुर, विपुल तमेडा, रामस्वरूप महतो, रामस्वरूप मुंडा पाहन, अजय साहू, खुशबू असुर, रोशनी असुर, श्याम असुर, राहुल असुर, बल्कि मुंडा, फूल दास मुंडा, भुवनेश्वर मुंडा, सुखराम उरांव, बेलमती मुंडा, कृष्ण मुंडा, पार्वती उरांव, आलोक मुंडा, अंकित ठाकुर, दशरथ उरांव, सुधीर उरांव, विवेक विशाल, नीरज मुंडा, शिल्पा मुंडा, राजू राव, मगही उरांव आदि उपस्थित थे।

### केंद्रीय योजनाओं को लेकर मुखिया ने किया जनता को जागरूक

**सेन्हा।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत डांडू पंचायत भवन में पंचायत समिति सदस्य दुर्गा राम की उपस्थिति में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में स्वास्थ, आवास, बिजली, आयुष्मान कार्ड, गैस वितरण राशन वितरण की जानकारी दी गई। बाल विकास विभाग की ओर से आंगनबाड़ी सेविकाओं द्वारा पोषण वाटिका की प्रदर्शनी की गई।

### राज्य सभा सदस्य धीरज ने किया 500 कंबल का वितरण



**कैरो।** बढ़ती ठंड और शीतलहरी को देखते हुए प्रखंड कांग्रेस कमिटी के नेतृत्व में प्रखंड क्षेत्र में राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू के सौजन्य से 500 कम्बल का वितरण गरीब, निर्धन, वृद्ध एवं असहाय लोगों के बीच किया जा रहा है। मौके पर अनीस अहमद खान ने कहा कि मानवता की सेवा करना ही सबसे बड़ा धर्म है। जरूरतमंद लोगों को किसी भी एतबार से मदद करने पर अंतरात्मा से सुकून मिलता है। इस मौके पर कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद थे।

भंडरा के भौरो में गणपत राय की जयंती सह मेला समारोह का आयोजन, शहीद को सांसद, डीसी, एसपी व गणमान्य लोगों ने किया नमन

# 'शहीदों की कुबार्नी व उनके बलिदानों के ऋणी रहेंगे'







**कुलदीप कच्छप। भंडरा**

सन 1857 के वीर शहीद पांडेय गणपत राय की जयंती पर बुधवार को प्रखंड व जिला वासियों ने नमन किया। पांडेय गणपत राय जयंती के मौके पर उनके पैतृक गांव भंडरा प्रखंड के भौंरो गांव में जयंती सह विकास मेला का आयोजन किया गया। जयंती समारोह का शुभारंभ बतौर अतिथि राज्य सभा सांसद समीर उरांव, सांसद सुदर्शन भगत, हटिया विधायक नवीन जायसवाल, बिंदेश्वर बेक, उपायुक्त डॉ बाघमारे प्रसाद कृष्ण, पुलिस अधीक्षक हरिश बिन जमां, डीडीसी दिलीप प्रताप सिंह शेखावत व पांडेय गणपत राय की परपोती डॉ. वंदना राय आदि ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम शुभारंभ से पहले ने पांडेय गणपत राय की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। जिले सहित राज्य के अलग-अलग स्थानों से पहुंचे लोगों ने शहीद को नमन करते हुए उनके बताए गए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। स्मारक समिति की अध्यक्ष डॉ. वंदना राय ने कहा कि गांव में जो भी जन समस्याएं है, उन्हें सरकार दूर करें। तभी शहीद की सच्ची श्रद्धांजलि होगी। अतिथियों ने जरूरतमंद व्यक्तियों के बीच कंबल व परिसंपत्तियों का वितरण किया। इस अवसर पर शहीद पांडेय गणपत राय स्मारक समिति की अध्यक्ष वंदना राय, उपाध्यक्ष संजय खत्री, बीडीओ रंजीत सिन्हा, सीओ दिनेश गुप्ता, थाना प्रभारी गौतम कुमार, राजेश लाल, प्रणव कुमार बब्बू, सुनील सहाय, संजय सिन्हा (छोटू लाल), सीमा सिन्हा गणेश लाल, ओमप्रकाश सिंह, बिदेश्वर उरांव, पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष राजकिशोर महतो, बालकृष्ण सिंह, विवेक सोनी, किशोरी शर्मा, रवि साहू व काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

### भौंरो गांव का होगा संपूर्ण विकास : समीर

राज्य सभा सांसद समीर उरांव ने कहा कि भौंरो गांव में बुनियादी समस्याओं को भी यथाशीघ्र ठीक कराने को लेकर राज्य व केंद्र सरकार से पहल किए जाने की बात कही। 10 महिला आजीविका समूह के सदस्यों के बीच परिसंपत्ति का वितरण किया। अतिथि ने कहा कि हम सभी को विकास के कार्यों में बढ़ चढ़कर भागीदारी सुनिश्चित करनी चाहिए। शहीद की कुबार्नी व्यर्थ नहीं जाएगी। उन्होंने जो समृद्ध व खुशहाल गांव समाज का सपना देखा था। हम सभी को मिलकर उनके सपनों को उड़ान देने की जरूरत है। केंद्र हर स्तर से गांव के विकास के लिए प्रतिबद्ध है।

### हमारी पहचान शहीदों से ही है : सांसद

सांसद सुदर्शन भगत ने कहा कि आज हम सभी जो कुछ भी हैं वह शहीदों की कुबार्नी व उनके बलिदान से है। हमारी पहचान शहीदों से ही है। शहीद पांडेय गणपत राय के गांव पहुंचकर वे खुद को काफी गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। शहीद के गांव को आदर्श गांव के रूप में विकसित करने के लिए वे हर संभव प्रयास करेंगे। स्मारक समिति की अध्यक्ष डॉ. वंदना राय ने कहा कि गांव में जो भी जन समस्याएं है, उन्हें सरकार दूर करें। तभी शहीद की सच्ची श्रद्धांजलि हो सकती है। इस गांव के विकास को लेकर सरकार को ठोस पहल करनी चाहिए।

### राय के बताये रास्तों पर चलने की जरूरत : डीसी

उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने कहा कि आज अमर शहीद पाण्डेय गणपत राय की 215 वीं जयंती है और इतने वर्षों बाद भी उनके सम्मान में इतने लोगों का एक स्थान पर इकट्ठा होना उनके प्रति सम्मान व अगाध प्रेम को दर्शाता है। कई वर्षों के शासन के बाद यहां के आंदोलनकारियों के तेवर देख कर ब्रिटिश सरकार को लग गया था कि अब भारत को परतंत्र बना कर रखना आसान कार्य नहीं है। आज हमें शहीद पाण्डेय गणपत राय के बताये रास्तों पर चलने व उनसे प्रेरित होने की आवश्यकता है। आज हम इस आजाद हवा में सांसें ले रहे हैं तो इसके पीछे कितना बड़ा बलिदान है। बच्चों को आजादी का अर्थ बताना जरूरी है। आजादी की लड़ाई और उसके मूल्य को बताना जरूरी है ताकि बच्चे अनुसरण कर सकें।

### गणपत राय का कार्य अविस्मरणीय : एसपी

पुलिस अधीक्षक हारिश बिन जमां ने कहा कि 1857 के विद्रोह में झारखण्ड में विशेषकर इस क्षेत्र से पांडेय गणपत राय की भूमिका काफी महत्वपूर्ण रही। उस समय भी लोग इस क्षेत्र में पर्यावरण के काफी नजदीक थे। अंग्रेजों ने यहां के लोगों को पर्यावरण से अलग करने का प्रयास किया। लेकिन उस समय अंग्रेजी हुकूमत के विरूद्ध बिगुल फूंकने का जो कार्य शहीद पांडेय गणपत राय ने किया वह अविस्मरणीय था। वे आज भी हमारे लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। उन्होंने बताया कि अगर व्यवस्था में किसी प्रकार की कमी है तो उसके खिलाफ आवाज उठाएं। उनसे प्रेरणा उनके लेने की जरूरत है। उनका जीवन अनुकरणीय है, जिसे आत्मसात करने की जरूरत है।

### राय के जीवन से प्रेरणा मिलती है : डीडीसी

उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने कहा कि राज्य सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं का स्टॉल इस कार्यक्रम में लगाया गया। लोगों को इसका लाभ उठाना चाहिए। राय के जीवन से हमें प्रेरणा मिलती है कि जीवन के कुछ ऐसा करें कि लोग आपसे प्रेरित हों। आपको अपना आदर्श मानें।

### विकास मेले में लगे विभागों के स्टॉल

शहीद पांडेय गणपत राय की 215 वीं जयंती सह विकास मेला में जिला प्रशासन के सौजन्य से बाल विकास परियोजना, स्वास्थ्य विभाग, कल्याण, कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता, सिगल विडो, जिला प्रौद्योगिकी अभिकरण, आत्मा, जिला उद्यान, सहकारिता, अंचल, झारखंड राज्य लाइवलीहुड प्रोमोशन सोसाइटी, प्रधानमंत्री आवास योजना, गव्य विकास, जिला बागवानी मिशन, श्रम नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास व प्रखंड आपूर्ति द्वारा का स्टॉल लगाकर लोगों को विभिन्न विभागों द्वारा चलाए जा रहे विकास योजनाओं की जानकारी दी गई। इस दौरान विभिन्न विभागों की ओर से स्टॉल लगाए लगाए गए थे। उपायुक्त लोहरदगा, पुलिस अधीक्षक लोहरदगा व अन्य पदाधिकारियों द्वारा विभिन्न विभागों के द्वारा लगाए गए स्टॉलों का निरीक्षण किया गया।

# 'किसी भी धर्म को आहत करने वाला काम नहीं करें'

## राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर हुई शांति समिति की बैठक में थाना प्रभारी ने दी हिदायत

**नवीन मेल संवाददाता। भंडरा**

थाना परिसर में बुधवार को आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा के निमित प्रखंड में आयोजित कार्यक्रम को लेकर बीडीओ रंजीत कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक हुई। बैठक में भंडरा प्रखंड के विश्व हिंदू परिषद, जय श्री राम समिति के अलावे समाज के विभिन्न वर्ग के बुद्धिजीवी शामिल हुए। मौके पर बीडीओ रंजीत कुमार सिन्हा ने भंडरा प्रखंड में 22 जून को होने वाले कार्यक्रम की जानकारी लेते हुए शांतिपूर्ण तरीके से प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम के अनुष्ठान संपन्न कराने की बात कही है। इस दौरान विहिप भंडरा के सदस्यों द्वारा भंडरा ठाकुरबाड़ी मंदिर परिसर में विधिवत पूजा-अर्चना, भंडारा, लाइव प्रसारण के पश्चात ढाई बजे से साढ़े चार बजे तक थाना मोड़ से नौडीहा चौक व नौडीहा चौक से मसमानो मोड़ तक नगर भ्रमण कार्यक्रम को लेकर जानकारी दी गई। मौके पर भंडरा थाना प्रभारी गौतम कुमार ने कहा कि भंडरा प्रखंड में शांतिपूर्ण ढंग से त्योहार का आनंद लें, किसी भी तरह की परेशानी होने पर इसकी सूचना प्रखंड प्रशासन को देना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखना है। किसी भी प्रकार की कोई परेशानी होती है, तो उसकी सूचना प्रखंड थाना पुलिस को दें। साथ ही उन्होंने कहा कि किसी भी धर्म को आहत करने वाला काम नहीं करें। आपसी-भाईचारगी के साथ दीपोत्सव मनाएं। मौके पर जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष परवेज अंसारी ने कहा कि पांच वर्षों से विवादित राम मंदिर का सपना अब पूरा हुआ है। इससे पूरे देश में खुशी की लहर है। भंडरा प्रखंड में सभी धर्म समुदाय मिलकर प्राण-प्रतिष्ठा का उत्सव मनाएंगे। मौके पर ईश्वरी मोहन शर्मा, उमेश्वर नाथ तिवारी, इंद्रदेव उरांव, बालकृष्णा सिंह, परमेश्वर महली, सुमित उरांव, आफताब आलम, परवेज अंसारी, परवेज मिरदाहा, जुल्फान अंसारी, हैदर अंसारी, मुन्ना चौहान, मंजूर अंसारी, विवेक सिंह सहित काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।



### शांति समिति की बैठक

**सेन्हा।** 22 जनवरी को श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर सेन्हा थाना परिसर में शांति समिति की बैठक हुई, जिसमें बैठक में आए हुए शांति समिति के सदस्यों के द्वारा अपने अपने क्षेत्र में 22 जनवरी श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर होने वालें उत्सव के बारे जानकारी दी गई। अंचलाधिकारी राकेश कुमार तिवारी के द्वारा बताया गया कि अनुमंडल पदाधिकारी के आदेशानुसार प्रखंड क्षेत्र में शोभायात्रा अन्य कार्यक्रम आयोजन हेतू विधिवत आदेश निर्गत अनुमंडल पदाधिकारी से सुनिश्चित कराने को लेकर चर्चा की गई। साथ ही प्रखंड क्षेत्र के सभी मंदिर प्रांगन में क्या क्या कार्यक्रम आयोजन होगा उसकी जानकारी प्रखंड व पुलिस प्रशासन को अवगत कराने का बात कहीं गई। शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए प्रशासन आपके साथ रहेगा। चिकित्सा पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि 22 जनवरी को स्वास्थ्य केंद्र में विशेष टीम गठित कर स्वास्थ्य व्यवस्था बहाल करेंगे। सोसल मीडिया में आपत्तिजनक पोस्ट करने वाले पर पैनी नजर रखी जाएगी। सामाजिक तत्वों को चिन्हित कर प्रखंड व पुलिस प्रशासन को सूचना दें। मौके पर जिप सदस्य राधा तिर्की, बीडीओ अशोक कुमार चोपड़ा, अंचलाधिकारी राकेश तिवारी, प्रशिक्षु डीएसपी अमीत सिंह, एसआई गणेश यादव, उप प्रमुख पौल पन्ना, सेन्हा मुखिया धनबाज उरांव, उगरा पंचायत समिति सदस्य अफसाना खातून, झालजमिरा पंचायत समिति सदस्य लक्ष्मी उरांव, अजय सोनी, त्रिलोकी सिंह, नवीन साहू, रंजीत साहू, इम्तियाज अंसारी, सगीर अंसारी, हफीज अंसारी, मुनेश्वर साहू, पंकज महतो, रामचंद्र महतो, चंदन महतो आदि मौजूद थे।

# विद्या मंदिर में गुरु गोविंद सिंह की जयंती मनाई गई

**लोहरदगा।** शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर लोहरदगा में सिखों के दसवें गुरु गोविंद सिंह की जयंती का समारोह अत्यंत हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। विद्यालय की प्रभारी प्रधानाचार्य मधुमिता शर्मा ने गुरु गोविंद सिंह के चित्र पर दीप प्रज्वलन एवं पुष्पार्चन करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मंच संचालन विष्णु दत्त पांडेय ने किया। विद्यालय में हिंदी विषय की वरिष्ठ आचार्या अनीता देवी ने इस अवसर पर भैया बहनों को संबोधित करते हुए कहा कि गुरु गोविंद सिंह महान चिंतक, धर्म रक्षक और वीर योद्धा थे। उन्होंने देश और धर्म की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। हमें अपने देश और धर्म की रक्षा के लिए उनके आदर्शों को अपनाना चाहिए। समारोह की अध्यक्षता कर रही मधुमिता शर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि महापुरुषों की जयंती मनाने से हमें उनके आदर्शों पर चलने की प्रेरणा मिलती है। प्रधानाचार्य बिपिन कुमार दास ने इस मौके पर भैया बहनों को चरित्रवान, संस्कारित एवं अनुशासित बनने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर राजीव कुमार सिंह, बीना तिवारी, प्रमेन्द्र सिंह आदि उपस्थित थे।


## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,

भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल लातेहार।

अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0– : 28/2023–24

1. विभाग का नाम :– भवन निर्माण विभाग
2. विज्ञापनदाता का नाम :– कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंड़ल, लातेहार
3. परिमाण विपत्र प्राप्ति हेतु आवेदन की अंतिम तिथि एवं समय :– 31.01.2024 के 1.00 बजे अपराह्ण तक ।
4. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– 01.02.2024 के 3.00 बजे अपराह्ण तक ।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 01.02.2024 के 3.30 बजे अपराह्ण तक ।
6. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– 1.अधीक्षण अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल सं0–02 रॉची के द्वारा प्राधिकृत स्थान एवं प्रतिनिधि के द्वारा। 2. पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, लातेहार। 3. सहायक अभियंता भवन अवर प्रमंड़ल, लातेहार के द्वारा प्राधिकृत स्थान पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, लातेहार एवं प्रतिनिधि के द्वारा।

7 .निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान :– 1. पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, लातेहार।

कार्य का नाम एवं अन्य सूचना :–

| क्र. सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि रु0 | अग्रधन राशि रु0 | परिमाण विपत्र का मूल्य रु0 | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. |
| 1 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड बालूमाथ के पंचायत बसिया में उत्क्रमित मध्य विद्यालय, बसिया में चाहरदिवारी निर्माण। | 39,74, 483 /- | 79500 /- | 5000/- | 03 (Three ) Month s |
| 2 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड बालूमाथ के पंचायत बालूमाथ में राजकीय बुनियादी (बेसिक) विद्यालय, बालूमाथ का चाहरदिवारी निर्माण। | 41,97,060 /- | 84000/ - | 5000/ - | 03 (Three) Months |
| 3 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड लातेहार के पंचायत बेन्दी में राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय, लेधपा में चाहरदिवारी निर्माण। | 30,20, 712 /- | 60500/ - | 5000/ - | 03 (Three) Months |

नियम एवं शर्त कार्यालय के सूचना पट्ट या **www.jharkhand.gov.in** पर देखें ।

कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंड़ल, लातेहार।

PR 316312 Building(23-24)D



## झारखण्ड सरकार
## कारा निरीक्षणालय
### गृह, कारा एवं आपदा पबंधन विभाग, झारखंड
### कार्यालय अधीक्षक, मंडल कारा, गढ़वा

E-Mail ID:- dj-garhwa@jharkhandmail.gov.in
jailsuperintendent.garhwa@gmail.com,Phone No. 06561-222104

**अति अल्पकालीन ई0 निविदा सूचना**

**HJ AND DM/DJ GARHWA/Q-1/2024/68**

| | | |
|---|---|---|
| 01 | कारा का नाम | मंडल कारा, गढ़वा |
| 02 | विषय | कारा में संसीमित बंदियों के भोजनादी की व्यवस्था हेतु विभिन्न प्रकार के खाद्यानों, हरी सब्जियों, आलू, फल, मांस, सरसो का तेल, चीनी एवं अन्य विविध सामग्रियों के क्रय/आपूर्ति के निमित्त ई0 निविदा का आमंत्रण। (1) प्रथम त्रैमासिक ई0 निविदा दिनांक–01.01.2024 से 31.03.2024 तक। (2) द्वितीय त्रैमासिक ई0 निविदा दिनांक–0104.2024 से 3006.2024 तक। (3) वार्षिक ई0 निविदा दिनांक–01.04.2024 से 31.03.2025 तक। |
| 03 | निविदा प्रपत्र का मूल्य (Non Refundable) Online स्वीकार की जायेगी। | ₹5000.00 (पाँच हजार) मात्र। (1), (2) एवं (3) प्रत्येक का ₹5000.00 (पाँच हजार)। |
| 04 | बेबसाईट पर निविदा प्रपत्र के उपलब्धता की तिथि एवं समय। | दिनांक–02.02.2024, समय–पूर्वाह्न 10.00 बजे से दिनांक–08.02.2024 के अपराह्न 04.00 बजे तक। |
| 05 | निविदा Online Upload करने की तिथि। | दिनांक–02.02.2024, समय–पूर्वाह्न 10.00 बजे से दिनांक–08.02.2024 के अपराह्न 04.00 बजे तक। |
| 06 | आपूर्ति हेतु खाद्य सामग्रियों का नमूना (Sample) जमा करने की तिथि। | दिनांक–09.02.2024, समय–पूर्वाह्न 10.00 बजे से दिनांक–10.02.2024 के अपराह्न 04.00 बजे तक। |
| 07 | अग्रधन राषि (EMD)(₹2500/–.से अधिक होने पर जमा करने की तिथि) | दिनांक–09.02.2024, समय–पूर्वाह्न 10.00 बजे से दिनांक–10.02.2024 के अपराह्न 04.00 बजे तक। |
| 08 | निविदा खुलने की तिथि/समय/ स्थान | दिनांक–12.02.2024, समय–पूर्वाह्न 11.00 बजे अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में अपर समाहर्त्ता की उपस्थिति में। |

नोट :–
1. उपर्युक्त निविदा झारखंड सरकार की बेबसाईट https://jharkhandtenders.gov.in पर केवल e-Tender के माध्यम से प्राप्त/स्वीकृत की जायेगी।
2. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online ही स्वीकार की जायेगी।
3. अतिरिक्त सूचना प्राप्ति हेतु अधीक्षक, मंडल कारा, गढ़वा के कार्यालय में कार्यालय अवधि में सम्पर्क स्थापित किया जा सकता है। e-Tender को Online Upload करने से संबंधित जानकारी हेतु कार्यालय अवधि में Helpline No.- 9430342752 से सम्पर्क किया जा सकता है।

काराधीक्षक
मंडल कारा, गढ़वा

PR 316343 Prison(23-24).D


# प्रतिनिधिमंडल ने रेलवे अंडरपास को लेकर सांसद, मंत्री और डीआरएम को सौंपा ज्ञापन

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

रेलवे विभाग रांची द्वारा किस्को मोड़ से होकर लोहरदगा-किस्को को जोड़ने वाले पथ के मार्ग को परिवर्तित कर कचहरी मोड़ से रेलवे अंडर ब्रिज का निर्माण कर मार्ग परिवर्तित कर देने के कारण किस्को मोड़ और पतरा टोली के स्थानीय निवासियों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

विभिन्न समस्याओं को लेकर महिलाओं के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने सांसद सुदर्शन भगत, झारखंड के वित्त मंत्री सह

### सांसद, मंत्री ने दिया पूर्ण सहयोग का आश्वासन

स्थानीय विधायक रामेश्वर उरांव को रांची स्थित आवास में ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में पुराने मार्ग को रेलवे विभाग द्वारा बंद कर दिए जाने, देवस्थल में अधूरे छठ घाट को पूरा करने, किस्को मोड़ व आसपास सप्लाई पानी का रिसाव से आवागमन बाधित होने, सड़क खराब होने, देशवाली सरना स्थल का घेराबंदी किए जाने आदि महत्वपूर्ण बिंदुओं की ओर ध्यान दिलाया गया है। इन बिंदुओं पर सांसद सुदर्शन भगत ने अपनी ओर से पूर्ण सहयोग किए जाने का आश्वासन दिया, जबकि मंत्री रामेश्वर उरांव ने पूरा सहयोग करने की सहमति दी। इसके उपरांत सभी लोग रांची डीआरएम कार्यालय जाकर किस्को मोड़ अंडर पास से संबंधित समस्याओं से अवगत कराया। प्रतिनिधिमंडल में ज्योति वर्मा, कमला देवी, शांति उरांव, उषा भगत, सुशीला लकड़ा, चंद्रिका यादव, जीतराम भगत, नरेश साहू, बिरसा उरांव आदि शामिल थे।

### सड़क दुर्घटना में बाइक सवार घायल

**सेन्हा।** थाना क्षेत्र के बदला नदी के समीप दो बाइकों की टक्कर में एक युवक घायल हो गया। गोबरसेला के पास लोहरदगा से दो युवक एक ही दिशा से लोहरदगा जिला के सेरेंगदाग थाना क्षेत्र सुभाल असुर अपना अपाची बाइक से तथा मंगू असुर बाइक से अपने-अपने घर जा रहे थे। इस दौरान मंगू को सुभल ने पीछे से टक्कर मार दी, जिससे मंगू गिर कर घायल हो गया। प्रशिक्षु डीएसपी अमित सिंह के निर्देश पर एएसआई विरेंद्र बाखला दल बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचे और घायल युवक को एम्बुलेंस से सदर अस्पताल लोहरदगा भेजवाया।


## कार्यक्रम: बाबा गोविंद दास मठ में मनाई गई गुरु गोविंद सिंह की जयंती

# 'गुरु गोविंद सिंह ने दिया मानव सेवा का संदेश'

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

पावरगंज साइडिंग स्थित बाबा गोविंद दास मठ प्रांगण में गुरु गोविंद सिंह की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम में सर्वप्रथम 10:00 बजे से 11:30 बजे तक पाठ (पूजा) अरदास, आरती के कार्यक्रम संपन्न हुए तत्पश्चात कड़ाह प्रसाद एवं भंडारे (लंगर)का आयोजन हुआ। मौके पर पुरोहित गोपाल पांडे ने शौर्य और साहस के प्रतीक गुरु गोविंद सिंह के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि गुरु गोविंद सिंह का जन्म पौष माह की शुक्ल पक्ष की सप्तमी तिथि को बिहार के पटना में हुआ। गुरु गोविंद सिंह एक आध्यात्मिक गुरु होने के साथ-साथ एक योद्धा, कवि और दार्शनिक भी थे। वहीं कवलजीत सिंह ने कहा कि गुरु गोविंद सिंह ने खालसा पंथ की स्थापना की थी। गुरु गोविंद सिंह के जन्मदिवस को प्रकाश पर्व के रूप में मनाया जाता है। गुरु गोविंद सिंह ने मानवता की सेवा का संदेश हम लोगों को देकर गए हैं। इसी राह पर आज हम सभी को चलने की आवश्यकता है। वहीं आजसू पार्टी की केंद्रीय महासचिव नीरू शांति भगत ने कहा कि गुरु गोविंद सिंह ने जात-पात से ऊपर उठकर मानवता की सेवा का जो संदेश दिया है और समस्त मानव जाति को एक ही समझा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अविनाश कौर, जितेंद्र सिंह, अमृता कौर, प्रभजोत सिंह, सिमरत कौर, करमन सिंह, संजीव शर्मा, शीतल कौर, सनी सिंह, सुरेंद्र जग्गी, नीलम जग्गी, आशुतोष पाठक, हिमांशु केसरी गुप्तेश्वर प्रसाद गुप्ता, दीपक शराफ, जयप्रकाश शर्मा, रोहित प्रजापति, सागर वर्मा, आकाश मेहता, संदीप भगत, पंकज विश्वकर्मा, एसके चौहान खोखन दा, पिंकी देवी, विनोद सिंह, मनोज गुप्ता, बरज सिंह, जवाहर अग्रवाल, शशि भूषण सिंह, सतीश पांडे, रंजीत साहू, विश्वजीत साहदेव, सोनू राजकुमार, पशुपतिनाथ पारस, रोहित ओझा, दिलीप साहू, दिनेश साहू, रघु देवघरिया, सीताराम गुप्ता, मनोज गुप्ता, दिलीप वर्मा, अजय अग्रवाल, माइकल विश्वकर्मा, सोमू दता आदि मौजूद थे।





त्रिशूर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को प्रसिद्ध गुरुवयूर मंदिर में प्रार्थना करते हुए।



त्रिशूर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को त्रिप्रयार श्री रामास्वामी मंदिर में 'मलयालम रामायण' की प्रस्तुति से भावविभोर हो उठे। कार्यक्रम के बाद कलाकारों से उन्होंने बात की और उनकी प्रस्तुति की प्रशंसा की।

## हर खबर पर...कैमरे की नजर

### सुपरस्टार सुरेश गोपी की बेटी की शादी में पीएम



त्रिशूर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवयूर मंदिर में अभिनेता से नेता बने सुरेश गोपी की बेटी के विवाह समारोह में भाग लिया और नवदंपती को आशीर्वाद दिया।

## एक नजर

### असम में भूकंप के हल्के झटके

**गुवाहाटी।** असम में बुधवार को रिक्टर पैमाने पर 3.5 तीव्रता का हल्का भूकंप आया। नेशनल सेंटर ऑफ सीस्मोलॉजी के मुताबिक, भूकंप का केंद्र दरांग जिले में 20 किमी की गहराई पर था। केंद्र ने कहा कि भूकंप सुबह 7.54 बजे आया। किसी के घायल होने या किसी नुकसान की कोई रिपोर्ट नहीं है।

### शराब ठेके में लगी आग, सो रहे सेल्समैन की जलकर हुई मौत

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद के साहिबाबाद इलाके में एक शराब के ठेके में आग लग गई। जिसके चलते ठेके के अंदर सो रहे सेल्समैन की जलकर मौत हो गई है। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की गाड़ी ने आग पर काबू पाया और अंदर अचेत अवस्था में पड़े सेल्समैन को अस्पताल पहुंचाया। अस्पतला में डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। फायर डिपार्टमेंट ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। सीएफओ गाजियाबाद से मिली जानकारी के मुताबिक, साहिबाबाद क्षेत्र के राजीव कॉलोनी मोहननगर में सुबह 4 बजकर 50 मिनट पर शराब ठेके में आग लगने की सूचना मिली।

## मणिशंकर अय्यर की बेटी के संस्थान पर हुई कार्रवाई

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत सरकार ने कानूनों के उल्लंघन ने संस्थान सेंटर फॉर पॉलिसी रिसर्च थिंक टैंक का एफसीआरए लाइसेंस रद्द कर दिया है। गृह मंत्रालय ने बुधवार को यह कार्रवाई की है। एफीसीआरए लाइसेंस के निलंबन का मतलब है कि अब सीपीआर संस्थान विदेशों से फंड प्राप्त नहीं कर सकता है। बता दें कि विदेशओं से धन प्राप्त करने के लिए सरकारी और गैर-सरकारी संगठनों के लिये एफसीआरए पंजीकरण जरूरी है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने जानकारी दी कि कथित तौर पर विदेशी फंडिंग के प्रावधानों का उल्लंघन करने के लिए सेंटर फॉर पॉलिसी रिसर्च का विदेशी अंशदान विनियमन अधिनियम लाइसेंस रद्द कर दिया गया है। बता दें कि कांग्रेस नेता मणिशंकर अय्यर की बेटी यामिनी अय्यर इस थिंक टैंक की अध्यक्ष और मुख्य कार्यकारी हैं। क्या है सीपीआर का काम? सेंटर फॉर पॉलिसी रिसर्च दिल्ली स्थित एक थिंक टैंक है जो 21वीं सदी की चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए पॉलिसी से जुड़े मुद्दों पर रिसर्च करता है। सीपीआर विभिन्न घरेलू और अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं से अनुदान प्राप्त करता है। इनकम टैक्स ने भी साल 2022 के सितंबर महीने में विदेशी फंडिंग को लेकर सेंटर फॉर पॉलिसी रिसर्च पर सर्वेक्षण किया था।

## कांग्रेस आम लोगों के सुझावों से तैयार करेगी घोषणा पत्र

**नई दिल्ली।** कांग्रेस का कहना है कि लोकसभा चुनाव के लिए पार्टी अपना घोषणा पत्र आम लोगों की राय से तैयार करेगी। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व घोषणा पत्र समिति के अध्यक्ष पी चिदंबरम ने बुधवार को पार्टी मुख्यालय में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस का घोषणापत्र जनता का घोषणापत्र बनने जा रहा है। हम आम लोगों की राय लेकर घोषणापत्र तैयार करेंगे। देश का कोई भी नागरिक हमें ईमेल और वेबसाइट के माध्यम से सुझाव दे सकता है। कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने संवाददाता सम्मेलन के दौरान कहा कि 'आवाज भारत की'- एक पहल है कि लोगों के सुझावों के आधार पर कांग्रेस का घोषणा पत्र तैयार किया जा सके।


## भाजपा ने दिग्गजों को सौंपी जिम्मेदारी

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी ने लोकसभा चुनाव में राज्य के दिग्गजों को बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है। इन दिग्गजों को तीन से पांच लोकसभा क्षेत्र का जिम्मा सौंपा गया है और उनकी जिम्मेदारी है कि वह संबंधित इलाके के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। बीते रोज नई दिल्ली में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की अध्यक्षता में क्लस्टर प्रभारी की बैठक हुई। इस बैठक में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह भी मौजूद रहे और उन्होंने लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर चर्चा की। इस चर्चा के बाद राज्य के लोकसभा क्षेत्र का क्लस्टर बनाया गया और इनका प्रभारी दिग्गज नेताओं को बनाया गया है। पार्टी ने राज्य को सात क्लस्टर में बांटा गया है और उनका प्रभारी नियुक्त किया है। ग्वालियर चंबल क्लस्टर का प्रभारी पूर्व गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा को बनाया गया है।

## पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा।

### आवश्यक सूचना।

(लापता व्यक्ति ओमप्रकाश कुमार,(दिमागी हालत खराब है) उम्र–23 वर्ष)



रमना थाना सनहा सं0–22/2023, दिनांक–10.10.2023 लापता ओमप्रकाश कुमार उम्र–23 वर्ष (जिसकी दिमागी हालत खराब है) पिता–बिहारी बैठा, ग्राम–चना कला, थाना–रमना, जिला–गढ़वा, राज्य–झारखण्ड के रहने वाला है। जो दिनांक–28.12.2023 को अपने घर से बिना किसी को बताये कहीं चल गया है, जो अबतक घर वापस नहीं आया है। उक्त लापता व्यक्ति का काफी खोजबीन किया गया परन्तु अबतक पता नहीं चल सका है। अतः आम जनता से अनुरोध है कि उक्त लापता व्यक्ति ओमप्रकाश कुमार के बारे में किसी प्रकार की लाभप्रद सूचना प्राप्त हो तो पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय), गढ़वा के मो0नं0–9431706284 या पुलिस अधीक्षक, गढ़वा के मो0नं0– 9431706281 पर सूचित करने की कृपा करें।

हुलिया:–
रंग–सॉवला, उंचाई–05 फिट, पहनावा–छिंटदार नीला शर्ट एवं,
सफेद फुलपैन्ट, बोली–हल्का तोत्ला बोलता है।

निवेदक,
पुलिस अधीक्षक,गढ़वा।

PR 316276 Police(23-24)D

## न्यायालय, उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी,लातेहार

### दाखिल खारिज पुनरीक्षण वाद संख्या– 12/2015

नोटिस

कुन्दन कुमार व चन्दन कुमार व
नन्दन कुमार, पिता– स्व0रामदेनी प्रसाद,
ग्राम+ पो0– जालीमखुर्द, थाना+जिला–लातेहार। :– अपीलार्थी

बनाम्

इन्दु देवी, पति– श्री जनार्दन साहु,
ग्राम+ पो0– जालीमखुर्द, थाना+जिला–लातेहार। :– प्रतिपक्षी

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी, लातेहार के न्यायालय में चल रहे दाखिल खारिज पुनरीक्षण में बार–बार नोटिस देने के बावजूद भी आप लगातार अनुपस्थित रह रहे हैं।

अतः आपको अंतिम रूप से सूचित किया जाता है कि वाद की सुनवाई हेतु निर्धारित अगली तिथि 09.02.2024 को उपस्थित होकर स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से पक्ष रखना सुनिश्चित करें। अन्यथा अभिलेख में संलग्न दस्तावेज के आधार पर वाद में अंतिम निर्णय पारित कर दिया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से नोटिस निर्गत किया गया।

प्रभारी पदाधिकारी,
जिला विधि शाखा,लातेहार

PR 316263 District(23-24).D

## न्यायालय, उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी, लातेहार

नोटिस

### विविध वाद संख्या–26/2022

बनाम्

सावित्री देवी पति– प्रदीप गंझू,
ग्राम– अमरवाडीह उर्फ फुलबसिया, बालूमाथ,
प्रखण्ड– बारियातु, जिला– लातेहार। :–प्रतिपक्षी

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी, लातेहार के न्यायालय में झारखण्ड पंचायत राज अधिनियम की धारा–151(ii) के तहत् दाखिल आवेदन संबंधित वाद में आपको बार–बार नोटिस तामिला किये जाने के बावजूद भी आप लगातार अनुपस्थित हैं।

अतः आपको अंतिम रूप से सूचित किया जाता है कि वाद की सुनवाई हेतु निर्धारित अगली तिथि 09.02.2024 को उपस्थित होकर स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से पक्ष रखना सुनिश्चित करें। अन्यथा अभिलेख में संलग्न दस्तावेज के आधार पर वाद में अंतिम निर्णय पारित कर दिया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से नोटिस निर्गत किया गया।

प्रभारी पदाधिकारी,
जिला विधि शाखा, लातेहार

PR316262 (District)23-24*D

## लादेन की तरह मैसेज भेज रहा शाहजहां, नहीं ढूंढ पा रही पुलिस





**एजेंसी। कोलकाता**

ईडी ने संदेशखाली हमला के मामले में तृणमूल नेता शेख शाहजहां की तुलना ओसामा बिन लादेन से की है। ईडी के वकील ने बुधवार को कलकत्ता हाई कोर्ट में कहा कि शाहजहां ओसामा बिन लादेन की तरह वॉयस मैसेज भेज रहा है। उसके बाद भी पुलिस उसे ढूंढ नहीं पा रही है? इसके जवाब में राज्य सरकार के वकील ने कहा कि शाहजहां के घर के सामने लगे 10 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। इस पर जज ने पूछा कि अब तक उसकी गिरफ्तारी क्यों नहीं हुई? तब राज्य सरकार की ओर से बताया गया कि वह फरार है और उसकी तलाश जारी है। कलकत्ता उच्च न्यायालय ने बुधवार को संदेशखाली मामले की सुनवाई करते हुए सीबीआई और राज्य को दोपहर दो बजे तक एक-एक एसपी रैंक के अधिकारी के नाम अदालत में सौंपने का निर्देश दिया। हाईकोर्ट शाम चार बजे फैसला सुनाएगा। केंद्र के अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल (एएसजी) एसवी राजू और वकील धीरज त्रिवेदी ने संदेशखाली मामले में ईडी की ओर से दलील दी है। राज्य का प्रतिनिधित्व महाधिवक्ता (एजी) किशोर दत्ता और अधिवक्ता अमितेश बनर्जी ने किया।

उल्लेखनीय है कि गत पांच जनवरी को संदेशखाली में छापेमारी करने गई ईडी टीम पर करीब एक हजार लोगों ने हमला कर दिया था। शाहजहां के घर पर छापेमारी के दौरान हुए इस हमले के बाद ईडी ने उसे मास्टरमाइंड बताया है और घटना की सीबीआई जांच की मांग की है।

## समाहरणालय, चतरा

(पर्यटन, कला–संस्कृति, खेलकूद एवं युवाकार्य शाखा)
sport.chatra@gmail.com

### शुद्धि पत्र–01

इस कार्यालय के पत्रांक–13/खेल, दिनांक–08.01.2024 द्वारा प्रकाशित निविदा संख्या–PR 315550 (Tourism, Art Culture Sports and Youth Affairs) 23-24*D के संदर्भ में निम्नलिखित संशोधन जारी किये जा रहे है। यह शुद्धि पत्र निविदा का अभिन्न अंग होगा।

| Sl. No. | इस कार्यालय का पत्रांक एवं निविदा संख्या | Page, Ref No. and in Tender Document | Tender Content | Amendment |
|---|---|---|---|---|
| 1 | पत्रांक–13/खेल, दिनांक–08.01.2024 द्वारा प्रकाशित निविदा संख्या–PR 315550 (Tourism, Art Culture Sports and Youth Affairs) 23-24*D | Page-1 | निविदा खोलने की तिथि व समय – 20.01.2024 समय अपराह्न – 12:30 बजे तक | दर वर्तमान में निविदा खोलने की तिथि व समय – 22.01.2024 समय अपराह्न – 03:30 बजे तक |

नोट :–1. पूर्व में प्रकाशित निविदा में शेष शर्तें यथावत रहेगी तथा तत्काल प्रभाव से निविदा को इस हद तक संशोधित समझा जाय।
2. अधिक जानकारी हेतु जिला खेल कार्यालय चतरा का संपर्क सख्या 9455226589 पर संपर्क किया जा सकता है।

जिला क्रीड़ा पदाधिकारी,
चतरा

PR 316306 Tourism, Art Culture Sports And Youth Affairs (23-24)#D

## कार्यालय नगर पंचायत, हुसैनाबाद (पलामू)

Email: - nphussainabad@gmail.com

ज्ञापांक ................../ दिनांक ..................

### इच्छा की अभिव्यक्ति/दर आमंत्रण सूचना 2023–24

दीनदयाल अंत्योदय योजना–राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के तहत ऋण प्राप्त लाभुकों को विभागीय दिशानिर्देश के आलोक में छः दिवसीय EDP (Entrepreneurship Development Programme) प्रशिक्षण दिया जाना है जो नगर पंचायत के कौशल विकास–सह–सामुदायिक शौचालय अनुमण्डल मैदान के पास स्थित भवन में दिया जाना है जिसकी कुल संख्या लगभग 60 होगी। अतः वैसे प्रशिक्षण प्रदाता संस्था/गैर सरकारी संगठन/Training partner/ reputed institutions engaged in entrepreneurship development/ training, management/ educational institutes, reputed NGOs engaged in entrepreneurship development/ training etc. से दर आमंत्रित की जाती है। जो बन्द लिफाफे में 30 जनवरी 2024 को 02:00 बजे अपराहन को कार्यालय में जमा कर सकते हैं। बन्द लिफाफे में निम्न दस्तावेज जमा करना होगा:–

1. EDP प्रशिक्षण देने संबंधित पंजीकरण प्रमाण पत्र
2. संबंधित क्षेत्र में कार्य का अनुभव

नोट :– विस्तृत जानकारी हेतु कार्यालय के संपर्क सूत्र 9835206770 पर संपर्क स्थापित की जा सकती है।

प्रशासक
नगर पंचायत हुसैनाबाद

PR 316258 District (23-24)_D

## समाहरणालय, चतरा

(पर्यटन, कला-संस्कृति, खेलकूद एवं युवाकार्य शाखा)
sport.chatra@gmail.com

### शुद्धि पत्र-01

इस कार्यालय के पत्रांक–12/खेल, दिनांक– 08.01.2024 द्वारा प्रकाशित निविदा संख्या– PR 315548 (Tourism, Art Culture Sports and Youth Affairs) 23-24(D) के संदर्भ में निम्नलिखित संशोधन जारी किये जा रहे है। यह शुद्धि पत्र निविदा का अभिन्न अंग होगा।

| Sl. No. | इस कार्यालय का पत्रांक एवं निविदा संख्या | Page, Ref No. and in Tender Document | Tender Content | Amendment |
|---|---|---|---|---|
| 1 | पत्रांक– 12/खेल, दिनांक– 08.01.2024 द्वारा प्रकाशित निविदा संख्या– PR 315548 (Tourism, Art Culture Sports and Youth Affairs) 23-24 (D) | Page-1 | निविदा खोलने की तिथि व समय – 19.01.2024 समय अपराहन – 12:30 बजे तक | वर्तमान में निविदा खोलने की तिथि व समय – 22.01.2024 समय अपराहन – 12:30 बजे तक |

नोट :– 1. पूर्व में प्रकाशित निविदा में शेष शर्ते यथावत रहेगी तथा तत्काल प्रभाव से निविदा को इस हद तक संशोधित समझा जाय।
2. अधिक जानकारी हेतु जिला खेल कार्यालय चतरा का संपर्क सख्या 9455226589 पर संपर्क किया जा सकता है।

PR 316304 Tourism, Art Culture Sports And Youth Affairs (23-24)_D जिला क्रीड़ा पदाधिकारी, चतरा

## जिला समादेष्टा झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी का कार्यालय, लातेहार।

### आवश्यक सूचना

लातेहार जिला के वैसे गृह रक्षक जिसका पुनः नामांकन नवम्बर – 2019 में किया गया था। वर्तमान में उनका बॉण्ड अवधि नियामावली अनुसार 04 वर्ष की अवधि समाप्त हो चुकी है, वैसे गृह रक्षकों का पुनः नामांकन दिनांक– 30.01.2024 को न्यू पुलिस केन्द्र, लातेहार में स्थित झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी, कार्यालय में किया जायेगा। प्रखण्डवार गृह रक्षकों का सैन्य संख्या प्रखण्ड के सामने अंकित है। पुनः नामांकन हेतु गृह रक्षक पूर्ण वर्दी में रहेंगे तथा अपने साथ आधार कार्ड, दो पासपोर्ट साइज का फोटो (पूर्ण वदी में) एवं गृह रक्षा वाहिनी कार्यालय द्वारा निर्गत गृह रक्षक सम्बंधित प्रमाण पत्र (छायाप्रति के साथ) अपने साथ लाएंगे।

| क्र0 | प्रखण्ड का नाम | सैन्य संख्या | पुनः नामांकन स्थल | दिनांक/समय | चिकित्सीय जॉच तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 01. | लातेहार | 10675,10679,9672 | न्यु पुलिस केन्द्र, लातेहार स्थित गृह रक्षा वाहिनी कार्यालय, लातेहार। | 30.01.2024 10 : 00 बजे से 17 : 00 बजे तक | 30.01.2024 10 : 00 बजे से 17 : 00 बजे तक |
| 02. | चन्दवा | 10116,560,9921,10670,42, 9333 | -DO- | -DO- | -DO- |
| 03. | गारू | 10366,324,672,10909, 656,10365,335,535 | -DO- | -DO- | -DO- |
| 04. | महुऑडाड | 107,10503,128,127,114,508 | -DO- | -DO- | -DO- |
| 05. | मनिका | 9322,9643,10002,10219, 10474 | -DO- | -DO- | -DO- |
| 06. | बालूमाथ | 10209,247,282,599,674 ,593,480,594 | -DO- | -DO- | -DO- |
| 07. | बरवाडीह | 9654,10058,10898,10126, 526,192,10441,10658 | -DO- | -DO- | -DO- |
| 08. | शहरी | 17,42,43,73, | -DO- | -DO- | -DO- |

पुलिस उपाधीक्षक (मु0),गढवा
–सह– झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी,
लातेहार।

PR 316319 Police(23-24)D

## भाजपा की जीत में केरल की भी होगी भूमिका : पीएम

**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री ने बुधवार को केरल में पार्टी के कार्यक्रम में कार्यकताओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि भाजपा की आगामी आम चुनावों में जीत में केरल की भी भूमिका होगी। उन्होंने कहा कि हमारा पहला संकल्प होना चाहिए हम अपना बूथ जीतेंगे और अगर हम एक बूथ जीत सकते हैं, तो हम केरल जीत सकते हैं। प्रधानमंत्री ने केरल के कोच्चि में पार्टी के शक्ति केंद्र प्रभारी सम्मेलन को संबोधित करते हुए कांग्रेस, सत्तारूढ़ वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) और विपक्षी यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (यूडीएफ) पर जमकर निशाना साधा। कहा, केरल में एलडीएफ और यूडीएफ का ट्रैक रिकॉर्ड भ्रष्टाचार का इतिहास रहा है। उन्होंने कहा कि हमें मतदाताओं को बताना होगा कि 10 साल पहले देश में एक कमजोर सरकार थी। तब आए दिन आतंकी हमले होते थे। आज पूरी दुनिया भारत को विश्व मित्र के रूप में देख रही है और भारत और भारतीयों का गौरव नई ऊंचाइयों को छू रहा है। खाड़ी देशों में भारतीयों का सम्मान बढ़ा है। प्रधानमंत्री मोदी ने भाजपा कार्यकताओं को जीत का मंत्र देते हुए अपना बूथ जीतने के लिए हर घर संपर्क करने और पहली बार मतदान करने वाले युवा वोटरों पर विशेष फोकस करने की सलाह दी।



**एलडीएफ और यूडीएफ का ट्रैक रिकॉर्ड भ्रष्टाचार का पर्याय : नरेन्द्र मोदी**

## पुलिस अधीक्षक का कार्यालय गढ़वा

### आवश्यक सूचना

(चोरी गयी मोटरसाईकिल SPLENDER+ (SELF- DRUM- CAST), रंग–काला सिलवर)

गढ़वा थाना कांड सं0–12/2024 दिनांक–06.01.2024 धारा–379 भा0द0वि0 के कांड में चोरी गयी मोटरसाईकिल SPLENDER+ (SELF- DRUM- CAST) जिसका रजि0 न0– JH03AC-7590, इंजन नं0–HA11EVLHJB6156 एवं चेचिस नं0– MBLHAW117LHJ67245 को दिनांक–06.01.2024 को गढ़वा कोर्ट के समीप रोड किनारे से अज्ञात चोरों के द्वारा चोरी कर लिया गया है। जिसकी बरामदगी अबतक नहीं हो पाई है। अतः आम जनता से अनुरोध है कि उक्त चोरी गयी मोटरसाईकिल के बारे में किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की सूचना प्राप्त हो, तो पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय) गढ़वा के मो0नं0–9431706284 अथवा पुलिस अधीक्षक, गढ़वा के मो0नं0–9431706281 पर सूचित करने का कष्ट करेंगे।

निवेदक,
पुलिस अधीक्षक,
गढ़वा

PR316284 (Police)23-24*D

**सुप्रभात**

**जीवन का अगर हर दाव जीतना है तो बल से ज्यादा बुद्धि का उपयोग करें क्योंकि बल लड़ना सिखाता है और बुद्धि जीतना : अज्ञात**

# पुरानी पेंशन बहाली बन सकता है मुद्दा

देश में पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर सरकारी कर्मियों का धैर्य अब जवाब देता दिख रहा है। केंद्र सरकार को चेताने के लिए कर्मियों ने आठ जनवरी से 11 जनवरी तक 'रिले हंगर स्ट्राइक' की थी । नेशनल ज्वाइंट काउंसिल ऑफ एक्शन (एनजेसीए) के संयोजक शिवगोपाल मिश्रा ने जंतर-मंतर पर सरकार को चेतावनी दी थी कि अब कोई धरना प्रदर्शन नहीं होगा। सरकार हमें, देशव्यापी हड़ताल करने के लिए मजबूर कर रही है। उन्होंने कहा, सरकार 1974 की रेल हड़ताल जैसा माहौल न बनाए। मिश्रा ने सरकार को चेतावनी देते हुए कह दिया, 1974 की हड़ताल के बाद तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी का क्या हाल हुआ था। देश में आपातकाल लगा और उसके बाद कांग्रेस पार्टी को करारी हार मिली थी। अब जल्द ही सभी कर्मचारी संगठनों की बैठक बुलाई जाएगी। देश भर में होने वाली अनिश्चितकालीन हड़ताल की तिथि तय होगी। हड़ताल की स्थिति में ट्रेनों व बसों का संचालन बंद हो जाएगा। केंद्र एवं राज्य सरकारों के दफ्तरों में कलम नहीं चलेगी।1974 में जॉर्ज फर्नांडीस की अगुआई में रेल हड़ताल हुई थी। उस वक्त कहा गया था कि सरकार अगर कर्मचारियों की मांगों को पूरा करती, तो उस पर मुश्किल से दो सौ करोड़ रुपये खर्च होने थे, लेकिन सरकार को हड़ताल तोड़ने के लिए करीब दो हजार करोड़ रुपये खर्च करने पड़े थे। इसके बाद रेल कर्मियों में असंतोष फैल गया था। वह हड़ताल 8 मई 1974 को प्रारंभ होकर 27 मई 1974 तक चली थी। इस दौरान रेलवे में सारा कामकाज ठप हो गया था। हजारों लोगों को जेल जाना पड़ा था। अनेक लोगों को नौकरियों से हाथ धोना पड़ा था। शिवगोपाल मिश्रा का कहना था, हमने सरकार के समक्ष कई बार आग्रह किया है कि पुरानी पेंशन लागू की जाए। सरकारी कर्मियों को बिना गारंटी वाली 'एनपीएस' योजना को खत्म करने और परिभाषित एवं गारंटी वाली 'पुरानी पेंशन योजना' की बहाली से कम कुछ भी मंजूर नहीं है। इसके लिए समय-समय पर ज्ञापन सौंपे गए हैं। कैबिनेट सचिव के साथ बैठक में यह मुद्दा उठाया गया है। रामलीला मैदान में सरकारी कर्मियों की कई रैलियां हो चुकी हैं। इनमें केंद्र और राज्यों के लाखों सरकारी कर्मियों ने हिस्सा लिया था। इतना कुछ होने पर भी केंद्र सरकार ने कर्मियों की इस मांग की तरफ कोई ध्यान नहीं दिया।केंद्र सरकार, अड़ियल रवैया अख्तियार कर रही है। नेशनल मूवमेंट फॉर ओल्ड पेंशन स्कीम (एनएमओपीएस) के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कुमार बंधु ने कहा, केंद्र सरकार एनपीएस में संशोधन करने जा रही है। हम संशोधन के लिए आंदोलन नहीं कर रहे हैं। अगर कोई भी कर्मचारी नेता या संगठन, सरकार के संशोधन प्रस्ताव पर सहमत होते हैं तो '2004' वाली गलतियां, '2024' में भी दोहराई जाएंगी। एनपीएस एक डस्टबीन है। करोड़ों कर्मियों का दस फीसदी पैसा और सरकार का 14 फीसदी पैसा, डस्टबीन में जा रहा है। यह स्वीकार्य नहीं है।

**नेशनल ज्वाइंट काउंसिल ऑफ एक्शन (एनजेसीए) के संयोजक शिवगोपाल मिश्रा ने जंतर-मंतर पर सरकार को चेतावनी दी थी कि अब कोई धरना प्रदर्शन नहीं होगा। सरकार हमें, देशव्यापी हड़ताल करने के लिए मजबूर कर रही है। उन्होंने कहा, सरकार 1974 की रेल हड़ताल जैसा माहौल न बनाए। मिश्रा ने सरकार को चेतावनी देते हुए कह दिया, 1974 की हड़ताल के बाद तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी का क्या हाल हुआ था। देश में आपातकाल लगा और उसके बाद कांग्रेस पार्टी को करारी हार मिली थी। अब जल्द ही सभी कर्मचारी संगठनों की बैठक बुलाई जाएगी।**

इन दिनों

# गठबंधनों की माया से मुक्त होकर चलेगी मायावती


ललित गर्ग




***बहुजन*** समाज पार्टी सुप्रीमो मायावती ने आगामी लोकसभा चुनावों में अकेले चुनाव लड़ने की घोषणा करके न केवल विपक्षी इंडिया गठबंधन को चौंकाया है बल्कि नये राजनीतिक समीकरण खड़े कर दिये हैं। इंडिया गठबंधन के अन्य दलों को इस घोषणा से कोई विशेष फर्क नहीं पड़ेगा, लेकिन कांग्रेस, समाजवादी पार्टी एवं भाजपा का चुनावी नफा-नुकसान इससे अवश्य प्रभावित होगा। यही कारण है तीनों दलों के रणनीतिकार अपने-अपने नजरिए से सियासी आंकलन करने में जुट गये हैं। मायावती अगर विपक्षी गठबंधन में शामिल होतीं तो उत्तर प्रदेश में कांग्रेस और समाजवादी पार्टी दोनों को फायदा हो सकता था, लेकिन अब यह फायदा भाजपा को मिल सकता है। हाल के दिनों में भाजपा की रीतियों-नीतियों को लेकर जिस तरह का उदार रवैया बसपा सुप्रीमो दिखा रही थीं, उससे भी ऐसे अंदाजे लगाये जा रहे थे कि वे इंडिया गठबंधन के लिये कोई उजाला नहीं बनेगी। इस ताजे ऐलान की मुख्य वजह पहले ही दिखाई देने का एक बड़ा कारण मायावती ने अपने भतीजे आकाश आनंद को अपना उत्तराधिकारी घोषित करना भी रहा है। आज जब सभी विपक्षी दल भाजपा एवं नरेन्द्र मोदी के खिलाफ मिलकर एकजुट हुए हैं, उसमें बसपा जैसी बड़ी पार्टी का ना होना भी महत्वपूर्ण हो जाता है। निश्चित ही बसपा का हाथी इंडिया गठबंधन के सपनों को कुचलते हुए आगे बढ़ गया है। लम्बे समय तक उत्तर प्रदेश में शासन का अनुभव रखने वाली मायावती ने राजनीतिक सूझबूझ का परिचय देते हुए स्वतंत्र चुनाव लड़ने का ऐलान किया है। मायावती के अकेले चुनाव लड़ने से बसपा को लोकसभा में सीटों का कितना फायदा होगा, यह तो भविष्य के गर्भ में हैं। लेकिन अपने वोट बैंक के लिहाज से मायावती ने अकेले चुनाव लड़ने ऐलान कर खिसकता हुआ जनाधार बढ़ाने का एक अचूक तीर चलाया है। उन्होंने अपने वोटरों को एक संदेश भी दिया है कि उनके वोट बैंक में कोई दूसरा हिस्सेदारी नहीं ले सकता है। जबकि समाजवादी पार्टी इस तरह का लाभ लेने के लिये तमाम तरह के दांवपेंच चलाती रही है। बसपा ने उ.प्र. में समाजवादी पार्टी के साथ मिलकर 1993 व 2019 में विधानसभा व लोकसभा के चुनाव लड़े थे। राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार वर्ष 1993 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में सपा और बसपा में वोट ट्रांसफर हुआ था। जिसके चलते राज्य में गठबंधन की सरकार बनी थी। हालांकि, वर्ष 2014 में सपा-बसपा अलग-अलग चुनाव लड़े थे, लेकिन वर्ष 2019 में दोनों साथ मिलकर लड़े। इससे दोनों दलों को फायदा हुआ। यहां तक कि बसपा को ज्यादा फायदा हुआ क्योंकि 2014 में भाजपा के राजनीतिक गणित से मात खाकर बसपा को एक भी सीट नहीं मिली थी। जबकि गठबंधन के साथ बसपा 2019 में दस लोकसभा सीट पाने में सफल रही। हालांकि, सपा को ज्यादा लाभ नहीं हुआ, उसके खाते में सिर्फ पांच लोकसभा सीट ही आईं। मायावती एवं अखिलेश यादव के बीच कुछ समय से खटास बढ़ने एवं अविश्वास की स्थितियां गहराती हुई दिख रही थी, यही कारण है मायावती ने सपा के मुखिया को रंग बदलने वाला गिरगिट तक कह दिया। मायावती ने कहा कि जिन दलों के साथ बसपा ने पिछले चुनावों के दौरान गठबंधन किया था, उनके वोट का लाभ उनको न होकर गठबंधन दल को हुआ। बहरहाल, मायावती के एकला चलो के फैसले से इंडिया गठबंधन को बड़ा झटका जरूर लगा है, खासकर देश की सबसे पुरानी कांग्रेस पार्टी को आस थी कि मायावती विपक्षी गठबंधन का हिस्सा बनेंगी तो वोटों का बिखराव रोका जा सकेगा। खासकर दिल्ली की कुर्सी का रास्ता दिखाने वाले उत्तर प्रदेश में बढ़त लेने के लिये, जहां वंचित समाज में बसपा की मजबूत पकड़ का लाभ इंडिया गठबंधन को मिल सकता है। लेकिन मायावती ने अपने वोट बैंक को सुरक्षित, संरक्षित एवं वृद्धिंगत करने के लिये ही यह दूरगामी फैसला लिया है, जिसका लाभ बसपा को मिलेगा। मायावती का यह राजनीति फैसला जनादेश और जनापेक्षाओं को ईमानदारी से समझने और आचरण करने का भी सही कदम है और सफलता ऐसे ही सही कदमों के साथ चलती है। मायावती का यह दांव राजनीतिक तौर पर निश्चित ही दूसरों की बजाय खुद के लिये बेहद फायदेमंद हो सकता है। क्योंकि बसपा का वोट बैंक उसी का है, उसमें कोई सेंधमार नहीं कर सकता। इसीलिये बसपा के लोकसभा का चुनाव अकेले लड़ने से कई फायदे मिलते नजर आ रहे हैं। पहला फायदा तो यही है कि पार्टी अपने पूर्व अनुभवों के लिहाज से मानकर चल रही है कि उसका वोट प्रतिशत कम नहीं होगा। दूसरा और महत्वपूर्ण फायदा बसपा को यह है कि उनके वोट का फायदा या हिस्सेदारी कोई अन्य दल नहीं ले सकता है। इन स्थितियों में अगर वोट प्रतिशत कम नहीं होता है, तो निश्चित तौर पर उनकी सीटें भी कहीं कम नहीं होने वालीं। भाजपा की प्रचंड लहर में भी भले ही उनकी सीटें कम हों, लेकिन वोट प्रतिशत में कोई सेंधमारी नहीं हो सकी। इसलिए बरकरार वोट प्रतिशत के साथ अकेले सियासी मैदान में उतरना पार्टी के लिए फायदे का सौदा होगा। इन सभी गणनाओं के आधार पर अकेले चुनाव का रास्ता उनकी पार्टी के कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाने एवं भविष्य के लिये बसपा को मजबूती देने वाला राजमार्ग बन सकता है। इसके अलावा कहा यह भी जा रहा है कि मायावती ने अपने उत्तराधिकारी आकाश आनंद के लिए इस चुनाव में पहली बार खुले तौर पर बगैर किसी दबाव के रणनीति बनाने और उसे अमली जामा पहनाने के लिए अकेले चुनाव लड़ने का बड़ा सियासी खेल खेला है।

**बसपा ने उ.प्र. में समाजवादी पार्टी के साथ मिलकर 1993 व 2019 में विधानसभा व लोकसभा के चुनाव लड़े थे। राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार वर्ष 1993 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में सपा और बसपा में वोट ट्रांसफर हुआ था। जिसके चलते राज्य में गठबंधन की सरकार बनी थी। हालांकि, वर्ष 2014 में सपा-बसपा अलग-अलग चुनाव लड़े थे, लेकिन वर्ष 2019 में दोनों साथ मिलकर लड़े। इससे दोनों दलों को फायदा हुआ। यहां तक कि बसपा को ज्यादा फायदा हुआ क्योंकि 2014 में भाजपा के राजनीतिक गणित से मात खाकर बसपा को एक भी सीट नहीं मिली थी।**

## आपकी बात

### जब तक शिक्षक भूखा है ज्ञान का सागर सूखा है


डॉ. रंजू सैनी

शिक्षक अपने आप में ऐसा शब्द जो कभी भी पूर्ण नही होता , शिक्षक और शिक्षा निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है ,शिष्य और गुरु जबसे छात्र और शिक्षक बने तब से माता सरस्वती से ज्यादा लक्ष्मी का महत्व बढ़ गया बढ़ता भी क्यूं न, आखिर शिक्षक को भी घर और जिम्मेदारियां निभानी होती है, अब तो शिक्षक टीचर और छात्र स्टूडेंट हो गए और इनके शब्दों के अर्थ भी बदल कर अर्थ , धन का महत्व बढ़ने लगा । शिक्षक के नाम बदलते गए और जो उनका काम था उसका भी रुप बदलने लगे, बात स्कूलों को करे तो वहां प्राथमिक , माध्यमिक, उच्च शिक्षा में परमानेंट शिक्षक, पारा शिक्षक, सहायक शिक्षक आदि रख लिए गए जिनका काम तो समान है पर पैसे का भुगतान अलग होते हैं, विश्वविद्यालय, महाविद्यालय में अथिति शिक्षक, अनुबंध शिसक,आवश्यकता आधारित शिक्षक, परमानेंट शिक्षक आदि नाम के टीचर आ गए है जिनका काम तो एक ही है पर किसी को मानदेय मिलता है तो किन्ही को सैलरी मिलती जिसमे गैप बहुत अधिक होता है, इस असंतुष्टि का असर हर शिक्षक पर पड़ता ही है, एक कहावत है भूखे पेट भजन नही होता । पर हर हालत से लड़ कर सभी भजन तो करते है और अपने हर काम का दायित्व निभाते ही हैं। एक टीचर को अपने कैरियर का ग्राफ उपर लाने के लिए, ज्ञान प्राप्त के लिए भी पैसे की जरूरत होती है,सम्मानपूर्वक जीवन से लेकर मरण तक पैसे की जरूरत सबको होती है । सरकार को चाहिए कि एक शिक्षक को अच्छे पैसे न दे सके तो सम्मापूर्वक जी सके इतना तो कर सके। सबको स्थाई न कर सके पर उनके उच्च शिक्षा का मान सम्मान की तो इज्जत करें, उन्हें इस तरह के मानदेय दिए जाए कि उन्हें उच्च शिक्षा लेने पर खुद को कोसना न पड़े और सबको उच्च शिक्षा के लिए प्रेरित कर सके। **(शिक्षक नेता रांची)**

### अलाव का प्रबंध नहीं होने से परेशानी

जिले में पड़ रही कड़ाके की ठंड के बाद भी किसी भी सार्वजनिक स्थलों पर अलाव का प्रबंध नहीं किये जाने से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। विशेषकर राहगीरों व यात्रियों को तो अत्यधिक पीड़ा उठानी पड़ रही है। जिले के एकमात्र नगर निगम मेदिनीनगर में भी रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड सहित किसी भी सार्वजनिक स्थल पर शासन स्तर पर अलाव नहीं जलवाया गया है।

**– आलोक कुमार मेदिनीनगर**

अपने पत्र हमें इमेल कर सकते हैं-**article.rnmail@gmail.com**

संगीत की दुनिया


# भारत के खिलाफ मालदीव के कंधे पर चीन ने रखी बंदूक


डॉ. अनिल कु. निगम


***चीन*** कुछ समय से भारत पर लगातार हमलावर है। चीन एलएसी का उल्लंघन निरंतर करता रहा है। लेकिन हर मोर्चे पर विफल रहने के बाद उसने भारत के खिलाफ अत्यक्ष युद्ध छेड़ दिया है। वह यह काम भारत के पड़ोसी देशों को अपनी कर्जजाल नीति में उलझाकर कर रहा है। भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की लक्ष्यद्वीप यात्रा के बाद जिस तरीके से मालदीव के तीन मंत्रियों- मालशा शरीफ, मरियम शिउना और अब्दुल्ला महजूम ने भारत के प्रधानमंत्री मोदी पर जुबानी हमला किया, वह मालदीव का हमला नहीं है बल्कि उसने यह काम साम्राज्यवादी चीन के इशारे पर किया है। ध्यातत्व है कि मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मोइज्जू चीन के समर्थक हैं और वह अपने देश में भारत विरोधी राजनीति कर ही सत्ता में आए हैं। सितंबर 2023 में प्रोग्रेसिव पार्टी ऑफ मालदीव (पीपीएम) के उम्मीदवार मोइज्जू वहां के राष्ट्रपति चुने गए थे। उनका चीन के साथ मजबूत संबंधों पर जोर है। मोइज्जू ने भारतीय सैनिकों को मालदीव से बाहर करने के मुद्दे पर चुनाव लड़ा था। इसलिए ऐसा माना जा रहा था कि वह राष्ट्रपति बनने के बाद चीन के इशारे पर काम करेंगे। ऐसे में सवाल उठना लाजमी है कि मालदीव के मंत्रियों ने प्रधानमंत्री मोदी और भारत के खिलाफ जहर क्यों उगला? इसके पीछे निहितार्थ क्या थे? इसके पीछे चीन क्यों है? वास्तविकता तो यह है कि चीन केवल मालदीव को ही नहीं, बल्कि भारत के पड़ोसी अफगानिस्तान, पाकिस्तान, बांग्लादेश, भूटान, मालदीव, नेपाल और श्रीलंका सहित सार्क देशों में तेजी से अपनी पैठ बना रहा है। इसके लिए वह इन देशों को अपनी कर्ज जाल नीति और विस्तारवादी नीति के तहत अपने चंगुल में फंसा रहा है। चीन ने नेपाल में 1.34 अरब डॉलर का निवेश किया है। नेपाल में ड्रैगन कई प्रोजेक्ट पर काम शुरू कर चुका है। नेपाल में चीन एयरपोर्ट, रोड, कॉलेज, शॉपिंग मॉल तक बना रहा है और रेलवे लाइन बिछा रहा है। नेपाल भारत के लिए बहुत प्रासंगिक है लेकिन ओली सरकार ने भारत के साथ अत्यंत पुराने रिश्तों को बिगाड़ दिया था। हालांकि मौजूदा प्रधानमंत्री प्रचंड ने रिश्तों को सुधारने की अच्छी कोशिश की है।

**चीन ने नेपाल में 1.34 अरब डॉलर का निवेश किया है। नेपाल में ड्रैगन कई प्रोजेक्ट पर काम शुरू कर चुका है। नेपाल में चीन एयरपोर्ट, रोड, कॉलेज, शॉपिंग मॉल तक बना रहा है और रेलवे लाइन बिछा रहा है।**

## फेसबुक वॉल से




## X- से




# अवध में श्रीराम बिराजें- 11

**।।।। सरल जीवन में उत्कृष्टता का स्पंदन ।।।।**


डॉ. मयंक मुरारी
चिंतक और आध्यात्मिक लेखक

***महर्षि*** रमण के अंतिम क्षण में उनके शिष्यों ने पूछा कि अब देह छूट रही है। आप कहां जायेंगे ? महर्षि ने कहा कि कहां जाऊंगा । जाने को कहीं कोई जगह नहीं है। जो हूं वही रहूंगा और जहां हूं वहीं रहूंगा।एक ही अस्तित्व है और दूसरा कोई अस्तित्व नहीं है। दिक्कत है कि हम होश में नहीं है, हम जटिल बने हुए हैं। रामकथा में वर्णन है कि चित्रकूट में भरत पहुंच गये है। वहां यह तय होता है कि भरत और शत्रुघ्न वन में रहेंगे और प्रभु श्रीराम सहित माता जानकी एवं लक्ष्मण को अयोध्या आना है। इस योजना के बारे में बताने गुरु वशिष्ट और भरतजी वन में श्रीराम के पास जाते हैं। वहां राम पूरी विनम्रता से कहते है कि जो कहां जायेगा, उसे वह स्वीकार कर लेंगे। इसी प्रकार जब सुमंत वन में दशरथ की आज्ञा सुनाते है कि उन्होंने वन घूमाकर वापस लाने को कहा है, तब राम विनीत भाव से कहते है- हे तात सुमंत ! मैं आपसे ज्यादा क्या कहूं ? आप बड़े हैं। मैं आपको प्रत्युत्तर देने में भी पाप का भागी होता हूं। सत्य के समान कोई धर्म नहीं है। बात सरलता की है। यदि सरल है तो पक्षियों की चहचहाहट को सुनना ध्यान हो सकता है। अपनी भीतर की आवाजों में लीन होना समाधि बन सकता है। हम सोये हुए हैं, और जीवन में नृत्य चल रहा है। हम बस खोजते रहते हैं, हमें पता नहीं है। जबकि मन, भाव और शरीर इसी प्रकृति का अंग है जो एक ही प्रवाह की लहर से प्रवाहित हो रही है। सरल बने रहना बहुत मुश्किल है। सरलता और जटिलता के दोलक के बीच मनुष्य झूलता रहता है। लेकिन राम तब भी संतुलन का परिचय देते है, जब माता कैकेयी दो वरदान के बारे में बताती है। राम कहते है कि इससे कोई हमारी हानि नहीं होगा। भरत राजा बने, यह अच्छी बात है। वन में विशेष रूप से मुनियों से मेरा मिलन होगा। जिससे मेरा सभी प्रकार का कल्याण है। यह विनम्रता की चरम अभिव्यक्ति है। जीवन में जो भी व्यक्ति अपने मन को दर्पण की भांति निर्मल बना लेता है, तो उसमें प्रभु का रूप प्रतिबिंबित होने लगता सरल व्यक्ति अगर एक वृक्ष के पास भी खड़ा होगा तो उसमें परमात्मा के सौंदर्य को अनुभव करेगा। वह पक्षी की गीतों में उस निराकार के स्वर का रसास्वादन करेगा। खिलते फूल में परमात्म के सुवास का बोध करेगा। राम ही निषाद को भरत का स्थान दे सकते हैं।

**रामकथा में वर्णन है कि चित्रकूट में भरत पहुंच गये है। वहां यह तय होता है कि भरत और शत्रुघ्न वन में रहेंगे और प्रभु श्रीराम सहित माता जानकी एवं लक्ष्मण को अयोध्या आना है।**


**बोधि वृक्ष**

## कैलाश पर्वत की कथा, इतिहास व रहस्य

इस पर्वत को लेकर अनेक कथाए प्रचलित है। जिनके मान्यता है कि कैलाश पर्वत पर भगवान्‌ शिव का वास है। पर इसके कोई वैज्ञानिक तर्क नहीं है। कैलाश पर्वत की ऊंचाई 6638 मीटर है। वही माउन्ट एवरेस्ट की लम्बाई कैलाश की तुलना में लगभग 2 किमी अधिक है। और आज तक माउन्ट एवरेस्ट जो कि दुनिया की सबसे ऊँची छोटी है। एवरेस्ट पर आज तक लगभग 7 हजार से अधिक लोग सफल चढ़ाई कर चुके है। पर एवरेस्ट से 2000 मीटर छोटे कैलाश पर अभी तक कोई नहीं पंहुचा है। ये एक अद्भुत रहस्य है। इस पर्वत में 100 से अधिक छोटे परमिंड है। जिनके जुड़ने से इस पर्वत का निर्माण हुआ है। इस पर्वत के चारो और शिल्पकला से जानवरों के मुंह की आकृति बनाई गई है। चारो तरह अलग-अलग जानवरों की आकृति है। और इन प्रतिमाओ से चार नदिया निकलती है। जो इस पर्वत को चार भागो में बांटती है। मानसरोवर तथा राक्षस झील कैलाश पर्वत पर स्थित है। कैलाश पर्वत अनेक नदियों का उद्गम स्थल भी है। जिसमे-ब्रह्मपुत्र, सिन्धु, सतलुज तथा घाघर प्रमुख है। कैलाश पर्वत को हिन्दू, बौद्ध तथा जैन धर्मो में इसे पवित्र स्थान माना गया है। दुनिया की सबसे ऊँची मीठे पानी की झील मानसरोवर झील इस पर्वत पर है। माना जाता है कि सुबह ब्रह्म महूर्त के समय इस झील में भगवान स्वय स्नान करने के लिए आते है तथा इसमे एक बार स्नान कर लेने वाले व्यक्ति का मोक्ष प्राप्त हो जाता है। मानसरोवर झील में कल्पवृक्ष है। जो हर मनोकामना पूरी करता है। इस वृक्ष के फल के सेवन से जीवन सफल बन जाता है पर इस वृक्ष तक एक पवित्र आत्मा वाला इंशान ही पहुँच सकता है। मानसरोवर के विपरीत दिशा में राक्षस झील है। मान्यता है कि इस झील का निर्माण राक्षसों के राजा रावण ने किया था। **(क्रमशः)**

## टेक वर्ल्ड

### 5 जी इस्तेमाल के आधार पर भारत टॉप 3 देशों में शामिल

बेंगलुरू में नोकिया की 6जी रिसर्च लैब के उद्घाटन के दौरान नोकिया के अध्यक्ष और सीईओ पेक्का लुंडमार्क में भारत में 5जी कनेक्टिविटी नेटवर्क के डेप्लॉयमेंट के बारे में बात की। उनके अनुसार, भारत वर्तमान में सबसे बड़े 5जी उपयोगकर्ता में से एक है और ये सबसे बड़े 5जी स्थापित बेस वाले टॉप 3 देशों में आता है। बता दें कि, ये उपलब्धि भारत में 5जी तकनीक के विकास और उसे लागू करने की अहम प्रगति को दिखाती है। वहीं लुंडमार्क के मुताबिक, ये दूरसंचार के बुनियादी ढांचे को आगे बढ़ाने के लिए देश की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। भारत में 5जी रोल आउट वास्तव में उल्लेखनीय है। उन्होंने कहा कि ये अब तक के सबसे तेज टेलीकॉम नेटवर्क रोल आउट में से एक रहा है और भारत के पास बड़ा 5जी बेस है। उनके मुताबिक, भारत में 5जी डाउनलोड स्पीड कई अन्य उन्नत बाजारों में पाई जाने वाली स्पीड के आगे है। प्रमुख देशों में टेलीकॉम गियर शिपमेंट में गिरावट के बावजूद भारत का 5जी रोल आउट एरिक्सन और नोकिया के कारोबार में गिरावट की भरपाई करने में सक्षम है। नोकिया ने 2023 की जून तिमाही में भारत में टेलीकॉम उपकरणों की ब्रिकी से 333 प्रतिशत की बढ़त के साथ लगभग 9,500 करोड़ रुपये की वृद्धि दर्ज की। खट फाइनेंशियल की एक रिपोर्ट के मुताबिक, रिलायंस जियो और एयरटेल अपने नेटवर्क को मजबूत करने के लिए चालू वित्त वर्ष में लगभग 75 हजार करोड़ रुपये का निवेश कर सकती है। रिपोर्ट के अनुसार, वित्त वर्ष 2024 में जियो लगभग 42 हजार करोड़ रुपये और भारतीय एयरटेल लगभग 33 सौ करोड़ रुपये का निवेश कर सकती है। **(क्रमशः)**




**स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-3553943, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)**

# बच्चों को बनाना चाहते हैं मेंटली स्ट्रांग तो जरूर सिखाएं ये बातें



**अनन्या मिश्रा**

वर्तमान समय में पेरेंट्स और बच्चों के बीच इमोशनल और मेंटल कनेक्ट काफी कम देखने को मिलती है। इसके पीछे कई कारण हो सकते हैं। लेकिन अगर आप अपने बच्चे को मेंटली मजबूत बनाना चाहते हैं, तो उनको नीचे बताई गई चीजें जरूर सिखानी चाहिए।

वर्तमान समय में पेरेंट्स और बच्चों के बीच इमोशनल और मेंटल कनेक्ट काफी कम देखने को मिलती है। इसके पीछे का कारण बच्चों के लिए समय न निकाल पाना, पेरेंट्स के बीच बढ़ते झगड़े, माता-पिता का अलग-अलग रहना आदि कारण बच्चों के मेंटल हेल्थ पर काफी गहरा असर छोड़ता है। इन वजहों से बच्चा कहीं न कहीं मानसिक रूप से कमजोर हो जाते हैं। इस कारण बच्चे छोटी-छोटी बातें भी नहीं बर्दाश्त कर पाते हैं।

आपने देखा होगा कि कुछ बच्चों को बहुत जल्दी या छोटी-छोटी बातों पर गुस्सा आ जाता है। तो वहीं कुछ बच्चे थोड़ा डरे व सहमे लगते हैं। इन सारी चीजों का सबसे बड़ा कारण होता है कि बच्चों का मानसिक विकास कमजोर है। ऐसे में अगर आप भी पेरेंट्स हैं और अपने बच्चें को मेंटली स्ट्रॉन्ग बनाना चाहते हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए है।

### असफलता को मैनेज करना सिखाएं

खेलकूद एक ऐसी चीज होती है, जिससे बच्चे हार व जीत का फर्क समझते हैं। ऐसे में हार मिलने के बाद उनको कैसे संभलना चाहिए, यह सीखने में स्पोर्ट्स उनकी काफी मदद करता है। इसके अलावा एक टीम के साथ मिलकर किस तरह से चीजें मैनेज की जाती हैं, यह भी बच्चे स्पोर्ट्स से ही सीखते हैं। ऐसे में आप क्रिकेट, फूटबॉल, या बच्चे की पसंद का कोई भी खेल खेलने के लिए उनको प्रोत्साहित कर सकते हैं। साथ ही उनके हारने पर उसे कैसे मैनेज करना है, यह भी सिखा सकते हैं।

### स्ट्रेस को कम करता है डांस

डांस एक तरह का वर्कआउट होता है। इसको करने से बच्चा तनावमुक्त रह सकता है। अगर बच्चे को डांस करने में इंट्रेस्ट है, तो यह उनको खुश भी कर सकता है। इसलिए आप बच्चे को उनकी पसंद के मुताबिक कोई भी डांस फोम सीखने व करने दें। जिससे कि वह स्ट्रेस फ्री रहने के साथ मेंटली फिट भी रहें।

### म्यूजिक से कम होगी एंजाइटी

बच्चों के अंदर से एंजाइटी और टेंशन को रिलीज करने का सबसे अच्छा तरीका म्यूजिक होता है। क्योंकि यह बच्चों को मेंटली स्ट्रॉन्ग बनाने में सहायक हो सकता है। वहीं म्यूजिक की मदद से बच्चे का दिमाग भी शार्प हो सकता है।

### ड्राइंग से बढ़ेगा सेल्फ कॉन्फिडेंस

बच्चे अपने अंदर की भावनाओं को ड्राइंग की मदद से आसानी से व्यक्त कर पाते हैं। इससे उनके अंदर का स्ट्रेस भी कम होता है। ऐसे में अगर बच्चे कम उम्र में ही अपनी भावनाओं को व्यक्त नहीं कर पाते हैं, तो यह आगे चलकर उनकी मानसिक स्थिति पर बुरा असर डाल सकती है। ऐसे में बच्चे के आत्म-सम्मान को बढ़ावा देने में ड्राइंग उनकी मदद कर सकती है।

### बच्चों को मजबूत बनाएगी बागवानी

एक बीज से पौधा और पौधे से फल देने वाला पेड़ बनते देखना बच्चे के मानसिक स्वास्थ्य पर सकारात्मक असर ला सकता है। ऐसा करते हुए देखना उनके अंदर धैर्य को जन्म देता है और साथ ही किसी भी चीज की देखभाल का तरीका सीखने में मदद मिलती है। इसलिए पेरेंट्स अपने बच्चों को बागवानी के काम भी करने को दे सकते हैं।

## इम्यूनिटी मजबूत बनाने से लेकर बच्चों की आंखें स्वस्थ रखेगा गाजर

सर्दी में बड़ों के साथ-साथ बच्चों के शरीर को भी ज्यादा देखभाल की जरुरत होती है। इस समय बच्चों को आसानी से सर्दी, खांसी और जुकाम की समस्या होती रहती है। ऐसे में बार-बार दवाईयां लेने में बच्चे कई तरह के नखरे करते हैं। साथ ही पोषक तत्वों से भरपूर खाने में भी वह आनाकनी करते हैं जिससे उनके शरीर में कमजोरी और खून की कमी होने लगती है। सर्दी में वैसे तो बाजार में कई तरह की सब्जियां मिलती हैं जो बड़ों के साथ-साथ बच्चों के लिए भी बेहद लाभकारी होती हैं। सर्दी में बच्चों को स्वस्थ रखने के लिए आप गाजर का सेवन कर सकते हैं। यह पोषक तत्वों से भरपूर होती है। इसमें सोडियम, पौटेशियम, आयरन, प्रोटीन, फाइबर, फोलेट, विटामिन-ए और सी मौजूद होता है।

**आंखों के लिए फायदेमंद :** आज के समय में बच्चे अपना ज्यादा समय मोबाइल और लैपटॉप पर बिताते हैं जिसके चलते उन्हें कम उम्र में ही चश्मा लगने लगता है। छोटी उम्र में ही बच्चों की आंखे कमजोर होती है। गाजर में बीटा-कैरोटीन पाया जाता है जो आंखो को हेल्दी और स्वस्थ रखने में मदद करता है। इसका सेवन करने से आंख संबंधी बीमारियां दूर होती हैं।

**याददाश्त में आएगा सुधार :** बच्चों को नियमित गाजर देने से उनकी याददाश्त सुधरती है। यह मेमोरी को भी बढ़ाता है। इसका सेवन करने से बच्चों में लर्निंग पॉवर बढ़ती है। इसका सेवन करने से मस्तिष्क की सूजन भी दूर होती है और इससे जुड़ी समस्याएं दूर होती हैं।

**इम्यूनिटी बनेगी मजबूत :** सर्दी में बच्चों की इम्यूनिटी कमजोर हो जाती है जिसके कारण उन्हें सर्दी-खांसी की समस्या होने लगती है। ऐसे में आप उनकी डाइट में गाजर शामिल कर सकते हैं। यह मौसमी बीमारियों का खतरा कम करेगी। इसके अलावा इसमें विटामिन-सी पाया जाता है जो संक्रमण से दूर रखने में मदद करता है।

**पाचन रहेगा स्वस्थ :** गाजर में काफी अच्छी मात्रा में फाइबर मौजूद होता है। ऐसे में इसका सेवन बच्चों को करवाने से उन्हें कब्ज से राहत मिलेगी। कई बार बच्चों के पेट में कब्ज की समस्या हो जाती है। कब्ज होने के कारण बच्चों को मल त्यागने में भी परेशानी होती है। गाजर खाने से बच्चों का पाचन स्वस्थ होगा और उन्हें परेशानी से राहत मिलेगी।

**दांत रहेंगे हेल्दी :** सर्दी में बच्चों को गाजर खिलाने से उनके मसूड़े और दांतों का प्लाक साफ करने में मदद मिलती है। बच्चों के दांत में कई तरह की कैविटीज होती है ऐसे में गाजर का सेवन करने से वह कैविटीज से बच सकते हैं। गाजर खाने से मुंह की दुर्गंध भी दूर होती है। इसमें पाया जाने वाला कैल्शियम और अन्य बैक्टीरिया लड़ते हैं और दातों को स्वस्थ व साफ करने में मदद मिलती है।

**ऐसे करें डाइट में शामिल?**

. बच्चों को गाजर खिलाने के लिए आप इनका जूस कद्दूकस करके चीला और रोटी में मिलाकर खा सकते हैं।

. गाजर शरीर के लिए फायदेमंद होती है लेकिन यदि बच्चों को कोई बीमारी है या गाजर से एलर्जी है तो आप डॉक्टरी सलाह पर ही उन्हें इसका सेवन करवाएं।

# अचानक हार्टबीट बढ़ने या कम होने के लक्षण को न करें नजरअंदाज



शरीर को स्वस्थ और सेहतमंद बनाए रखने के लिए जरूरी होता है कि आप हार्टबीट और हार्ट हेल्थ का विशेष ध्यान दें। हार्टबीट के अचानक से बढ़ जाने की स्थिति को आरेथमिया कहा जाता है। हार्ट बीट दिल संबंधी कई स्थितियों का संकेत देती है।

किसी भी व्यक्ति के जिंदा रहने व स्वस्थ रहने के लिए उसके दिल की धड़कन का ठीक रहना बेहद जरूरी होता है। लेकिन कई बार कुछ स्थितियों में दिल की धड़कन अचानक से तेज या फिर कम हो जाती है। हार्टबीट का अचानक से तेज व धीमा होना जैसे घबराहट, बेचैनी और चिंता आदि के कारण होता है। हांलाकि कई बार ऐसा होने के पीछे स्वास्थ्य संबंधी कुछ गंभीर स्थिति होती है। आपको बता दें कि हार्टबीट के अचानक से बढ़ जाने की स्थिति को आरेथमिया कहा जाता है।

यह समस्या उन लोगों को अक्सर होती है, जिनको सीरियस हार्ट कंडीशन का खतरा होता है। इसलिए शरीर को स्वस्थ और सेहतमंद बनाए रखने के लिए जरूरी होता है कि आप हार्टबीट और हार्ट हेल्थ का विशेष ध्यान दें। अगर आपकी भी हार्टबीट अचानक से बढ़ जाती है, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि अचानक से हार्टबीट क्यों बढ़ जाती है। साथ ही इससे बचने के लिए क्या उपाय करने चाहिए।

### क्यों बढ़ती है हार्टबीट

खानपान और लाइफस्टाइल में गड़बड़ी, खराब सेहत, ड्रग्स का सेवन, शरीर में पानी की कमी और चिंता या डिप्रेशन की वजह से हार्ट बीट या हार्ट पल्पिटेशन अचानक से बढ़ जाती है। आसान भाषा में समझें तो हार्ट बीट दिल संबंधी कई स्थितियों का संकेत देती है। ऐसे में हार्टबीट का अचानक से बढ़ना या घटना इस बात का संकेत देता है कि आपको दिल संबंधी गंभीर बीमारी होने का खतरा अधिक है। हेल्थ एक्सपर्ट्स के मुताबिक अचानक से हार्टबीट का बढ़ जाना सामान्य कंडीशन नहीं है। यदि किसी व्यक्ति का हार्ट रेट 1 मिनट में 120 से ज्यादा होता है, तो इसको सामान्य समझने की गलती नहीं करनी चाहिए। हार्टबीट का असंतुलित होना शरीर में किसी सीरियस हार्ट कंडीशन का संकेत भी हो सकता है।

### हार्टबीट बढ़ने के कारण

टेंशन या डिप्रेशन के कारण

ज्यादा एक्सरसाइज या रनिंग करने से

बहुत ज्यादा तंबाकू, अल्कोहल व कैफीन आदि का सेवन करना

हार्ट संबंधी बीमारी होने पर

### क्या हैं उपाय

अचानक से हार्टबीट बढ़ने पर आपको सबसे पहले शांत रहने का प्रयास करना चाहिए। क्योंकि ऐसी स्थिति में घबराने या पैनिक होने से स्थिति ज्यादा गंभीर हो सकती है। वहीं परेशानी ज्यादा बढ़ने पर बिना देरी के डॉक्टर से सलाह लेनी चाहिए। इसके अलावा नीचे बताए गए उपायों की मदद से भी आप अपनी हार्ट रेट को कंट्रोल कर सकते हैं।

अधिक गर्मी होने पर कम तापमान वाले स्थान पर बैठें।

शांत रहने का प्रयास करें और गहरी-गहरी सांस लें।

अचानक से उठने व दौड़ने की कोशिश न करें।

पानी और लिक्विड ड्रिंक्स का सेवन करना चाहिए।

हार्टबीट या हार्ट रेट के अचानक से बढ़ जाने पर शांत रहने की कोशिश करें और चेहरे पर ठंडे पानी के छीटें डालें। तनाव कम लें और पर्याप्त मात्रा में पानी पी लें। अगर यह सब करने के बाद भी चक्कर, सीने में दर्द या फिर कमजोरी आदि महसूस हो। तो बिना देरी के डॉक्टर से मिलना चाहिए।

# डाइट में जरूर शामिल करना चाहिए गोंद, मिलेंगे कई फायदे

पोस्ट प्रेग्नेंसी के दौरान महिलाओं को अच्छी लाइफस्टाइल और अच्छी डाइट फॉलो करने की सलाह दी जाती है। स्तनपान कराने वाली महिलाओं को अपनी डाइट में गोंद जरूर शामिल करना चाहिए। यह न सिर्फ मां बल्कि बच्चे की सेहत के लिए भी फायदेमंद होता है। प्रेग्नेंसी के बाद महिलाओं का शरीर काफी कमजोर हो जाता है। ऐसे में महिलाओं को सामान्य स्थिति में लौटने में करीब 40 दिनों से भी अधिक समय लग जाता है। वहीं डिलीवरी के बाद महिला को बच्चे को स्तनपान करवाना होता है। नवजात बच्चा अपनी हर जरूरत के लिए मां पर निर्भर होता है। ऐसे में यदि प्रेग्नेंट महिला ने सही डाइट न लिया हो, तो इसका असर बच्चे की सेहत पर भी देखने को मिलता है। इसी वजह से पोस्ट प्रेग्नेंसी के दौरान महिलाओं को अच्छी लाइफस्टाइल और अच्छी डाइट फॉलो करने की सलाह दी जाती है।

घर के बड़े-बूढ़े लोग डिलीवरी के बाद महिलाओं को गोंद खिलाते हैं। कई जगहों पर पारंपरिक तौर पर डिलीवरी के बाद गोंद के लड्डू खिलाए जाते हैं। गोंद सेहत के लिए काफी अच्छा होता है। खासतौर पर स्तनपान कराने वाली महिलाओं को अपनी डाइट में गोंद जरूर शामिल करना चाहिए। यह न सिर्फ मां बल्कि बच्चे की सेहत के लिए भी फायदेमंद होता है।



### गोंद खाने के फायदे

**बूस्ट होगी इम्यूनिटी :** आपको बता दें कि स्तनपान कराने वाली महिलाओं की इम्यूनिटी का स्ट्रांग होना बहुत जरूरी है। क्योंकि बदलते मौसम में मां के साथ-साथ बच्चे के भी बीमार होने का खतरा बना रहता है। वहीं जन्म के कुछ दिनों बाद तक बच्चे की हालत काफी नाजुक होती है। ऐसी स्थिति में बच्चे को बहुत आसानी से इंफेक्शन या फिर वायरस का खतरा हो सकता है। ऐसे में यदि महिलाएं गोंद को अपनी डाइट का हिस्सा बनाती हैं, तो वह खुद और उनके साथ बच्चा भी स्वस्थ रहेगा।

**दर्द से मिलेगी राहत :** अक्सर नई मां को कई तरह की शारीरिक समस्याओं का सामना करना पड़ता है। पोस्ट डिलीवरी के बाद गर्दन दर्द, कमर दर्द और पीठ दर्द आदि की शिकायत रहती है। वहीं डिलीवरी की वजह से महिला का शरीर भी काफी कमजोर हो जाता है। जिसके कारण उनके शरीर में दर्द बना रहता है। इस दर्द से छुटकारा पाने के लिए महिलाएं फिजिकल एक्टिविटी नहीं कर सकती हैं। ऐसे में गोंद का सेवन करने से आपको इस दर्द से राहत मिल सकती है।

**बेहतर होगी पाचन क्षमता :** कई महिलाओं की डिलीवरी के बाद पाचन क्षमता काफी कमजोर हो जाती है। कुछ महिलाओं को कब्ज की शिकायत होने लगती है। पोस्ट डिलीवरी के बाद महिलाओं को हल्की और आसानी से पचने वाली चीजें खाने के लिए दी जाती हैं। जिससे कि उनको कब्ज की शिकायत न हो। पाचन क्षमता को बेहतर करने के लिए महिलाएं गोंद के लड्डू का सेवन कर सकती हैं। इससे मां और बच्चे दोनों की पाचन क्षमता बेहतर होगी।

**बढ़ती है स्ट्रेंथ :** आपको बता दें कि गोंद से बनी चीजों में अलग-अलग न्यूट्रिएंट्स से भरपूर चीजें शामिल की जाती हैं। जैसे गोंद के लड्डू में नट्स डाला जाता है। इसके सेवन से महिलाओं को डिलीवरी के बाद रिकवरी में मदद मिलने के साथ शारीरिक क्षमता बेहतर होती है। साथ ही गोंद के लड्डू खाने से महिलाओं को एनर्जी मिलती है और नवजात बच्चे को भी इसका भरपूर लाभ मिलता है।

## सूडोकु नवताल- 6948

✶✫✫✫✫ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 6 | 4 | | 5 | 8 | | |
| | | | | | | | | |
| 9 | | | | 1 | | | | 7 |
| 6 | 5 | | | 4 | | | 7 | 1 |
| | 4 | | | | | | 2 | |
| 1 | 2 | | | 6 | | | 9 | 8 |
| 3 | | | | 8 | | | | 9 |
| | | | | | | | | |
| | | 8 | 6 | | 9 | 5 | | |

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.

■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.

■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .

■ पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -6947 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 4 | 5 | 6 | 9 | 8 | 1 | 7 | 3 |
| 1 | 7 | 6 | 4 | 3 | 5 | 8 | 2 | 9 |
| 3 | 8 | 9 | 1 | 2 | 7 | 6 | 5 | 4 |
| 9 | 1 | 7 | 3 | 6 | 2 | 4 | 8 | 5 |
| 5 | 6 | 3 | 8 | 7 | 4 | 9 | 1 | 2 |
| 4 | 2 | 8 | 5 | 1 | 9 | 3 | 6 | 7 |
| 7 | 3 | 1 | 9 | 5 | 6 | 2 | 4 | 8 |
| 8 | 9 | 2 | 7 | 4 | 1 | 5 | 3 | 6 |
| 6 | 5 | 4 | 2 | 8 | 3 | 7 | 9 | 1 |

## दैनिक पंचांग

**18 जनवरी 2024 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | मकर में | मकर | 06.31 बजे से |
| चंद्र | मीन में | कुंभ | 08.21 बजे से |
| मंगल | धनु में | मीन | 09.54 बजे से |
| बुध | धनु में | मेष | 11.25 बजे से |
| गुरु | मेष में | वृष | 13.05 बजे से |
| शुक्र | धनु में | मिथुन | 15.03 बजे से |
| शनि | कुंभ में | कर्क | 17.16 बजे से |
| राहु | मीन में | सिंह | 19.33 बजे से |
| केतु | कन्या में | कन्या | 21.44 बजे से |
| राहुकाल 1.30 से 3.00 बजे तक | | तुला | 23.55 बजे से |
| | | वृश्चिक | 02.10 ब.से |
| | | धनु | 04.26 बजे से |

**गुरुवार** 2024 वर्ष का 18 वां दिन **दिशाशूल** दक्षिण **ऋतु** शिशिर। **विक्रम संवत्** 2080 **शक संवत्** 1945 **मास** पौष **पक्ष** शुक्ल **तिथि** अष्टमी 20.45 बजे को समाप्त। **नक्षत्र** अश्विनी 02.58 बजे रात्र को समाप्त। **योग** सिद्ध 14.48 बजे को समाप्त। **करण** विष्टि 09.23 बजे तदनन्तर बव 20.45 बजे को समाप्त। **चन्द्रायु** 6.5 घण्टे **रवि क्रान्ति** दक्षिण 20° 41' **सूर्य** उत्तरायन **कलि अहर्गण** 1871862 **जूलियन दिन** 2460327.5 **कलियुग संवत्** 5125 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2550 **हिजरी सन्** 1445 **महीना** रज्जब **तारीख** 06 **विशेष** मासिक दुर्गाष्टमी, शाकम्भरी उत्सवरंभ।

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया | |
|---|---|---|---|
| शुभ | 05.54 से 07.22 बजे तक | अमृत | 05.40 से 07.11 बजे तक |
| रोग | 07.22 से 08.51 बजे तक | चर | 07.11 से 08.43 बजे तक |
| उद्वेग | 08.51 से 10.19 बजे तक | रोग | 08.43 से 10.15 बजे तक |
| चर | 10.19 से 11.47 बजे तक | काल | 10.15 से 11.47 बजे तक |
| लाभ | 11.47 से 01.15 बजे तक | लाभ | 11.47 से 01.19 बजे तक |
| अमृत | 01.15 से 02.43 बजे तक | उद्वेग | 01.19 से 02.51 बजे तक |
| काल | 02.43 से 04.11 बजे तक | शुभ | 02.51 से 04.23 बजे तक |
| शुभ | 04.11 से 05.40 बजे तक | अमृत | 04.23 से 05.55 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें।

## शब्द पहेली - 8010

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | 3 | ■ | 4 | 5 | | 6 |
| | ■ | 7 | | 8 | | | ■ | |
| 9 | 10 | ■ | ■ | | ■ | ■ | 11 | |
| 12 | | ■ | 13 | | 14 | ■ | 15 | |
| ■ | 16 | | | ■ | 17 | | | ■ |
| 18 | | ■ | 19 | 20 | | ■ | 21 | 22 |
| 23 | | ■ | ■ | | ■ | ■ | 24 | |
| | ■ | 25 | 26 | | 27 | 28 | ■ | |
| 29 | | | | ■ | 30 | | | |

**बाएँ से दाएँ**

1. जनमत-4
4. सचेत,सजग-4
7. सहयात्री,संगी-5
9. रुपया,पैसा -2
11. छोटी सवारी गाड़ी-2
12. घ्राणेंद्रिय-2
13. बेकार-3
15. झुका हुआ-2
16. बसंत काल-3
17. टिड्डा-3
18. अन्वेषण,ढूंढना-2
19. जलने की प्रक्रिया-3
21. एक विदेशी शराब-2
23. कला,हुनर-2
24. मैदे की एक प्रकार की रोटी-2
25. आत्मबलिदानी-5
29. करामात-4
30. नामसूची-4

**ऊपर से नीचे**

1. पूजा,प्रार्थना-4
2. मार्ग,पथ-2
3. यमराज,मृत्युदेवता-2
4. स्वच्छ-2
5. दूल्हा,वरदान-2
6. द्वेष,ईर्ष्या-4
8. तमीज,तहजीब-3
10. सेंधमार-5
11. चुगली करना-5
13. देवर्षि-3
14. रसद,खाद्य सामग्री-3
18. भयानक,डरावना-4
20. अक्षर (उर्दू-3)
22. संजीव कुमार व लीना चंदावरकर की फिल्म-5
25. तेज,सत्य-2
26. ईश्वर,भगवान-2
27. रुदन,क्रंदन-2
28. मोमबत्ती(उर्दू-2)

**शब्द पहेली -8009 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | त | ला | क | ■ | ह | म | रा | ज |
| म | ■ | ■ | म | ह | क | ■ | ■ | रु |
| ना | ■ | श | त | ■ | ला | ल | ■ | र |
| ना | म | क | र | ण | ■ | की | म | त |
| ■ | लि | ■ | ता | ■ | म | ■ | क्षा | ■ |
| अ | न | ल | ■ | मा | न | क | र | ना |
| रा | ■ | हु | र | ■ | मो | ल | ■ | ब |
| ज | ■ | ■ | ज | रा | ह | ■ | ■ | ना |
| क | रा | मा | त | ■ | क | ल | श | ■ |

## आज का राशिफल

**मेष राशि :** कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है।

**वृष राशि :** जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। श्रम साध्य कार्यों में सफल होंगे। आवास, मकान तथा वाहन की सुविधाएं मिलेंगी।

**मिथुन राशि :** कल का परिश्रम आज लाभ देगा। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। बुद्धि, बल व पराक्रम सफल होगा।

**कर्क राशि :** संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। बुद्धि, बल व पराक्रम सफल होगा।

**सिंह राशि :** कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा।

**कन्या राशि :** महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा।

**तुला राशि :** राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ।

**वृश्चिक राशि :** आय के अच्छे योग बनेंगे। संतान की उन्नति के योग हैं। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी।

**धनु राशि :** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते है। कोई प्रिय वस्तु या नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे।

**मकर राशि :** कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा।

**कुंभ राशि :** अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा।

**मीन राशि :** ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
" Smiles & More"
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज
CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com


## एक नजर

### राष्ट्रपति मुर्मू डिमापुर पहुंची, सड़क मार्ग से तारालांग्सो रवाना



**डिमापुर (नगालैंड)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का हेलीकॉप्टर शनिवार को डिमापुर में उतरा। यहां से राष्ट्रपति मुर्मू नगालैंड से सटे असम के कार्बी आंगलोंग जिला मुख्यालय शहर डिफू के तरालांग्सो के लिए रवाना हुईं। राष्ट्रपति बुधवार दोपहर भारतीय वायुसेना के हेलीकॉप्टर से मेघालय की राजधानी शिलांग से डिमापुर पहुंची। वह असम के कार्बी आंगलोंग जिला मुख्यालय शहर डिफू के तारालांग्सो में अपनी यात्रा के तीसरे और अंतिम दिन कार्बी युवा महोत्सव के स्वर्ण जयंती समारोह में भाग लेंगी।

### छत्तीसगढ़ में 5 लाख का इनामी नक्सली ढेर

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले में सुरक्षा बलों को एक बड़ी कामयाबी मिली है। यहां के जंगल में हुई मुठभेड़ में पांच लाख के इनामी नक्सली रतन कश्यप को मार गिराया गया। वह मिलेशिया प्लाटून का डिप्टी कमांडर था। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार की शाम को दंतेवाड़ा जिले के बारसूर थाना क्षेत्र के मंगनार के जंगल में नक्सलियों के होने की सूचना मिली थी। इस सूचना के आधार पर डीआरजी, बस्तर फाइटर और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के संयुक्त दल को मौके की ओर रवाना किया गया।

### महुआ मोइत्रा को मिला बेदखली का नया नोटिस

**नई दिल्ली।** टीएमसी की नेता महुआ मोइत्रा को नई दिल्ली में सरकार द्वारा आवंटित आवास खाली करने के लिए नया नोटिस मिला है। सरकारी आवास खाली करने के लिए यह नोटिस संपदा निदेशालय की तरफ से तीसरी बार भेजा गया है। बुधवार को बेदखली का यह नया नोटिस सरकारी आवास की दीवार पर चस्पा दिया गया है।

### हिंसा में पुलिस कमांडो और महिला की मौत, कई घायल

**इंफाल।** म्यांमार सीमा से लगे मणिपुर के मोरेह में संदिग्ध उग्रवादियों के हमले में मणिपुर पुलिस के एक कमांडो की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। पुलिस ने बुधवार को बताया कि जब सुरक्षाबलों ने तीन घायल सुरक्षाकर्मियों को इलाज के लिए अस्पताल ले जाने की कोशिश की तो महिलाओं सहित कुछ आदिवासियों ने इसमें बाधा डाली और उनके साथ झड़प की। इस झड़प में इंफाल से 110 किमी दूर मोरेह की सीमा पर एक आदिवासी महिला की मौत हो गई और कुछ अन्य घायल हो गए।

## कितने तरह के कितने 'रामायण' ?

# जनमानस में रचा बसा तुलसी रचित 'रामचरितमानस'

■ दशरथ जातक, रामायण का बौद्ध संस्करण, जिसमें राम का पिछले जन्म में बोधिसत्व के रूप में वर्णन है ■ चंद्रवती रामायण में सीता के चरित्र की प्रधानता है, राम की नहीं

**पहलवान रहे, 112वर्ष तक जिये तुलसी दास का यादवों ने साथ नहीं दिया होता तो काशी नहीं रह पाते**

**जैन संस्करण पौमचरिया रामायण में रावण को राम नहीं मारते, जैन धर्म का पालन करते छोड़ देते हैं**




**कृष्णमोहन सिंह। नई दिल्ली**

अयोध्या में बन रहे राम लला मंदिर और उसमें प्राण प्रतिष्ठा को लेकर अयोध्या तो और भी चर्चित हो ही गई है, उसके साथ उससे जुड़े अन्य बहुत कुछ भी चर्चित हो गये हैं। ऐसे में इसके मूल चरित्र राम और उन पर लिखी महत्वपूर्ण पुस्तकें फिर से चर्चा में नहीं आएं यह हो ही नहीं सकता। हालत यह है कि गोस्वामी तुलसीदास रचित रामचरितमानस की इतनी रिकॉर्ड तोड़ मांग हो गई है कि गीता प्रेस, गोरखपुर छाप ही नहीं पा रहा है। अगले कई माह तक मांग पूरी करने, आपूर्ति करने से हाथ खड़े कर दिया है। इसलिए, ऑनलाइन पढ़ने व प्रिंट करने के लिए उपलब्ध करा रहा है। ऐसे में सवाल यह उठता है कि क्या राम पर लिखी कोई और बेहतर व प्रसिद्ध पुस्तक नहीं है जिसे लोग पढ़ें? इसका सहज उत्तर यह हो सकता है कि रामचरितमानस अवधी, ब्रजभाषा और भोजपुरी जैसी देसी भाषाओं बोलियों में लिखी गई है। जो अकबर के समय मुगल राज में अवध व सटे राज्यों (तब छोटे-छोटे राजाओं के राज थे, जो मुगल शासन के अधीन थे) की भाषा थी। तुलसी दास जी चित्रकूट व काशी में रहे। इसलिए उनकी शब्द रचना में उस समय इन क्षेत्रों में जो प्रचलित जनभाषा थी उसको विविधता में एकरूपता वाले सहजता के साथ उपयोग किये। ताकि जिसे वह चौपाई का रूप दे रहे हैं उसे जनमानस पढ़ या सुन कर याद कर सके, उसकी जुबान पर चढ़ सके। हुआ भी यही। समूचा उत्तर व मध्य भारत वाया रामभक्ति रामचरितमानस का मुरीद हो गया। उसे पूजा पाठ से लगायत दुख निवारण का माध्यम मान लिया। लेकिन ऐसा नहीं है कि उन दिनों गोस्वामी तुलसीदास को ऐसी भाषा में राम का जीवन चरित्र लिखने का विरोध नहीं हुआ था। खूब हुआ था। तब काशी के पंडित तो संस्कृतनिष्ठ होते थे। उनमें से बहुतों ने इसका विरोध करना शुरू किया। गोस्वामी तुलसी दास पर हमला भी हुआ। उस समय काशी में अस्सी के आस-पास रहने वाले अहीरों (यादवों) ने डट कर गोस्वामी तुलसी दास का साथ दिया था। वैसे तो तुलसी दास खुद भी पहलवान थे, और उनका अखाड़ा आज भी काशी में गंगा किनारे अस्सी घाट के उत्तर तरफ, तुलसी घाट पर उनके आवास व छोटे हनुमान जी मंदिर वाले मकान से सटे पश्चिम तरफ है। लेकिन तब यादवों ने साथ नहीं दिया होता, तो तुलसी दास जी को काशी में रहना मुश्किल हो गया होता, और - संवत सोलह सौ असी, असी गंग के तीर। श्रावण शुक्ला सप्तमी, तुलसी तज्यो शरीर। पढ़ने को नहीं मिलता। गोस्वामी तुलसी दास 112वर्ष तक जिये (जन्म 1 अगस्त 1511 ई०, मृत्यु 03 अगस्त 1623)। उन्होंने कई रचनाएं की लेकिन उनकी कृति रामचरितमानस ने उनको तो अमर कर ही दिया, राम के चरित्र को भी जन-जन तक पहुँचा दिया। विद्वानों का कहना है कि तुलसी ने रामचरितमानस के माध्यम से राम के जीवन, आदर्श व विष्णु के अवतार के रूप वाले, रामायण (महर्षि वाल्मीकि रचित) की कहानी को सरल बना आम जन के भी समझने लायक बना दिया।

वैसे तो उनसे कई सौ साल पहले श्री राम के जीवन चरित पर महर्षि वाल्मीकि ने संस्कृत में रामायण(महाकाव्य) लिखा था। लेकिन अब संस्कृत भाषा आमजन की भाषा नहीं है,तो वह उतना प्रसिद्ध नहीं है। लेकिन शोधार्थी इसी को राम पर ऑथेंटिक लिखा मानते हैं। लेकिन बाद में अलग-अलग समय में कवियों, ज्ञानियों ने राम की जीवन लीला को अपनी तरह से अलग -अलग भाषाओं में लिखा। वाल्मीकि रामायण राम के 'बालकांड' से शुरू हो सात कांडों में विभक्त है। इसमें राम का बाल जीवन, सीता का अपहरण, रावण की हार के बाद सीता से फिर मिलने की कहानी है।

इसी तरह से दशरथ जातक के रूप रामायण का बौद्ध संस्करण है। इसे बुद्ध की जातक कथाओं के एक भाग के रूप में वर्णित किया गया है। जो वाल्मीकि रामायण से बहुत अलग है। इसमें राम की कहानी का वर्णन पिछले जन्म में बोधिसत्व के रूप में है। जिनको उनके पिता ने वनवास में भेज दिया था। क्योंकि पिता जो राजा थे, का मानना था कि उनकी दूसरी पत्नी राम को अयोध्या के लिए नहीं बल्कि वाराणसी राज्य के लिए मार देगी। इसमें है कि जब राजा (राम के पिता) की मृत्यु हो गई तब राम के भाई भरत उन्हें जंगलों में खोज कर मिलते हैं, वापस आकर राजगद्दी संभालने को कहते हैं, तो राम उनसे पिता द्वारा 12 साल के वनवास के वचन की याद दिलाते हैं। इसके बाद राम वन में 12 साल बिताने के बाद वापस लौटते हैं।

इसी तरह से कहा जाता है कि वाल्मीकि रामायण का जैन संस्करण है पौमचरिया रामायण। जिसमें अहिंसा व नैतिक आचरण के सिद्धांतों का पालन को प्रमुखता से बताया गया है। पौमचरिया रामायण में रावण को राम नहीं मारते हैं। क्योंकि भगवान राम अहिंसा के जैन गुणों का पालन करते हैं, इसलिए वह रावण को नहीं मारते हैं। इसमें वाल्मीकि रामायण के उल्टा, वानर बुराई से लड़ने वाले नहीं हैं, वे एक जनजाति हैं, उनका प्रतीक बंदर का है।

रामायण का बांग्ला रूपांतरण चंद्रवती रामायण है। जिसको महिला कवि चंद्रवती ने लिखा है। इसमें सीता केंद्रित कहानी हैं। चंद्रवती रामायण पात्रों के भावनात्मक पहलुओं को लिखी हैं। इसमें सीता के पति राम के बारे में भी लिखा गया है, लेकिन प्रधानता सीता की है।

### शरद पवार 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा में शामिल नहीं होंगे, बाद में जाएंगे अयोध्या



राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष शरद पवार ने कहा है कि वह 22 जनवरी को अयोध्या में श्री राम मंदिर 'प्राण प्रतिष्ठा' समारोह में शामिल नहीं होंगे। समारोह के लिए निमंत्रण प्राप्त करने वाले 83 वर्षीय पवार ने इस मुद्दे पर राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के महासचिव चंपत राय को एक संक्षिप्त पत्र लिखा है, जिसमें 'दर्शन' के लिए अधिक समय के साथ बाद की तारीख में जाने का वादा किया गया है। पवार ने कहा, भगवान राम न केवल भारत में बल्कि दुनिया भर में उनके लाखों समर्पित अनुयायियों द्वारा पूजनीय हैं। अयोध्या समारोह को लेकर राम भक्तों में काफी उत्साह है और वे बड़ी संख्या में वहां पहुंच रहे हैं। उनके माध्यम से मुझे ऐतिहासिक अवसर का आनंद भी मिलेगा। हालांकि, राकांपा सुप्रीमो ने कहा कि 22 जनवरी के कार्यक्रम के बाद, राम लला का उचित और आराम से 'दर्शन' करना संभव होगा। पवार ने कहा, मेरी कुछ कार्यक्रमों के लिए अयोध्या आने की योजना है। उस समय मैं पूरी आस्था के साथ श्री रामलला के दर्शन के लिए पर्याप्त समय निकालूंगा। उस समय तक, राम मंदिर का निर्माण कार्य भी पूरा हो जाएगा। उन्होंने निमंत्रण के लिए राय के प्रति आभार जताया और अगले सोमवार (22 जनवरी) को अयोध्या में होने वाले भव्य समारोह के लिए शुभकामनाएं भी दीं।

**एशियन बौद्ध कॉन्फ्रेंस फॉर पीस की 12वीं महासभा में बोले उपराष्ट्रपति**

# बुद्ध की शिक्षाएं अतीत के अवशेष नहीं हमारे भविष्य के लिए दिशा-निर्देश हैं




**एजेंसी। नई दिल्ली**

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने बुधवार को कहा कि बुद्ध की शिक्षाएं अतीत के अवशेष नहीं बल्कि हमारे भविष्य के लिए एक दिशा-निर्देश हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि गौतम बुद्ध का शांति, सद्भाव और सह-अस्तित्व का संदेश नफरत और आतंक की ताकतों के खिलाफ खड़ा है। उपराष्ट्रपति नई दिल्ली में एशियन बौद्ध कॉन्फ्रेंस फॉर पीस (एबीसीपी) की 12वीं महासभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि नैतिक अनिश्चितता के युग में बुद्ध की शिक्षाएं सभी जीवन के लिए स्थिरता, सादगी, संयम और श्रद्धा का मार्ग प्रदान करती हैं। उन्होंने कहा कि उनके चार आर्य सत्य और अष्टांगिक मार्ग हमें आंतरिक शांति, करुणा और अहिंसा की ओर ले जाते हैं। धनखड़ ने भारत के सेवा-संचालित शासन के दृष्टिकोण पर बुद्ध की शिक्षाओं के गहरे प्रभाव पर जोर दिया। उन्होंने रेखांकित किया कि कैसे ये सिद्धांत नागरिक कल्याण, समावेशिता और पर्यावरणीय स्थिरता को प्राथमिकता देने की देश की प्रतिबद्धता में एक मार्गदर्शक शक्ति के रूप में काम करते हैं। बुद्ध के कालातीत ज्ञान पर विचार करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि यह न केवल मनुष्यों के लिए बल्कि जीवित प्राणियों के लिए भी शांति का एक शक्तिशाली, सामंजस्यपूर्ण, संपूर्ण और निर्बाध मार्ग प्रदान करता है। अपने संबोधन में उपराष्ट्रपति ने जलवायु परिवर्तन, संघर्ष, आतंकवाद और गरीबी जैसी समकालीन चुनौतियों से निपटने में बुद्ध के सिद्धांतों की सार्वभौमिक प्रासंगिकता को भी रेखांकित किया। उन्होंने भगवान बुद्ध की शिक्षाओं को आशा की किरण के रूप में उजागर करते हुए इन अस्तित्वगत खतरों को दूर करने के लिए एक सहयोगात्मक और सामूहिक दृष्टिकोण का आह्वान किया। पांच दशकों के बाद भारत में आयोजित हो रहे इस कार्यक्रम में एबीसीपी के अध्यक्ष, मोस्ट वेन गैबजी डेम्बरेल चोइजामट्स और केंद्रीय पृथ्वी विज्ञान मंत्री किरेन रिजिजू भी उपस्थित थे।

### उपराष्ट्रपति ने उर्वरक क्षेत्र में आत्मनिर्भरता से जुड़ी डॉ. मांडविया की पुस्तक का किया विमोचन



उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने केन्द्रीय मंत्री मनसुख मांडविया की पुस्तक 'उर्वरक आत्मनिर्भरता की राह' के हिन्दी और अंग्रेजी संस्करण का आज विमोचन किया। यह पुस्तक उर्वरकों के क्षेत्र में भारत की बढ़ती आत्मनिर्भरता का रोचक विवरण उपलब्ध कराती है। उपराष्ट्रपति कार्यालय ने एक्स पर इसकी जानकारी दी। इसमें कहा गया कि उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने आज केंद्रीय मंत्री मनसुख मांडविया की पुस्तक 'उर्वरक आत्मनिर्भरता की राह' और 'फर्टिलिसिंग द फ्यूचर- भारत मार्च टूवार्ड फर्टिलाइजर सेल्फ सुफीशियंसी' का विमोचन किया। पुस्तक अमेजन पर उपलब्ध है।

# इंडिया गठबंधन में सीट शेयरिंग पर लालू यादव ने कहा, 'इतनी जल्दी नहीं होता'

**एजेंसी। पटना**



भले ही विपक्षी दलों के गठबंधन 'इंडिया' में शामिल कई दल अब तक सीट बंटवारा नहीं होने के कारण नाराजगी व्यक्त कर रहे हों, लेकिन, राजद के अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव अभी इसे जल्दी बताते हैं। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के अध्यक्ष और बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव ने बुधवार को साफ कर दिया कि इतनी जल्दी सीट शेयरिंग नहीं होती है। इस दौरान उन्होंने राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा में जाने से साफ मना कर दिया। पटना में चर्चा के दौरान जब पत्रकारों ने इंडिया गठबंधन में सीट शेयरिंग को लेकर विवाद के विषय में पूछा तो लालू ने बेबाकी से कहा कि गठबंधन में इतनी जल्दी सीट शेयरिंग नहीं होती है। अयोध्या में श्री राम मंदिर में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में भाग लेने पर राजद अध्यक्ष ने साफ मना कर दिया। उन्होंने कहा कि वे इस समारोह में नहीं जाएंगे। बिहार के मुख्यमंत्री और गठबंधन के सहयोगी नीतीश कुमार की नाराजगी के संबंध में जब उनसे पूछा गया तो वे इस प्रश्न को ही टालते नजर आएं।

# विवेक ने हेली, डिसेंटिस से राष्ट्रपति पद की दौड़ से बाहर होने और ट्रंप का समर्थन करने की अपील की

**एजेंसी। वाशिंगटन**



राष्ट्रपति पद के लिए अपने अभियान को निलंबित करने के बाद भारतीय-अमेरिकी विवेक रामास्वामी का मानना है कि यह 'देश के लिए अच्छा' होगा यदि रिपब्लिकन उम्मीदवार निक्की हेली और रॉन डिसेंटिस 2024 के व्हाइट हाउस की दौड़ से बाहर हो जाएं और पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का समर्थन करें। बायोटेक उद्यमी ने मंगलवार को फॉक्स न्यूज के साथ एक साक्षात्कार में कहा कि आयोवा में रिपब्लिकन मतदाताओं ने जोर देकर और स्पष्ट रूप से कहा है कि वे ट्रम्प को राष्ट्रपति पद का उम्मीदवार बनाना चाहते हैं। रामास्वामी (38) ने कहा, मुझे लगता है कि रॉन डिसेंटिस और निक्की हेली इस बिंदु पर वास्तव में यह सुनिश्चित करने के लिए इस देश और पार्टी की सेवा करेंगे कि हम न केवल डोनाल्ड ट्रम्प को नामांकित करने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं, बल्कि इस देश पुनर्जीवित करने और उन संस्थापक क्रांतिकारी आदर्शों को पुनर्स्थापित करने पर भी ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि यह इस देश के लिए यह अच्छा होगा।

# पाकिस्तान के क्वेटा में विस्फोट, 9 लोग घायल

**एजेंसी। क्वेटा**



पाकिस्तान के क्वेटा शहर में बुधवार को बम विस्फोट में एक पुलिसकर्मी सहित कम से कम नौ लोग घायल हो गए। पुलिस और स्वास्थ्य अधिकारियों ने बताया कि घायलों को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया है। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, स्थानीय पुलिस ने मीडिया को बताया कि विस्फोट बलूचिस्तान की प्रांतीय राजधानी क्वेटा में जरघून रोड के किनारे कूड़े के ढेर के पास हुआ। सूचना मिलने पर पुलिस और बचाव दल घटनास्थल पर पहुंचे और घायलों को क्वेटा के ट्रॉमा सेंटर और आपातकालीन विभाग में पहुंचाया। केंद्र के प्रबंध निदेशक अरबाब कामरान ने समाचार एजेंसी शिन्हुआ को बताया कि घायलों में से दो की हालत गंभीर है। उनका गहन चिकित्सा इकाई में इलाज किया जा रहा है। पुलिस ने इलाके की घेराबंदी कर जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच से पता चलता है कि बम कूड़े के ढेर के पास लगाया गया था। जब तीन बच्चे उसमें से सामान निकाल रहे थे तभी उसमें विस्फोट हो गया। तीन दिन के अंतराल में बलूचिस्तान में यह तीसरा विस्फोट है। सोमवार को, अज्ञात हमलावरों ने मतदान कर्मचारियों के प्रशिक्षण सत्र के दौरान खरान शहर में सरकारी मॉडल हाई स्कूल के परिसर को निशाना बनाया।

# कुर्दिश आतंकवादियों के खिलाफ सीमा पार अभियान जारी रखेगा तुर्की : एर्दोगन

**एजेंसी। अंकारा**



तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तैयब एर्दोगन ने कहा कि उनका देश प्रतिबंधित कुर्दिस्तान वर्कर्स पार्टी (पीकेके) के खिलाफ सीमा पार अभियान तब तक जारी रखेगा जब तक कि वह उत्तरी इराक से साफ नहीं हो जाता। एर्दोगन ने मंगलवार देर रात राजधानी अंकारा में कैबिनेट बैठक के बाद एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, "इस क्षेत्र में हमारा अभियान तब तक जारी रहेगा जब तक हम उत्तरी इराक में पहाड़ों के हर इंच को सुरक्षित नहीं कर लेते, जहां आतंकवादी छिपे हुए हैं।" 12 जनवरी को पीकेके आतंकवादियों द्वारा उत्तरी इराक में नौ तुर्की सैनिकों की हत्या के बाद शुरू किए गए देश के हालिया सीमा पार सैन्य अभियान का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा, "सीरिया और इराक में तुर्की के हवाई अभियानों के तहत कुल 114 टारगेट को निशाना बनाया गया और पिछले पांच दिनों में कुल 78 आतंकवादियों को मार गिराया गया।" एर्दोगन ने कहा कि पीकेके को हथियार, गोला-बारूद, प्रशिक्षण और आश्रय प्रदान कर 'मजबूत' करने के प्रयासों में तेजी आई है, लेकिन उन्होंने यह नहीं बताया कि समूह का समर्थन कौन कर रहा है। राष्ट्रपति एर्दोगन ने कहा, हमारे सीमा पार अभियानों ने अनियमित प्रवासन की लहर के माध्यम से तुर्की को आंतरिक अशांति में खींचने के उद्देश्य से साजिशों को भी विफल कर दिया है। उन्होंने आगे कहा कि आने वाले महीनों में तुर्की आतंकवाद से लड़ने के लिए अतिरिक्त कदम उठाएगा, चाहे कोई कुछ भी कहे या कोई भी धमकी दे। मंगलवार को तुर्की की संसद ने आतंकवाद के खिलाफ एक संयुक्त घोषणापत्र पारित किया था, जिसमें कहा गया था, ₹हम पूरी दुनिया के सामने घोषणा करते हैं कि तुर्की के पास देश और विदेश में सभी आतंकवादी समूहों के खिलाफ दृढ़ संकल्प से लड़ने की ताकत है।" पीकेके आतंकवादी अक्सर तुर्की में सीमा पार हमलों की साजिश रचने के लिए उत्तरी इराक में छिपते हैं, जो वाईपीजी को पीकेके समूह की सीरियाई शाखा के रूप में देखता है। तुर्की, अमेरिका और यूरोपीय संघ द्वारा आतंकवादी संगठन के रूप में सूचीबद्ध पीकेके ने तीन दशकों से अधिक समय से अंकारा सरकार के खिलाफ विद्रोह किया है।

## फिल्म जगत

### इमरान हाशमी ने किया खुलासा, आखिर वे क्यों विलेन का किरदार निभाना चाहते थे?



**मुंबई।** एक्टर इमरान हाशमी ने खुलासा किया कि वह विलेन की भूमिका क्यों निभाना चाहते थे। इमरान को 'टाइगर' फ्रेंचाइजी के थर्ड इस्टॉलमेंट में विलेन के रूप में दिखाया गया, जो अब डिजिटल रूप से स्ट्रीम हो रही है। इमरान ने कहा, "यह वाकई खास होता है जब कोई फिल्म आपको बार-बार सराहना और सम्मान देती रहे। इसका मतलब यह है कि एक फिल्म ने समय की किताबों में अपने लिए जगह बना ली है। 'टाइगर 3' में एक एंटी-हीरो की भूमिका निभाकर इतना प्यार मिलना वाकई हैरान करने वाला है।" उन्होंने आगे कहा, "मुझे एक ऐसे विलेन की भूमिका निभाने का विचार आया था, जो जितना चतुर और चालाक है, उतना ही शक्तिशाली भी है और टाइगर जैसे आइकोनिक हीरो से आमने-सामने की लड़ाई लड़ सकता है। आदित्य चोपड़ा और मनीष शर्मा ने मुझे चुना, इसके लिए मैं उनका आभारी हूं।" इमरान ने आगे साझा किया, "मुझे खुशी है कि जब 'टाइगर 3' सिनेमाघरों में रिलीज हुई तो दर्शकों ने मुझे प्यार दिया और फिल्म बड़ी हिट रही। अब, जब 'टाइगर 3' स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म पर रिलीज हुई है तो वे फिर से मुझ पर प्यार बरसा रहे हैं। यह इस बात का प्रमाण है कि फिल्म और इसकी कहानी और इसके किरदार दर्शकों के दिलों से जुड़ गए हैं।"

# धमकी से कोई डरने वाला नहीं, भ्रष्ट लोगों की जगह जेल में : बाबूलाल

## प्रवर्तन निदेशालय की कार्रवाई से भागे-भागे फिर रहे हैं मुख्यमंत्री

### सीएम राज्य कैबिनेट से ऐसे फैसले ले रहे जैसे झारखंड को कोई अलग देश है

### कैबिनेट के लिए संविधान विरोधी प्रस्ताव तैयार करने वाले अधिकारी अपने दायित्वों को समझें

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने बुधवार को रांची में एक कार्यक्रम में कहा कि इंडी एलायंस को जनता नकार चुकी है। कहा हेमंत सरकार पूरी तरह भ्रष्टाचार में लिप्त है। चारों तरफ लूट मची है। खान, खनिज, बालू-पत्थर, कोयला, जमीन की लूट हो रही। बिचौलिए दलाल सत्ता के संरक्षण में फल-फूल रहे हैं। कहा कि ईडी की कारवाई से मुख्यमंत्री भागे फिर रहे हैं। अब तो वे कैबिनेट से ऐसे फैसले ले रहे जैसे झारखंड को कोई अलग देश हो जहां भारत की संसद से पारित कानून लागू नहीं। उन्होंने वैसे पदाधिकारियों पर भी निशाना साधा जो कैबिनेट के लिए ऐसे प्रस्ताव तैयार करते हैं जो संविधान का विरोधी हो। उन्होंने कहा कि भागने, डराने से कानून नहीं डरता है। भ्रष्ट लोगों को कानून के हाथों आना ही पड़ेगा। मरांडी ने कहा कि राज्य के भ्रष्ट मुख्यमंत्री की जगह अब होटवार जेल में ही है। वहीं वह पूरी तरह सुरक्षित रहेंगे। उन्होंने कहा कि झामुमो बिकाऊ पार्टी है जिसने राज्य के आंदोलन को बेचा। इसे राज्य की जनता से कुछ भी लेना देना नहीं। झामुमो, कांग्रेस, राजद को केवल परिवार और पैसे की चिंता रहती है। उन्होंने कहा कि झारखंड अलग राज्य भाजपा की देन है और जो विकास दिखता है वह भाजपा सरकारों ने किया है। उन्होंने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में अलग राज्य का सपना साकार हुआ। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, से गांव को शहर से जोड़ा गया। पुल पुलिया बनाकर आवागमन को सुलभ किया।

आज मोदी सरकार गांव, गरीब, किसान, आदिवासी दलित पिछड़े महिला युवा सभी को विकास की मुख्यधारा से जोड़ रही। पीएम आवास योजना, उज्जवला गैस योजना, उजाला योजना, जनधन खाता, आयुष्मान कार्ड, पीएम विश्वकर्मा योजना, किसान सम्मान निधि जैसे अनेक कल्याणकारी योजनाओं ने गांव गरीब का जीवन खुशहाल किया है। 80 करोड़ लोगो तक मुफ्त 5 किलो ग्राम राशन प्रति माह पहुंचाया जा रहा। विधायक सीपी सिंह ने कहा कि परिवारवादी पार्टियां देश और राज्य का भला नहीं कर सकती। ये भ्रष्टाचार के लिए सत्ता चाहती हैं, विकास के लिए नहीं।

### झामुमो एक बिकाऊ पार्टी है जिसने राज्य के आंदोलन को बेचा, झारखंड वाजपेयी की देन



## कृषि, पशुपालन और सहकारिता विभाग को हेमंत सरकार ने बना दिया लूट का चारागाह : रणधीर सिंह



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
पूर्व कृषि मंत्री एवं भाजपा नेता रणधीर सिंह ने प्रदेश की हेमंत सरकार पर हमला बोला है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि कृषि, पशुपालन और सहकारिता विभाग को हेमंत सरकार ने लूट का चारागाह बनाकर रख दिया है। सरकार द्वारा चार साल की उपलब्धियों का झूठा बखान किया जा रहा है। सरकार पूरी तरह फेल है। किसान और जनविरोधी इस सरकार का जाना ही राज्यहित में है। भाजपा नेता रणधीर सिंह पार्टी के प्रदेश कार्यालय में बुधवार को आयोजित प्रेस वार्ता में कहा कि कृषि, पशुपालन और सहकारिता विभाग के मामले में हेमंत सरकार के चार साल को देखा जाए तो पूर्व की रघुवर सरकार ने जो रोडमैप तैयार किया था इस सरकार ने कई योजनाओं को बंद कर दिया, तो कई का स्वरूप बदलने का काम किया गया। रघुवर दास की सरकार में चालू कृषि आशीर्वाद योजना के तहत 5000 से लेकर 25000 रुपये सीधे किसानों के खाते में पैसे जा रहे थे, हेमंत सरकार आई तो सबसे पहले बंद किया गया।

**हेमंत सरकार की नीति और नीयत कुछ भी स्पष्ट नहीं : अनंत ओझा**
मौके पर मुख्य सचेतक सह राजमहल के विधायक अनंत ओझा ने कहा कि सरकार कृषि के क्षेत्र में कुल बजट का मात्र 28 प्रतिशत ही खर्च कर पाई है। इस सरकार की नीति और नीयत कुछ भी स्पष्ट नहीं है। राज्य सरकार रोना रोती है कि केन्द्र सरकार द्वारा राज्य को राशि नहीं दी जाती है वहीं दूसरी ओर लिखित तौर पर स्वीकारती है कि वह केन्द्र सरकार द्वारा मिली हुई राशि को खर्च नहीं कर पाती है।


## व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें हमसे

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर आज से काम करने लगा है। जिसमें आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। नंबर है 82925 53444। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई होगी। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो संपर्क करें 8292373444 पर।


## संक्षिप्त खबरें

### राज्यपाल से मिले विधानसभा अध्यक्ष



**रांची।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से बुधवार को झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रबीन्द्र नाथ महतो ने राज भवन में भेंट की। दोनों ने एक-दूसरे को नव वर्ष की बधाई व शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर राज्यपाल महोदय को विधानसभा अध्यक्ष ने झारखंड विधानसभा की ओर से प्रकाशित डायरी व वार्षिक कैलेंडर भेंट की।

### बाबूलाल मरांडी ने की अपनी टीम की घोषणा, 44 पदाधिकारियों के नाम घोषित

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने अपनी नई टीम की घोषणा कर दी है। प्रदेश अध्यक्ष बनने के करीब साढ़े 6 महीने बाद बाबूलाल मरांडी ने अपनी कार्यसमिति की घोषणा की है। बाबूलाल की नई टीम में 44 पदाधिकारियों को शामिल किया गया है। इनमें 12 प्रदेश उपाध्यक्ष, 4 महामंत्री, 10 मंत्री, दो कोषाध्यक्ष, एक मीडिया प्रभारी, 2 सह मीडिया प्रभारी, 2 आईटी संयोजक, एक सोशल मीडिया प्रभारी और 9 प्रदेश प्रवक्ता रखे गये हैं। बाबूलाल की नई कार्यसमिति में अधिकांश पुराने चेहरे हैं, लेकिन कुछ नए नेताओं को भी जगह दी गई है। **प्रदेश उपाध्यक्ष** नीलकंठ सिंह मुंडा, राकेश प्रसाद, बालमुकुंद सहाय, भानू प्रताप शाही, विकास प्रीतम, जवाहर पासवान, लुईस मरांडी, बडकुंवर गगराई, अशोक भगत, कालीचरण सिंह और आरती कुजूर। **प्रदेश महामंत्री** आदित्य साहू, डॉ. प्रदीप वर्मा, मनोज सिंह एवं कर्मवीर सिंह (संगठन)। **प्रदेश मंत्री** गणेश मिश्रा, मुनेश्वर साहू, सरोज सिंह, नंदजी प्रसाद, दुर्गा मरांडी, सुनीता सिंह, मुन्ना मिश्रा, दिलीप वर्मा, मनोज वाजपेयी एवं सीमा पासवान। **प्रदेश प्रवक्ता** प्रतुल शाहदेव, राफिया नाज, कुणाल षाडंगी, रमाकांत महतो, अरूण उरांव, जेबी तुबिद, अमित मंडल, विनय सिंह और अविनेश कुमार। **प्रदेश कोषाध्यक्ष** दीपक बंका एवं मनीष जायसवाल। **प्रदेश कार्यालय मंत्री** हेमंत दास। **प्रदेश मीडिया प्रभारी** शिवपूजन पाठक। **प्रदेश सह मीडिया प्रभारी** योगेंद्र प्रताप सिंह एवं अशोक बड़ाईक। **प्रदेश आईटी संयोजक** विवेक विकास व अमर **प्रदेश सोशल मीडिया प्रभारी** राहुल अवस्थी को बनाया गया है।

### सैकड़ों ने ली भाजपा की सदस्यता

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री के समक्ष बुधवार को सैकड़ों की संख्या में कांग्रेस, झामुमो, राजद छोड़कर भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। प्रदेश अध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने पार्टी का पटका पहनाकर सभी का स्वागत एवम अभिनंदन किया। इस अवसर पर विधायक सीपी सिंह, प्रदेश प्रवक्ता सरोज सिंह भी उपस्थित रहे। सरोज सिंह ने ऑनलाइन सदस्यता दिलाई। कार्यक्रम का संचालन प्रदेश मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक ने धन्यवाद ज्ञापन लक्ष्मण राम ने किया। इस अवसर पर लातेहार भाजपा जिलाध्यक्ष एवम पूर्व विधायक हरिकृष्ण सिंह,भगत दयानंद यादव,ओमप्रकाश गुप्ता, पूर्व विधायक हीरा राम तूफानी भी उपस्थित थे। सदस्यता ग्रहण करने वालों में मनिका जिला परिषद सदस्य बलवंत सिंह,गारू प्रखंड की पूर्व जिला परिषद सदस्य शिल्पा कुमारी,मनिका की पूर्व प्रखंड प्रमुख गायत्री देवी एवम गढ़वा जिला कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवम कांग्रेस के पूर्व प्रदेश महासचिव अरविंद कुमार तूफानी के नेतृत्व में सैकड़ों शामिल हैं। बाबूलाल मरांडी ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने वालों को बधाई व शुभकामनाएं दी।

### झारखंड हाई कोर्ट में डीजीपी-सीएस ने कहा

## धीरेंद्र शास्त्री के कार्यक्रम में जुटेंगे दो लाख लोग, सुरक्षा बड़ी चुनौती




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
झारखंड हाई कोर्ट में बाबा बागेश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के कार्यक्रम मामले में बुधवार को सुनवाई हुई। इस सुनवाई में झारखंड के मुख्य सचिव और डीजीपी वर्चुअल मोड में हाजिर हुए। सुनवाई के दौरान पूरे मामले में दोनों पक्षों को सुनने के बाद हाई कोर्ट ने श्री हनुमंत कथा आयोजन समिति को दोबारा याचिका दायर करने को कहा। साथ ही दोनों अधिकारियों से हाई कोर्ट ने रिपोर्ट मांगी है। हाई कोर्ट के जस्टिस आनंद सेन की अदालत में सुनवाई हुई। धीरेंद्र शास्त्री उर्फ बाबा बागेश्वर का कार्यक्रम 10 से 15 फरवरी के बीच पलामू में तय था। बुधवार को हाई कोर्ट में सुनवाई के बाद यह कार्यक्रम लगभग रद्द माना जा रहा है। जिला प्रशासन ने पहले बाबा बागेश्वर का कार्यक्रम रद्द कर दिया था, जिसके बाद प्रशासन के फैसले को चुनौती दी गई है। प्रशासन की ओर से हाई कोर्ट में बताया गया कि कार्यक्रम में करीब दो लाख से अधिक श्रद्धालुओं की भीड़ जुटने की बात कही जा रही है। इतनी बड़ी भीड़ के लिए सीसीटीवी, पार्किंग, शौचालय उपलब्ध कराना एक बड़ी चुनौती होगी। प्रशासन का पक्ष सुनने के बाद हाई कोर्ट ने आयोजन समिति से कहा कि यदि आप कार्यक्रम की अनुमति के साथ श्रद्धालुओं के लिए सुविधाओं की मांग कर रहे हैं तो पूरी सूची के साथ नई याचिका दाखिल करें। हाई कोर्ट ने गुरुवार दोपहर 12 बजे तक याचिका दाखिल करने का समय दिया है। पलामू में बाबा बागेश्वर के कार्यक्रम को लेकर श्री हनुमंत कथा आयोजन समिति हाई कोर्ट गयी है। आयोजन को लेकर पिछले कई दिनों से हाई कोर्ट में सुनवाई चल रही है। दिसंबर के पहले सप्ताह में बाबा बागेश्वर का कार्यक्रम पलामू के खनवा में आयोजित होना था। शुरूआत में जिला प्रशासन ने अनुमति दे दी थी। बाद में पर्यावरण को नुकसान का हवाला देते हुए अनुमति रद्द कर दी गई। बाद में आयोजन समिति ने कार्यक्रम स्थल बदलकर चैनपुर के ओडनार कर दिया, जहां बाबा बागेश्वर का कार्यक्रम 10 से 15 फरवरी तक निर्धारित किया गया।

## सुखाड़ राहत के लिए मिले 45 लाख आवेदन

### सीएम पशुधन योजना में अब तक 10 लाख से ज्यादा लाभुकों को अनुदान की राशि दी गई

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के सचिव अबू बकर सिद्दीकी ने बुधवार को बताया कि मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना में अब तक कुल 45 लाख 45 हजार से ज्यादा आवेदन प्राप्त हुए हैं। इसमें अब तक 13 लाख 94 हजार से ज्यादा सत्यापित लाभुकों को 478 करोड़ रुपये वितरित किए गए हैं। राज्य में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 438 नोडल लैंप्स-पैक्स को 8.8 लाख रुपये की कार्यशील पूंजी प्रदान की गई है।

**उत्कृष्ट कार्य करने वाले 438 नोडल लैंप्स-पैक्स को 8.8 लाख की कार्यशील पूंजी दी गई**

मुख्यमंत्री पशुधन योजना में अब तक 10 लाख से ज्यादा लाभुकों को अनुदान की राशि दी गई है। राज्य में 5454 तालाब का जीर्णोद्धार और 8081 परकोलेशन टैंक के साथ 3513 डीप बोरिंग की गई हैं जबकि 17320 पंपसेट का वितरण किया गया है। साथ ही 1784 किसानों और स्वयं सहायता समूहों को मिनी ट्रैक्टर और पावर ट्रेलर वितरित किए गए हैं। किसानों के सहयोग के लिए 24 घंटे कॉल सेंटर के साथ किसान हेल्पलाइन की शुरूआत की गई है। राज्य में 25 कोल्ड स्टोरेज का निर्माण पूरा करने की पहल की जा रही है। मछली उत्पादन में 3.30 लाख टन के लक्ष्य के विरुद्ध 2.95 लाख टन उत्पादन हुआ है जबकि 2018-19 में यह उत्पादन 2 लाख टन से कम था। बंद पड़े कोयला खदानों में केज कल्चर की शुरूआत की गई है।

## 25 बीडीओ का तबादला, अधिसूचना जारी

**रांची।** राज्य के 25 प्रखंड विकास पदाधिकारी का तबादला किया गया है। कार्मिक प्रशासनिक सुधार और राजभाषा विभाग ने ग्रामीण विकास विभाग के अंतर्गत आने वाले 25 बीडीओ का तबादला किया है।

**तबादले की सूची इस प्रकार है**

**अदिति गुप्ता** को प्रखंड विकास पदाधिकार, नगर उंटारी, गढ़वा।
**सुमित कु मिश्रा,** बीडीओ, खूंटपानी, प सिंहभूम
**सावित्री कुमारी,** बीडीओ केतार, गढ़वा
**अभिनव कुमार,** बीडीओ, डंडा, गढ़वा
**आशीष कुमार साहू,** बीडीओ, छतरपुर, पलामू
**भोला पांडेय,** बीडीओ, डोमचांच, कोडरमा
**आशा साहू,** बीडीओ, उंटारी रोड़, पलामू
**विवेक कुमार,** बीडीओ, कुन्दा, चतरा
**अमृता सिंह,** बीडीओ पूर्वी टुंडी, धनबाद
**विजय कु मंडल,** बीडीओ, ठाकुरगंगटी, गोड्डा
**सौरभ कुमार,** बीडीओ, सतगांव, कोडरमा
**रितीक कुमार,** बीडीओ, गुदड़ी, पश्चिमी सिंहभूम
**सौरभ कुमार,** बीडीओ, रामगढ़, पलामू
**गौरव कुमार राय,** बीडीओ, काठीकुंड, दुमका
**विश्व प्रताप मालवा,** बीडीओ, हैदरनगर, पलामू
**अमित कु पासवान,** बीडीओ, बड़गड़, गढ़वा
**शशि संदीप सोरेन,** बीडीओ, परमवीर अलबर्ट एक्का, गुमला
**बरूण कुमार,** बीडीओ, तरहसी, पलामू
**सोनाराम हांसदा,** बीडीओ, बांसजोर, सिमडेगा
**गौतम कुमार मोदी,** बीडीओ,नौडीहा बाजार, पलामू
**अरूण कुमार मुंडा,** बीडीओ,पांकी, पलामू
**नूतन मिंज,** बीडीओ, पाकड़टाड़, सिमडेगा
**आरती मुंडा,** बीडीओ, चाकुलिया, पूर्वी सिंहभूम
**संदीप कुमार,** बीडीओ, विश्रामपुर, पलामू
**विजय कुमार,** बीडीओ, कांके, रांची

## राज्य के सभी मंदिरों में हो धार्मिक आयोजन : विहिप

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
श्रीरामजन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर झारखंड प्रांत के प्रत्येक गांव में उल्लास का वातावरण बना हुआ है। विश्व हिंदू परिषद के प्रांत मंत्री डॉ वीरेंद्र साहू ने बुधवार को बताया कि विश्व हिंदू परिषद के सभी कार्यकर्ता 17 जनवरी से 20 जनवरी के बीच प्रखंड बैठक कर राज्य के सभी गांव के प्रत्येक मंदिरों में धार्मिक अनुष्ठान, आरती, महाप्रसाद, मंदिर सहित घर-घर में दीपोत्सव कार्यक्रम करने के लिए साफ-सफाई के साथ-साथ कार्यक्रम की भव्यता के लिए स्थानीय लोगों का सहयोग करेंगे। डॉ साहू ने कहा प्रत्येक कार्यकर्ता अपने-अपने निकटतम क्षेत्र के एक मंदिर की व्यवस्था में सहयोग करेंगे।

उन्होंने कहा विश्व हिंदू परिषद सहित संघ के सभी अनुषांगिक संगठनों के सहयोग से 22 जनवरी का कार्यक्रम ऐतिहासिक होगा।

## 'कुपोषित बच्चों की पहचान व उपचार में तेजी लाएं'



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
महिला बाल विकास समाज कल्याण विभाग की दो दिवसीय समीक्षा सह उन्मुखीकरण कार्यशाला का शुभारंभ बुधवार को किया गया। कार्यशाला में राज्य के 12 जिलों में समर अभियान कार्यक्रम के क्रियान्वयन की समीक्षा की गयी। विभाग की महानिदेशक राजेश्वरी बी ने जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, महिला पर्यवेक्षिका एवं मेडिकल पदाधिरियों को कुपोषित बच्चों की पहचान और उपचार कार्य में तेजी लाने निर्देश दिया। समाज कल्याण निदेशक शशि प्रकाश झा ने समय पर कुपोषित बच्चों की पहचान एवं उपचार पर जोर देने की बात कही। उन्होंने टीएचआर वितरण, आवश्यक दवाइयों की उपलब्धता तथा अति गंभीर कुपोषित बच्चों को समर कार्यक्रम के तहत ससमय डिजिटल प्लेटफार्म पर तय मानक पर उपचार एवं परामर्श-सुविधा पर जानकारी दी। उन्होंने बताया कि समर कार्यक्रम के तहत अबतक 25 हजार से अधिक चिन्हित अति गंभीर कुपोषित बच्चों को आंगनबाड़ी स्तर पर एसटीएस से सफल प्रबंधन कर उपचार किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि समर कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए विभिन्न विभागों का सहयोग लिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि दो दिवसीय प्रशिक्षण के दौरान छह माह से छोटे शिशुओं का प्रबंधन सहित समर अभियान के विभिन्न अवयवों पर यूनिसेफ, एससीओई, रिम्स द्वारा तकनीकि प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा।

## पृष्ठ एक के शेष

**कैबिनेट सचिव ने ईडी...**
कैबिनेट सचिव वंदना दादेल ने पत्र में झारखंड सरकार की नौ जनवरी को हुई कैबिनेट की बैठक में लिये गये निर्णय से ईडी को अवगत कराया था। बताते चलें कि मनरेगा, अवैध पत्थर खनन और दस्तावेज में हेराफेरी कर जमीन की खरीद बिक्री में हुए मनी लॉन्ड्रिंग मामले में सीनियर आईएएस पूजा सिंघल, रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन समेत कई कारोबारी और जमीन माफिया होटवार जेल में बंद हैं।

**धनबाद के 9 कोयला कारोबारियों के...**
करोड़ रुपये कैश मिले हैं। टीम ने कोयला कारोबारी दीपक पोद्दार, अनिल खेमका, राजेंद्र कुमार, रमेश अग्रवाल, साबिर आलम, राणा रंजीत सिंह, पिंटू अग्रवाल,अनिल कुमार और रवि रवानी के ठिकानों पर दबिश दी है। इनके कार्यालय, आवास और संबंधित ठिकाने आयकर टीम के निशाने पर रहे। टीम में आईटी के करीब 170 अधिकारी व 250 सीआरपीएफ के जवान लगे हैं। इनमें धनबाद के अलावा बाहर की भी टीमें शामिल हैं। बुधवार को अहले सुबह हुई इस छापेमारी से कोयलांचल के कोयला कारोबारियों में हड़कंप मच गया। धनबाद में देर रात तक मोबाइल घनघनाते रहे। चर्चा है कि इन कोयला कारोबारियों के ठिकानों पर छापेमारी हजारीबाग में ईडी के हत्थे चढ़े कोयला कारोबारी इजहार अंसारी से पूछताछ के बाद मिले सुराग के आधार पर की गयी है।

**पलामू में एक हजार मंदिरों में एक साथ होगा...**
परिषद द्वारा इस कार्यक्रम की व्यापक तैयारी की गयी है। विहिप के जिला मंत्री दामोदर मिश्र ने बताया कि जिले के एक हजार मंदिरों के प्रमुख संचालकों से संपर्क स्थापित कर लिया गया है। सभी ने अपनी सहमति भी दे दी है। विहिप ने 22 जनवरी को प्राण-प्रतिष्ठा के दिन सड़कों पर कोई भी कार्यक्रम नहीं आयोजित करने का निर्णय लिया है। सारे कार्यक्रम मंदिर परिसर में ही होंगे। इसके साथ ही रिहायशी इलाकों में भी नागरिकों द्वारा अपने-अपने आवासों में भजन-कीर्तन करने की तैयारी शुरू कर दी गयी है।

**हर नाम में राम, हर प्राण में राम...**
श्वास में तो साक्षात राम का वास ही है। ऐसे में जब हर नाम में राम हैं। हर प्राण में राम हैं। हर सांस में राम हैं। घट-घट में राम हैं तो कोई खुद को श्रीराम से विलग कर ही नहीं सकता। गोस्वामी तुलसीदास कृत श्रीराम चरित मानस के हर चौपाईयों में राम हैं। यहां तक कि गुरु ग्रंथ साहब में 5500 बार राम नाम का उल्लेख है। राम नाम संपूर्ण सृष्टि का मूल है। वरिष्ठ कांग्रेस नेता मेदिनीनगर निवासी दीनानाथ तिवारी ने कहा कि राम शब्द का न तो कोई आदि है और न ही कोई अंत। हर युग में राम सार्वभौमिक रूप से विराजमान हैं। वे सर्वव्यापी हैं। सर्वेश्वर हैं। वे हर स्थान पर स्थापित हैं। ऐसे में राम नाम को किसी भी स्थिति में किसी को भी राजनीति का विषय नहीं बनाना चाहिये।

**जगन्नाथ मंदिर हेरिटेज...**
अन्य छोटे धामों को भी आमंत्रित किया गया। मंदिर प्रशासन ने नेपाल के राजा को भी निमंत्रण भेजा गया था। प्रोजेक्ट के तहत मंदिर से लगे बाहरी दीवार (मेघनाद पचेरी) के चारों तरफ 75 मीटर चौड़ा गलियारा बनाया गया है। मंदिर के चारों ओर 2 किलोमीटर में श्रीमंदिर परिक्रमा पथ का निर्माण किया गया है। यहां से श्रद्धालु मंदिर का सीधे दर्शन कर सकेंगे। दिसंबर 2019 में शुरू हुए प्रोजेक्ट के तहत बने रिसेप्शन सेंटर में 6 हजार भक्त एक साथ खड़े हो सकेंगे। यहां 4 हजार परिवारों के लिए सामान रखने के लिए लॉकर रूम, शेल्टर पवेलियन, मल्टीलेवल कार पार्किंग, पुलिस और फायर ब्रिगेड और इमरजेंसी के लिए शटल बस की सुविधा दी गई है। उद्घाटन के लिए दो दिन पहले यहां महायज्ञ शुरू हुआ। बुधवार को पूर्णाहूति के साथ इसे विधिवत श्रद्धालुओं के लिए खोल दिया गया है।

### राज्यपाल ने वीर पांडेय गणपत राय को जयंती पर किया नमन



**रांची।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने सिपाही विद्रोह के नायक झारखंड के वीर सपूत पांडेय गणपत राय की जयंती पर कोटि-कोटि नमन किया है। राज्यपाल ने बुधवार को एक्स पर कहा कि राष्ट्रभक्ति, धर्मनिष्ठा और वीरता के प्रतीक, सिख धर्म के दसवें गुरु एवं खालसा पंथ के संस्थापक गुरु गोबिंद सिंह के प्रकाश पर्व पर शत-शत नमन किया है।

### प्रदेश कांग्रेस ने मनायी अमर शहीद पांडेय गणपत राय की जयंती

**रांची।** प्रदेश कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान में अमर शहीद पांडेय गणपत राय की जयंती रांची कांग्रेस भवन में बुधवार को मनाई गयी। मौके पर कांग्रेसजनों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। वक्ताओं ने देश को आजाद कराने में अमर शहीद पांडेय गणपत राय की भूमिका पर भी विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि इनके बलिदान को भुलाया नहीं जा सकता है। वे बचपन से ही कुशाग्र बुद्धि के थे तथा देश के प्रति उनके अंदर भक्ति का अंकुर बाल्यावस्था में ही फूट चुका था। वक्ताओं ने कहा कि अमर शहीद पांडेय गणपत राय कुशल रणनीतिकार थे। उनकी कुशाग्र बुद्धि ने 1857 की राज्य क्रांति को छोटा नागपुर पठार में एक ऊंचाई प्रदान की।

### शहीद पांडेय गणपत राय की भौरो गांव में मनायी गयी 215वीं जयंती

## लोहरदगा स्टेशन का नामकरण पांडेय गणपत राय किया जाये : समीर उरांव



**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
शहीद पांडेय गणपत राय स्मारक समिति ने भौरो गांव में शहीद पांडेय गणपत राय की 215 वी जयंती मनायी। इस अवसर समारोह स्थल पर जिला प्रशासन कि ओर से भव्य विकास व स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। मेला में हजारों की संख्या में ग्रामीण शामिल हुए। इस अवसर पर अतिथियों ने शहीद पांडेय गणपत राय की प्रतिमा पर मल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर ग्रामीण स्कूली बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। लोहरदगा के लोक कलाकारों के द्वारा शहीद पांडेय गणपत राय के जयंती पर कई गीत पेश किए गए। मुख्य अथिति भारतीय जनता पार्टी के राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश, राज्यसभा सांसद समीर उरांव, लोकसभा सांसद सुदर्शन भगत, भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय मंत्री डॉ आशा लकड़ा और गांव की मुखिया सुमंती देवी शामिल हुए। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में लोहरदगा डी सी बाघमारे प्रसाद कृष्ण, एस पी हरीश बिन जमा, डीडीसी दिलीप प्रसाद सिंह, बीडीओ रंजित सिन्हा, हिंडालको के जीएम सहित अन्य लोग उपस्थित थे। शहीद पाण्डेय गणपत राय स्मारक समिति भौरो लोहरदगा की अध्यक्ष डॉ वंदना राय और डॉ राजेश लाल ने सभी अतिथियों को स्वागत एवं अभिनंदन किया। मौके पर सांसद समीर उरांव ने कहा कि शहीद पांडेय गणपत राय ने देश की आजादी में महत्वपूर्ण योगदान दिया था। उन्होंने मांग किया कि लोहरदगा रेलवे स्टेशन का नामकरण शहीद पांडेय गणपत राय स्टेशन किया जाय। इस अवसर पर मुख्य रूप से शहीद गणपत राय स्मारक समिति के

### पूर्व विधायक संजीव सिंह के एम्स में इलाज पर मांगा जवाब

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट में पूर्व डिप्टी मेयर नीरज सिंह की हत्या के मामले में झरिया के पूर्व विधायक संजीव सिंह की जमानत याचिका की सुनवाई बुधवार को हुई। मामले में जस्टिस रंगन मुखोपाध्याय की कोर्ट ने राज्य सरकार को यह बताने को कहा है कि एम्स में संजीव सिंह का इलाज शुरू हुआ है या नहीं। यदि इसका जवाब नहीं आया तो आईजी जेल को कोर्ट में हाजिर होना होगा। कोर्ट ने मामले की सुनवाई गुरुवार को निर्धारित की है। याचिकाकर्ता संजीव सिंह ने बीमारी का हवाला देते हुए 30 दिन के प्रोविजनल बेल का आग्रह कोर्ट से किया है। कोर्ट को बताया गया था कि संजीव सिंह गंभीर रूप से बीमार हैं। नीरज सिंह की हत्या के मामले में पूर्व विधायक संजीव सिंह 11 अप्रैल, 2017 से जेल में बंद हैं। इससे पूर्व भी हाई कोर्ट से संजीव सिंह की जमानत याचिका खारिज हो चुकी है।

# आईसीसी की ओर से नियुक्त पहली महिला अंपायर बनी सू रेडफर्न

**एजेंसी। दुबई**

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के बीच आगामी आईसीसी महिला चैम्पियनशिप और टी20ई मुकाबलों के लिए सू रेडफर्न को अंपायर नियुक्त किया है। इसी के साथ रेडफर्न द्विपक्षीय श्रृंखला में आईसीसी द्वारा नियुक्त पहली महिला तटस्थ अंपायर बन जाएंगी।

रेडफर्न की नियुक्ति आईसीसी के सभी महिला चैम्पियनशिप श्रृंखला के साथ-साथ उनके साथ निर्धारित किसी भी टी20ई मैचों के लिए एक तटस्थ अंपायर नियुक्त करने के फैसले के बाद हुई है, जिससे महिला अंपायरों के दीर्घकालिक विकास को ध्यान में रखते हुए मैचों के संचालन में कुछ तटस्थता सुनिश्चित की जा सके। आईसीसी के क्रिकेट महाप्रबंधक वसीम खान इसे एक बड़े विकास के रूप में देखते हैं क्योंकि महिला अंपायरों के लिए अधिक अवसर खुलेंगे।

वसीम खान ने कहा यह महिला क्रिकेट के लिए एक ऐतिहासिक क्षण है क्योंकि हम महिला मैच अधिकारियों के मार्ग कार्यक्रम को लागू करने और अपने सबसे अच्छे प्रदर्शन करने वालों के लिए स्थानापन्न अवसरों में तेजी लाने पर विचार कर रहे हैं। निष्पक्ष नियुक्तियों से महिला अंपायरों को विभिन्न परिस्थितियों में अधिक अनुभव मिलेगा और उनके साथ अंपायरिंग करने वाली स्थानीय महिला अंपायरों के सीखने और विकास में सहायता मिलेगी। पिछले साल दक्षिण अफ्रीका में आईसीसी महिला टी20 विश्व कप में हमारे पास पहला पूर्ण महिला मैच अधिकारियों का पैनल था और इसलिए यह महत्वपूर्ण है कि हम विकास और उच्च गुणवत्ता वाले अवसरों के संयोजन के माध्यम से उस गति को बनाये रखें। अपनी नियुक्ति को लेकर रेडफर्न ने कहा आईसीसी द्वारा अपनी पहली आधिकारिक महिला तटस्थ अंपायर के रूप में नामित किया जाना सम्मान की बात है और मैं ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के बीच आगामी श्रृंखला को लेकर बहुत उत्साहित हूं। यह महिला क्रिकेट और महिला क्रिकेट अधिकारियों दोनों के लिए एक निर्णायक क्षण है, जिन्होंने कड़ी मेहनत की है और हाल के वर्षों में विकास के अवसर भी मिले हैं।



रेडफर्न जिन्होंने 1995 से 1999 के बीच इंग्लैंड के लिए छह टेस्ट और 15 एकदिवसीय मैच खेले, जिसमें भारत में 1997 विश्व कप में चार शामिल थे, 2016 से अंपायरों के आईसीसी विकास पैनल में हैं। उन्होंने दो आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप (2017 और 2022) और तीन आईसीसी महिला टी20 विश्व कप (2018, 2022 और 2024) में अंपायरिंग की है।

### ऑस्ट्रेलिया और द अफ्रीका के मैच जिसमें रेडफर्न अंपायरिंग करेंगी

**द्विपक्षीय टी-20आई श्रृंखला**

| | |
|---|---|
| पहला मैच | मनुका ओवल, कैनबरा, 27 जनवरी |
| दूसरा मैच | मनुका ओवल, कैनबरा, 28 जनवरी |
| तीसरा मैच | बेलेरिव ओवल, होबार्ट, 30 जनवरी |


**आईसीसी महिला चैंपियनशिप**

| | |
|---|---|
| पहला वनडे | एडिलेड ओवल, एडिलेड, 3 फरवरी |
| दूसरा वनडे | नॉर्थ सिडनी ओवल, सिडनी, 7 फरवरी |
| तीसरा वनडे | नॉर्थ सिडनी ओवल, सिडनी, 10 फरवरी |

## खबरें व्यापार जगत की

### वैश्विक दबाव में ध्वस्त हुआ शेयर बाजार
### निवेशकों को 4.53 लाख करोड़ का नुकसान

**एजेंसी। नई दिल्ली**



वैश्विक दबाव के कारण घरेलू शेयर बाजार आज जबरदस्त गिरावट का शिकार हो गया। आज दिन के ज्यादातर समय बिकवाली का दबाव बना रहा, जिसकी वजह से शेयर बाजार 2 प्रतिशत से अधिक टूट गया। आज के कारोबार में सेंसेक्स करीब 1,700 अंक तक टूटा। इसी तरह निफ्टी भी इंट्रा-डे में 480 अंक से अधिक लुढ़क गया। हालांकि आखिरी वक्त में हुई मामूली खरीदारी के सपोर्ट से दोनों सूचकांक निचले स्तर से मामूली रिकवरी करके बंद हुए। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 2.23 प्रतिशत और निफ्टी 2.09 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुए।

आज के कारोबार में मेटल, बैंकिंग और रियल्टी सेक्टर के शेयरों में सबसे अधिक बिकवाली होती रही। इसी तरह पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज, ऑटोमोबाइल, एफएमसीजी, इंफ्रास्ट्रक्चर, एनर्जी और फार्मास्यूटिकल इंडेक्स भी गिरावट के साथ बंद हुए। बाजार में लगातार हो रही बिकवाली के कारण बैंक इंडेक्स आज 4 प्रतिशत तक टूट गया। वहीं मेटल, ऑटोमोबाइल, रियल्टी और ऑयल एंड गैस इंडेक्स में 1 से लेकर 2 प्रतिशत तक की गिरावट दर्ज की गई। आज के कारोबार में आईटी को छोड़ कर सभी सेक्टोरल इंडेक्स लाल निशान में बंद हुए। ब्रॉडर मार्केट में भी आज लगातार दबाव बना रहा, जिसकी वजह से बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 1.09 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 0.90 प्रतिशत की कमजोरी के साथ आज के कारोबार का अंत किया।

### यात्रा वृद्धि से भारत में आतिथ्य नौकरियों में 50 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई : रिपोर्ट

**बेंगलुरु।** भारत में यात्रा में वृद्धि की वजह से दिसंबर 2022 और 2023 के बीच पर्यटन और आतिथ्य नौकरियों के लिए नियुक्तियों में 50 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। यह खुलासा बुधवार को जारी की गई रिपोर्ट में हुआ है। ग्लोबल हायरिंग और मैचिंग प्लेटफॉर्म इनडीड की रिपोर्ट से यह भी पता चला है कि पर्यटन और आतिथ्य उद्योग में ब्लू-कॉलर हायरिंग में कुल मिलाकर 8 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई है। यह वृद्धि न केवल महामारी के बाद उल्लेखनीय सुधार का संकेत देती है, बल्कि उभरते वैश्विक रुझानों के सामने नौकरी बाजार की अनुकूलनशीलता और लचीलेपन को रेखांकित करते हुए उद्योग के लिए एक आशाजनक भविष्य को भी दर्शाती है। विश्व यात्रा और पर्यटन परिषद (डब्ल्यूटीटीसी) के आर्थिक प्रभाव अनुसंधान ने भविष्यवाणी की है कि भारत विश्व स्तर पर यात्रा और पर्यटन उद्योग में तीसरा सबसे प्रभावशाली बाजार बन जायेगा।

### 2024 में नई नौकरी पर विचार कर रहे हैं 88 प्रतिशत भारतीय पेशेवर : रिपोर्ट

**नई दिल्ली।** एक ताजा रिपोर्ट में यह बात सामने आई है कि भारत में लगभग 10 में से नौ (88 प्रतिशत) पेशेवर आर्थिक अनिश्चितता के बावजूद 2024 में नई नौकरी पर विचार कर रहे हैं। पेशेवर नेटवर्किंग प्लेटफॉर्म लिंक्डइन के अनुसार, 2023 की तुलना में संख्या में चार प्रतिशत की (वर्ष-दर-वर्ष) वृद्धि हुई है। रिपोर्ट में कहा गया यह दृष्टिकोण में बदलाव का संकेत देता है, जहां पेशेवर अपने करियर के मालिक खुद हैं और अपने करियर विकास पर ध्यान केंद्रित करके खोए हुए समय की भरपाई करना चाहते हैं। 24 नवंबर, 2023 से 12 दिसंबर, 2023 के बीच पूरे भारत में फुल टाइम और पार्ट टाइम जॉब वाले 1,097 पेशेवरों का सर्वेक्षण किया गया। लिंक्डइन की करियर एक्सपर्ट और सीनियर मैनेजिंग एडिटर निरजिता बनर्जी ने कहा, अपनी नौकरी की तलाश में सफल होने के लिए, पेशेवरों के लिए यह आवश्यक है कि वे अपनी प्रोफाइल को बेहतर बनाने, अपने कौशल को उजागर करने और उद्योग के विकास के बारे में सूचित रहने के लिए टाइम दें। उन्होंने कहा इससे उन्हें मनचाही नौकरी पाने की संभावना बढ़ने में मदद मिलेगी और मजबूती के साथ करियर बनाने के लिए आवश्यक कौशल विकसित करने में मदद मिलेगी।

### सर्राफा बाजार में गिरावट का रुख
### सस्ता हुआ सोना, चांदी भी कमजोर

**नई दिल्ली।** लगातार दो दिन तक तेजी दिखाने के बाद बुधवार को देश का सरार्फा बाजार गिरावट का शिकार हो गया। सोने की कीमत में आज 100 से 150 रुपये प्रति 10 ग्राम तक की कमजोरी दर्ज की गई, जिसके कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में आज 24 कैरेट सोना 63,500 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर से नीचे गिर कर कारोबार कर रहा है। सोने की तरह ही चांदी की कीमत में भी आज गिरावट दर्ज की गई है। आज दिल्ली सरार्फा बाजार में चांदी 600 रुपये प्रति किलोग्राम की कमजोरी के साथ 75,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी सोने की कीमत में कमजोरी दर्ज की गई है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना आज 63,330 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इन तीनों शहरों के सरार्फा बाजारों में 22 कैरेट सोना 58,050 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

### जेएसडब्ल्यू एनर्जी तेलंगाना में 1500 मेगावाट का पंप स्टोरेज प्रोजेक्ट करेगी स्थापित

**हैदराबाद।** जेएसडब्ल्यू एनर्जी की सहायक कंपनी जेएसडब्ल्यू नियो एनर्जी ने 9,000 करोड़ रुपये के निवेश के साथ तेलंगाना में एक पंप स्टोरेज प्रोजेक्ट स्थापित करने की घोषणा की है। प्रस्तावित पंप स्टोरेज प्रोजेक्ट की ऊर्जा उत्पादन क्षमता 1,500 मेगावाट होगी। दावोस में विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) के वार्षिक सम्मेलन के मौके पर राज्य सरकार और जेएसडब्ल्यू नियो एनर्जी के बीच इस संबंध में एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गये। एक बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी, जेएसडब्ल्यू समूह के अध्यक्ष सज्जन जिंदल ने प्रोजेक्ट स्थापित करने की योजना की घोषणा की। मुंबई में मुख्यालय, जेएसडब्ल्यू एनर्जी एक एकीकृत बिजली कंपनी है जो थर्मल, हाइड्रो और सौर स्त्रोतों से बिजली का उत्पादन, संचार और व्यापार करती है। भारत में एक अग्रणी निजी क्षेत्र की बिजली कंपनी के रूप में, इसकी परिचालन क्षमता 4,559 मेगावाट है और यह देश की सबसे बड़ी स्वतंत्र हाइड्रो पावर उत्पादक (आईपीपी) है। बैठक के दौरान उद्योग और आईटीई एंड सी मंत्री डी श्रीधर बाबू, प्रमुख सचिव आईटीई एंड सी, आईएंडसी जयेश रंजन और विशेष सचिव, निवेश संवर्धन, विष्णु वर्धन रेड्डी भी उपस्थित थे।

### स्पाइसजेट विमान के शौचालय में यात्री फंसा रहा, डीजीसीए ने शुरू की जांच

**शौचालय में फंसने वाले यात्री को टिकट के पैसे वापस करेगी स्पाइसजेट**

**मुंबई/नई दिल्ली।** नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने मुंबई से बेंगलुरु जा रहे स्पाइसजेट के विमान में एक यात्री के शौचालय में फंसने की घटना की जांच शुरू कर दी है। उधर, स्पाइसजेट के प्रवक्ता ने बताया कि यह घटना मंगलवार को मुंबई से बेंगलुरु जा रहे विमान में शौचालय के दरवाजे का 'लॉक' खराब होने की वजह से हुई थी। यात्री को पूरी यात्रा के दौरान मदद मुहैया कराई गई थी। इसके साथ ही यात्री को टिकट के पूरे पैसे वापस किए जा रहे हैं। इस घटना के दौरान क्रू मेंबर ने टॉयलेट के दरवाजे के नीचे से एक नोट अंदर खिसकाया था, जिसमें लिखा गया था कि हम दरवाजा खोलने की पूरी कोशिश कर रहे है।

## अंडर-14 बालक-बालिका वर्ग फुटबॉल प्रतियोगिता में खेले गये चार मैच



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राज्य सरकार के स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग की मेजबानी में बुधवार को हुए 67वीं राष्ट्रीय स्कूली खेल प्रतियोगिता 2023-24 के अंतर्गत अंडर-14 बालक-बालिका वर्ग फुटबॉल प्रतियोगिता में कुल चार मैच खेले गए। प्रतियोगिता का आयोजन रांची के खेलगांव स्थित बिरसा मुंडा एथलेटिक्स स्टेडियम के अलावा मोरहाबादी के मंदिर मैदान और फुटबॉल स्टेडियम में हुआ।

पहला मैच तेलंगाना बनाम विद्याभारती के बीच संपन्न हुआ, जिसमें विद्याभारती की टीम ने तेलंगाना को 1-0 से पराजित किया। दूसरा मैच छत्तीसगढ़ और तमिलनाडु की बालिका टीम के बीच हुआ। इसमें तमिलनाडु की बालिका टीम ने छत्तीसगढ़ की टीम को 5-0 से पराजित किया। तीसरा मैच महाराष्ट्र बनाम विद्याभारती के बीच हुआ। इस मैच में महाराष्ट्र की टीम ने विद्याभारती की टीम को 8-0 के बड़े अंतर से पराजित किया।

केरल और छत्तीसगढ़ के बीच हुए मुकाबले में केरल ने दो गोल कर जीत अपने नाम की जबकि एक गोल कर छत्तीसगढ़ रनरअप रहा। आज का अंतिम मैच महाराष्ट्र और आंध्रा प्रदेश के बीच हुआ। इस मैच में महाराष्ट्र की टीम ने आंध्रा प्रदेश को 3-0 से पराजित किया।

# खेल मंत्री ने राष्ट्रीय स्कूल खेल प्रतियोगिता का किया उद्घाटन

**एजेंसी। रांची**

राज्य के खेल मंत्री हफीजुल हसन ने बुधवार को होटवार स्थित बिरसा मुंडा एथलेटिक्स स्टेडियम में 67वीं राष्ट्रीय स्कूल खेल प्रतियोगिता (एसजीएफआई) का उद्घाटन किया। उन्होंने स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग की ओर से आयोजित इस प्रतियोगिता को झारखंड के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया।

उन्होंने कहा कि यह बहुत खुशी की बात है कि फुटबॉल, कबड्डी, वुशु, स्केटिंग सहित पांच खेलों की मेजबानी झारखंड कर रहा है। अभी झारखंड में ओलंपिक क्वालिफायर भी चल रहा है। यहां लगातार कई खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं। इसमें मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की विशेष पहल और रुचि है। पहले यहां के

### प्रतियोगिता का होना झारखंड के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि : हफीजुल हसन



स्कूलों में खेल प्रतियोगिता होती थी। खेल उपकरणों के लिए मदद मिलती थी जो किसी कारण से बंद हो गयी थी। अब फिर से स्कूलों में भी खेल प्रतियोगिताओं को बढ़ावा दिया जा रहा है। स्कूलों को 5000-8500 रुपये तक खेल उपकरणों की खरीद के लिए मिल रहे हैं। अब एसजीएफआई के आयोजन के जरिये यहां के भी बच्चे अपनी प्रतिभा राष्ट्रीय स्तर पर दिखलाएंगे। खेल निदेशक सुशांत गौरव ने एसजीएफआई को एक भारत, श्रेष्ठ भारत का समन्वय बताया। उन्होंने कहा कि 19 फरवरी तक चलने वाली इस खेल प्रतियोगिता के जरिये यहां सब एक दूसरे की संस्कृति, विरासत से भी परिचित होंगे। स्कूली लेवल पर खेल रहे बच्चों के लिए एसजीएफआई एक बड़ा महत्वपूर्ण प्लेटफार्म है। सब यहां खेल भावना के साथ खेलें। एसजीएफआई के खेल इवेंट्स शुरू किए जाने से पूर्व भारतीय लोक कल्याण संस्थान, रांची के कलाकारों ने सांस्कृतिक प्रस्तुति दी। अलग-अलग राज्यों की टीमों ने मार्च पास्ट किया। रंगीन गुब्बारे छोड़े गए। इस मौके पर खेल निदेशक सुशांत गौरव, माध्यमिक शिक्षा निदेशक सुनील कुमार, झारखंड शिक्षा परियोजना की परियोजना निदेशक किरण कुमारी पासी, जेईपीसी के प्रशासनिक पदाधिकारी जयंत मिश्रा, आयोजन सचिव धीरसेन ए सोरेंग, झारखंड ओलंपिक संघ के शिवेंद्र दुबे, झारखंड फुटबॉल संघ के महासचिव गुलाम रब्बानी, सहित अन्य भी उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि रांची में पहली बार आयोजित एसजीएफआई में देशभर के स्कूलों की चयनित टीम भाग ले रही है। लड़कों की 31 और लड़कियों की 25 टीमें है।

## इंग्लैंड को उम्मीद है कि आर्चर जून में टी20 विश्व कप खेलेंगे : रॉब



**लंदन।** इंग्लैंड पुरुष टीम के प्रबंध निदेशक रॉब की को उम्मीद है कि तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर 2024 पुरुष टी20 विश्व कप में खेलने के लिए उपलब्ध होंगे, जो 1-29 जून तक यूएसए और वेस्टइंडीज में होगा। आईपीएल 2023 में मुंबई इंडियंस के लिए खेलते हुए लंबे समय तक दाहिनी कोहनी की चोट से पीड़ित होने के बाद आर्चर पिछले साल मई से प्रतिस्पर्धी क्रिकेट से बाहर हैं। आर्चर को पिछले साल दिसंबर में वेस्टइंडीज के सफेद गेंद दौरे के दौरान इंग्लैंड टीम के साथ प्रशिक्षण लेते देखा गया था।

## झारखंड बालक व बालिका मलखंब टीम तिरची, तमिलनाडू रवाना



**एजेंसी। रांची**

खेलों इंडिया यूथ गेम्स में भाग लेने के लिए झारखंड की बालक और बालिका मलखंब टीम हटिया रेलवे स्टेशन से तमिलनाडू के तिरची के लिए रवाना हुई। खेलों इंडिया यूथ गेम्स तमिलनाडू के चार शहरों में आयोजित हो रही है। इसी के तहत मलखंब प्रतियोगिता तिरची इंडोर हॉल, डिस्ट्रिक्ट स्पोर्ट्स कंपलेक्स तिरची में 21 से 24 जनवरी तक आयोजित की जाएगी। यहां झारखंड मलखंब टीम को 19 जनवरी को रिपोर्ट करना है। झारखंड बालक टीम पिंटू कुमार (कप्तान), रणबीर कुमार दास (उपकप्तान), आदित्य कच्छप, संजू मिंज, सोमनाथ दत्ता, आर्यन कुमार, प्रशिक्षक निखिल कुमार है। झारखंड बालिका टीम में लवली कुमारी (कप्तान), हंसिका कुमारी (उपकप्तान), अन्नू कुमारी, अमिका कुमारी, निधि कुमारी, दिया दत्ता, प्रशिक्षक सह टीम प्रबंधक प्रीति रानी होंगी। यह जानकारी झारखंड राज्य मलखंब एसोसिएशन के महासचिव अजय झा ने दी।

# भारत-जर्मन चुनौती के लिए तैयार

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भारतीय महिला हॉकी टीम अपने अंतिम पूल बी मैच में इटली पर 5-1 से जीत के बाद रांची में एफआईएच हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर के सेमीफाइनल में जर्मनी से भिड़ने के लिए पूरी तरह तैयार है। सेमीफाइनल में जीत भारतीय टीम का पेरिस ओलंपिक 2024 के लिए क्वालिफिकेशन सुनिश्चित कर देगी।

भारतीय टीम ने ग्रुप चरण में अपने पहले मैच में यूएसए से 0-1 की हार के साथ बैकफुट पर शुरूआत की, लेकिन इसके बाद जोरदार वापसी करते हुए अपने दूसरे गेम में न्यूजीलैंड को 3-1 से हरा दिया। उन्होंने इटली के खिलाफ अपने अंतिम ग्रुप स्टेज गेम में अपना अच्छा प्रदर्शन जारी रखा और आसानी से 5-1 से मैच जीत लिया। पहले मैच में हार के बाद लगातार जीत के बाद भारतीय टीम आत्मविश्वास के साथ

### आज सेमीफाइनल में भारत का सामना जर्मनी से होगा



सेमीफाइनल में उतरेगी।

बेहद अहम सेमीफाइनल मैच से पहले भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान सविता ने कहा हम पहले ही कई बार जर्मनी से खेल चुके हैं और अच्छा प्रदर्शन किया है। एक टीम के रूप में हमें अपनी क्षमताओं पर भरोसा है। हमारा आक्रामक खेल काफी अच्छा है। जर्मनी एक अच्छी टीम है इसलिए हमें अपनी रक्षापंक्ति में शीर्ष पर रहना होगा और जो भी मौका मिले उसे भुनाने की कोशिश करनी होगी।

विश्व में छठे स्थान पर मौजूद भारतीय महिला हॉकी टीम सेमीफाइनल में पांचवें स्थान पर मौजूद जर्मनी से भिड़ेगी और जीत के साथ ओलंपिक में जगह पक्की करने की उम्मीद करेगी। जर्मनी टूनार्मेंट में सर्वोच्च रैंक वाली टीम होने और जर्मनों के साथ भारत का आमने-सामने का रिकॉर्ड बहुत अनुकूल नहीं होने के बावजूद, भारतीय टीम 2021-22 एफआईएच हॉकी में अपने समकक्षों पर अपनी कड़ी जीत से प्रेरणा लेना चाहेगी। प्रो लीग मार्च 2022 में भुवनेश्वर में खेला गया था। भारतीय महिला हॉकी टीम के मुख्य कोच जेनेके शोपमैन ने कहा जर्मनी के पास बहुत सारे अच्छे खिलाड़ी हैं लेकिन हमारे पास एक गुणवत्तापूर्ण टीम है जिसने दिखाया है कि वे दबाव में अच्छा प्रदर्शन कर सकते हैं। हम सेमी-फाइनल को फाइनल की तरह मानेंगे और अपना सब कुछ लगा देंगे।

# अक्षर, यशस्वी ने टी20 में हासिल की करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग

**एजेंसी। दुबई**

अफगानिस्तान के खिलाफ पहले दो टी-20 मैचों में शानदार प्रदर्शन करने के बाद अक्षर पटेल 12 पायदान आगे बढ़कर गेंदबाजों की आईसीसी टी-20 रैंकिंग में करियर के सर्वश्रेष्ठ पांचवें स्थान पर पहुंच गए हैं। अक्षर के अलावा अफगानिस्तान के खिलाफ श्रृंखला में मजबूत प्रदर्शन के बाद भारत के कई खिलाड़ियों ने टी-20 रैंकिंग में महत्वपूर्ण प्रगति की है।





पटेल ने तीन मैचों की श्रृंखला के पहले दो टी-20 मैचों में4 विकेट लिए, जिससे वह बुधवार को नवीनतम साप्ताहिक रैंकिंग अपडेट के बाद ऑलराउंडरों में दो स्थान ऊपर उठकर 16वें स्थान पर पहुंच गए हैं। इसमें मंगलवार तक पूरे हुए सभी मैचों को ध्यान में रखा गया है। इंदौर में पहले टी20 में सलामी बल्लेबाज यशस्वी जयसवाल की 34 गेंदों में 68 रन की पारी ने उन्हें सात पायदान ऊपर उठाकर करियर के सर्वश्रेष्ठ छठे स्थान पर पहुंचा दिया है, जबकि बाएं हाथ के अन्य बल्लेबाज शिवम दुबे की 60 और 63 रनों की लगातार नाबाद पारियों ने उन्हें 265 वें से 58 वें स्थान पर पहुंचने में मदद की है।

रैंकिंग में आगे बढ़ने वाले एक अन्य खिलाड़ी न्यूजीलैंड के फिन एलन हैं, जिनकी पाकिस्तान के खिलाफ 15 गेंदों में 34 और 41 गेंदों 74 रन की दो पारियों ने 11 स्थान ऊपर उठाकर 16वें स्थान पर पहुंचा दिया। उनके टीम साथी टिम साउथी, जिन्होंने पहले दो मैचों में छह विकेट लिए थे, गेंदबाजों की सूची में आठ स्थान ऊपर 18वें स्थान पर हैं।

शुबमन गिल (बल्लेबाजों में सात पायदान ऊपर 60वें स्थान पर), तिलक वर्मा (बल्लेबाजों में तीन पायदान ऊपर संयुक्त 61वें स्थान पर) और अर्शदीप सिंह (गेंदबाजों में चार पायदान ऊपर 21वें स्थान पर) आगे बढ़ने वाले अन्य भारतीय खिलाड़ी हैं, जबकि नजीबुल्लाह जादरान (ऊपर) एक पायदान ऊपर 46वें) और मोहम्मद नबी (दो पायदान ऊपर 54वें) बल्लेबाजी रैंकिंग में आगे बढ़ने वाले अफगानिस्तान के खिलाड़ी हैं। पाकिस्तान के स्टार बल्लेबाज बाबर आजम न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले दो मैचों में लगातार अर्धशतक बनाने के बाद एक स्थान ऊपर चौथे स्थान पर हैं, जबकि फखर जमान 14 स्थान ऊपर 81वें स्थान पर हैं। डेरिल मिशेल (नौ स्थान ऊपर 37वें स्थान पर) और केन विलियमसन (13 स्थान ऊपर 59वें स्थान पर) आगे बढ़ने वाले अन्य कीवी बल्लेबाज हैं। गेंदबाजी रैंकिंग में श्रीलंका के स्पिनर वानिंदु हसरंगा और महेश थीक्षाना क्रमशः एक और दो स्थान ऊपर चढ़कर संयुक्त तीसरे स्थान पर हैं। पाकिस्तान के तेज गेंदबाज हारिस रऊफ दो मैचों में पांच विकेट लेकर दो स्थान ऊपर चढ़कर संयुक्त 14वें स्थान पर पहुंच गये हैं।

## चोट के ब्रेक ने मुझे एक बेहतर खिलाड़ी बना दिया : सुमित नांगल



**नई दिल्ली।** भारतीय टेनिस खिलाड़ी सुमित नांगल ने मंगलवार को ऑस्ट्रेलियन ओपन का पहला राउंड जीता और 1989 में रमेश कृष्णन के बाद ग्रैंड स्लैम में किसी वरीयता प्राप्त खिलाड़ी को हराने वाले पहले भारतीय पुरुष खिलाड़ी बन गये।

## थाई जोड़ी से हारकर अश्विनी-तनीषा बाहर

**एजेंसी। नई दिल्ली**

अश्विनी पोनप्पा और तनीषा क्रैस्टो की भारतीय महिला युगल जोड़ी को बीडब्ल्यूएफ सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट इंडिया ओपन से जल्दी बाहर होना पड़ा। बुधवार को यहां केडी जाधव इंडोर हॉल में जोंगकोलफान कितिथाराकुल और राविंडा प्राजोंगजई की थाई जोड़ी के खिलाफ इस जोड़ी को 5-21, 21-18, 11-21 से हार का सामना करना पड़ा। दुनिया नं 20 भारतीय जोड़ी शानदार शुरूआत करने में

**इंडिया ओपन**



विफल रही और उनके थाई समकक्षों ने शुरूआत से ही पूरा दबदबा बनाए रखा और तेजी से 8-0 की बढ़त बना ली हालांकि अश्विनी-तनीषा बीच-बीच में कुछ अंक हासिल करने में सफल रहीं।

# बिहार क्रिकेट एसोसिएशन ने लखन राजा को 6 साल के लिए किया निलंबित

**एजेंसी। पटना**

बिहार क्रिकेट एसोसिएशन (बीसीए) ने क्रिकेटर लखन राजा को बिहार बनाम मुंबई रणजी ट्रॉफी मैच की पूर्व संध्या पर अपने पिता आदित्य प्रकाश वर्मा के साथ एसोसिएशन विरोधी गतिविधियों में शामिल होने के लिए छह साल के लिए निष्कासित कर दिया है। 5 जनवरी को मुंबई के खिलाफ रणजी ट्रॉफी मैच के लिए बीसीए के पूर्व सचिव अमित कुमार ने एक अलग टीम की घोषणा की, जो बीसीए द्वारा अधिकृत नहीं थी।

घटना के बाद बीसीए द्वारा अधिकृत नहीं किए गए खिलाड़ियों की दूसरी सूची में शामिल सभी खिलाड़ियों और सहयोगी स्टॉफ को अवैध/एसोसिएशन विरोधी गतिविधियों में शामिल होने के कारण बताने के लिए कारण बताओ नोटिस दिया गया था। बिहार क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष राकेश तिवारी ने कहा बीसीए प्रबंधन समिति के सदस्यों के निर्णय के आलोक में लखन राजा पिछले दिनों से लेकर हाल के घटनाक्रमों तक और बीसीए पर प्रकाशित अधिसूचना के बावजूद अपने पिता आदित्य प्रकाश वर्मा के साथ अनुशासनहीनता और संघ विरोधी गतिविधियों में शामिल रहे हैं। बिहार क्रिकेट एसोसिएशन (बीसीए) ने एक बयान में कहा 4 जनवरी 2024 को वेबसाइट को 5 जनवरी 2024 को मोइन उल हक स्टेडियम में हुई घटना में शामिल होने के कारण बिहार क्रिकेट एसोसिएशन से छह साल के लिए निष्कासित कर दिया गया है।

हम क्रिकेट/अनुशासन की भावना के खिलाफ किसी भी दुर्व्यवहार या गतिविधियों को बर्दाश्त नहीं करेंगे। इसमें शामिल लोगों को निलंबित करके, हम बिहार क्रिकेट को निष्पक्ष और एकजुट रखने के लिए मजबूती से खड़े हैं। हम बिहार में खेल की अखंडता को बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं।